दैनिक **नवप्रदेश**

आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर

3 राजधानी — विवेकानंद की स्मृति में बनेगा अंतर्राष्ट्रीय...

4 अभिव्यक्ति — ऐसे थे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी...

9 मनोरंजन/व्यापार — कंगना रनौत को लेकर फिल्म बनाना चाहते...

11 खेल — सुपर ओवर में रोहित के दो छक्के...

www.navpradesh.com

रायपुर, गुरूवार 30 जनवरी 2020, माघ शुक्ल पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-346 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कागज को लेकर कोहराम मचा हुआ है। सरकार ने अभी तक किसी से कागज मांगे भी नहीं है लेकिन भाई लोग नारे लगा रहे है- ले के रहेंगे कागज से आजादी। सरकार का कहना है कागज तो दिखाना पड़ेगा, ये देश है, कोई सराय नहीं जो कोई भी यहां रहे और इसे अपने बाप की जागीर समझे। यह बहाना नहीं चलेगा कि हम ठहरे निपट गंवार हमारे लिए तो काला अक्षर भैंस बराबर है, हम कहां से कागज दिखाएं। यह गाना भी नहीं चलेगा कि- मेरा जीवन कोरा कागज कोरा ही रह गया, जो लिखा था आंसुओं के संग बह गया...।

बुलेट ट्रेन के लिए 6 और कॉरिडोर चिह्नित, एक साल में डीपीआर : रेलवे

नई दिल्ली ए.। देश को छह और कॉरिडोर पर बुलेट ट्रेन का तोहफा मिल सकता है। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन वी. के. यादव ने बुधवार को कहा कि रेलवे ने हाई स्पीड और सेमी-हाई स्पीड रेल कॉरिडोरों के लिए छह सेक्शन चिन्हित किए हैं, जिनकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) एक साल में तैयार हो जाएगी। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड कॉरिडोर पर पहले से ही निर्माण कार्य चल रहा है। हाई स्पीड कॉरिडोर पर ट्रेनें 300 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार से चल सकती हैं, वहीं सेमी हाईस्पीड कॉरिडोर पर गाड़ियां 160 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा गति से चल सकती हैं।

कॉरिडोर	लंबाई
दिल्ली-नोएडा-आगरा-लखनऊ-वाराणसी	865 किमी
दिल्ली-जयपुर-उदयपुर-अहमदाबाद	886 किमी
मुंबई-नासिक-नागपुर	753 किमी
मुंबई-पुणे-हैदराबाद	711 किमी
चेन्नै-बेंगलोर-मैसूर	435 किमी
दिल्ली-चंडीगढ़-लुधियाना-जालंधर-अमृतसर	459 किमी

सालभर में डीपाआर तैयार

यादव ने कहा, 'हमने इन छह कॉरिडोर को चिह्नित किया है और उनकी डीपीआर सालभर में तैयार हो जाएगी। डीपीआर में इन मार्गों की व्यवहार्यता का अध्ययन किया जाएगा, जिनमें भूमि की उपलब्धता तथा वहां यातायात की क्षमता आदि शामिल हैं। इन सबके अध्ययन के बाद हम निर्णय लेंगे कि वे हाईस्पीड होंगे या सेमी हाईस्पीड।'

पहली बुलेट ट्रेन परियोजना 2023 तक होगी पूरी

उन्होंने कहा कि देश के पहले हाई स्पीड कॉरिडोर मुंबई-अहमदाबाद पर भारत की बुलेट ट्रेन परियोजना दिसंबर 2023 तक पूरी हो जाएगी। यादव ने यह भी बताया कि बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण का 90 प्रतिशत काम अगले छह महीने में पूरा हो जाएगा।

कई महानगर हैं शामिल

आम बजट से पहले संवाददाताओं से बातचीत में यादव ने कहा कि छह कॉरिडोरों में दिल्ली-नोएडा-आगरा-लखनऊ-वाराणसी (865 किलोमीटर) और दिल्ली-जयपुर-उदयपुर-अहमदाबाद (886 किलोमीटर) सेक्शन शामिल हैं। अन्य कॉरिडोर में मुंबई-नासिक-नागपुर (753 किलोमीटर), मुंबई-पुणे-हैदराबाद (711 किलोमीटर), चेन्नै-बेंगलोर-मैसूर (435 किलोमीटर) और दिल्ली- ■ शेष पृष्ठ 8 पर

निर्भया के दोषी मुकेश का फांसी चढ़ना तय

याचिका खारिज कर बोला सुप्रीम कोर्ट- राष्ट्रपति ने दस्तावेज देखकर फैसला लिया

नयी दिल्ली (वार्ता)। निर्भया सामूहिक दुष्कर्म और हत्या मामले के गुनहगार मुकेश की फांसी से बचने की आखिरी कोशिश बुधवार को उस वक्त नाकाम हो गई, जब उच्चतम न्यायालय ने दया याचिका खारिज किए जाने के खिलाफ उसकी विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) निरस्त कर दी।

न्यायमूर्ति आर भानुमति, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की विशेष खंडपीठ ने मुकेश की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि उसकी याचिका में कोई आधार नहीं दिखता। न्यायालय ने निर्भया कांड के गुनहगार मुकेश की दया याचिका राष्ट्रपति द्वारा खारिज किए जाने को चुनौती देने वाली अपील पर मंगलवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

फैसले के बाद निर्भया के माता-पिता ने कहा जल्द हो फांसी

अब अक्षय ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की क्यूरेटिव याचिका

देश को दहला देने वाले निर्भया कांड के एक अन्य गुनहगार अक्षय कुमार ने अब उच्चतम न्यायालय में क्यूरेटिव पिटीशन दायर किया है। यह याचिका मंगलवार की देर शाम दाखिल की गई थी। इस बारे में बुधवार को वकील ए. पी. सिंह ने पत्रकारों को जानकारी दी। श्री सिंह ने ही अक्षय की ओर से याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता ने सजा कम करने की मांग की है। अक्षय के पास हालांकि अभी राष्ट्रपति के पास दया याचिका लगाने का सवैधानिक अधिकार मौजूद है।

सुपर ओवर में जीता भारत

■ न्यूजीलैंड को तीसरे टी20 में सुपर ओवर में हराया, पहली बार वहां सीरीज भी जीती

हैमिल्टन ए.। न्यूजीलैंड टीम ने कप्तान केन विलियमसन (95) भारत के खिलाफ तीसरे टी20 में बुधवार को अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। भारतीय टीम ने सुपर ओवर में इस मुकाबले को जीतकर सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया। भारत ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 179 रन बनाए, न्यू जीलैंड टीम भी 20 ओवर में 6 विकेट पर 179 रन ही ■ शेष पृष्ठ 8 पर

न्यूजीलैंड में पहली बार सीरीज

भारत टीम ने सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। ऐसा पहली बार है कि उसने न्यू जीलैंड में पहली बार टी20 इंटरनैशनल सीरीज पर कब्जा किया। इससे पहले दो अवसरों पर वह यह उपलब्धि हासिल करने में नाकाम रही थी। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रोहित शर्मा बने मैन ऑफ द मैच

खेली 65 रन की पारी

सुपर ओवर में जड़े लगातार 2 सिक्स

खास खबर

आज कैबिनेट की बैठक, सीएए और बजट पर होगा अहम फैसला

रायपुर (नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक कल सुबह होगी। मुख्यमंत्री निवास में सुबह 11 बजे से होने वाली इस बैठक में कई बड़े एजेंडों पर फैसला लिया जाएगा। बजट सत्र के पहले हो रही ही इस बैठक में बजट प्रस्तावों पर भी चर्चा होगी, वहीं सीएए को लेकर भी अहम निर्णय बैठक में लिया जायेगा। जानकारी के मुताबिक प्रदेश में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रस्ताव को कैबिनेट से मंजूरी मिल सकती है। देश के कई राज्यों से सीएए के खिलाफ प्रस्ताव पारित किये जा चुके हैं, जिसके बाद छत्तीसगढ़ में भी कयास लग रहे हैं कि कानून के खिलाफ प्रस्ताव लाया जा सकता है। वहीं धान खरीदी की समीक्षा के साथ प्रदेश के अन्य जरूरी मुदों पर चर्चा की जायेगी। सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में ये बैठक सीएम हाउस में होगी।

जामिया के 70 दंगाइयों की पुलिस ने की पहचान

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने पिछले महीने न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) विरोधी प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में शामिल 70 लोगों का स्केच जारी किया है। पुलिस ने इससे पहले कुछ गिरफ्तारियां की थीं और अब तोड़फोड़, आगजनी और पथराव करने में शामिल लोगों के स्केच जारी किए गए हैं। पुलिस ने इन 70 लोगों पर इनाम भी घोषित किया है। पुलिस ने कहा मामले की जांच न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाना की क्राइम ब्रांच और एसआईटी द्वारा की जा रही है। जिन लोगों की तस्वीर ऊपर है उन सभी की 15 दिसंबर के उपद्रव/दंगों में सक्रिय भूमिका रही है।

झीरमघाटी मामले में शासन की याचिका हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में भी खारिज

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। झीरम घाटी हत्याकांड मामले में आयोग के जांच फैसले के खिलाफ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लगाई गई याचिका को हाईकोर्ट बिलासपुर की डिवीजन बेंच ने खारिज कर दिया।

प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश के बहुचर्चित झीरमकांड मामले की जांच न्यायिक जांच आयोग द्वारा कराई गई थी। इस आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश प्रशांत मिश्रा थे। आयोग की जांच फैसले के खिलाफ राज्य सरकार ने पहले सिंगल बेंच में याचिका लगाई थी। सिंगल बेंच से याचिका खारिज होने के सरकार ने डीविजन बेंच में याचिका लगाई थी। मुख्य न्यायाधीश पीआर रामचंद्र मेनन और न्यायाधीश पीपी साहू की डिवीजन बेंच ने इस मामले में बीते सोमवार को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा लिया था। वहीं डिवीजन बेंच ने अब इस पर फैसला देते हुए याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने सरकार के आवेदन को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि आयोग अपना फैसला लेने के लिए सक्षम है, उसमें हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। डिवीजन बेंच में याचिका खारिज करने के बाद संभावना जतायी जा रही है कि सरकार अब इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर करेगी।

अंतागढ़ मामला: अजीत-अमित जोगी की जमानत याचिका मंजूर

राज्य की राजनीति में भूचाल लाने वाले अंतागढ़ मामले में छजकां प्रमुख अजीत जोगी और प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। हाईकोर्ट से जुड़े सूत्रों ने बताया कि जस्टिस अरविंद चंदेल की अदालत ने छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के प्रमुख अजीत जोगी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी को अंतागढ़ मामले में अग्रिम जमानत दे दी है। बताया जाता है कि इस गंभीर प्रकरण में अजीत जोगी और अमित जोगी की अग्रिम जमानत याचिका काफी समय से लंबित था। ज्ञात हो कि मामले की जांच को लेकर पहले एसआईटी का गठन किया गया था। कांग्रेस नेत्री किरणमयी नायक की शिकायत पर पंडरी थाना में बाद में एफआईआर दर्ज कराया गया था। इस मामले में मंतुराम पवार, डा. पुनीत गुप्ता, अजीत जोगी, अमित जोगी के साथ ही राजेश मूणत के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

जमीन के झगड़े में मां, बाप और बेटे का कत्ल

■ चचेरे भाई के परिवार के लोगों ने ही कुल्हाड़ी से तीनों को उतारा मौत के घाट

■ नवागढ़ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी पिता-पुत्रों को किया गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

बेमेतरा। बेमेतरा जिले में बुधवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जिले के नवागढ़ थानांतर्गत रनबोड़ गांव में जमीन विवाद को लेकर एक ही परिवार के तीन लोगों की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई। चचरे भाई के परिवार के लोगों ने ही इस वारदात को अंजाम दिया। मृतकों में दंपति व उनका बेटा शामिल है। घटना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पेड़ काटने पर मना किया तो बोले- तुम्हें भी काट देंगे और करते गए वार

नवागढ़ थाने के टीआई ने नाशीर खान ने बताया कि इस वारदात के पीछे की वजह जमीन को लेकर एक ही परिवार के दो चचेरे भाइयों के परिवार में चल रहा विवाद है। दोनों भाइयों के परिवार में लंबे से समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों का खेत रनबोड़ गांव में एक दूसरे से लगा हुआ ही है। बुधवार को आरोपी परिवार के पिता-पुत्र खेतों को बांटने वाली मेढ़ पर का पेड़ काट रहे थे। संतू साहू के परिवार ने आपत्ति जताई। इस पर केजू व उसके बेटे बोले कि पेड़ की तरह तुम्हें भी काट देंगे। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मुर्शिदाबाद में सीएए के खिलाफ प्रदर्शन में चले बम, 2 की मौत

कोलकाता ए.। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ देशभर में जगह-जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में इन प्रदर्शनों ने हिंसक रूप ले लिया। यहां पर प्रदर्शन के बीच देसी बम फेंके गए और गोलियां भी चलाई गई। इस दौरान दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक शख्स घायल हो गया। घायल व्यक्ति को आनन-फानन अस्पताल ले जाया गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के गुंडों ने बम से हमला किया, जिसमें लोगों की जान गई। बता दें कि भारतीय नागरिक मंच की ओर से यहां बंद का ऐलान किया गया था, लेकिन इस दौरान यहां से बवाल की खबरें सामने आईं। हिंसा की खबरें सामने आने के बाद पुलिस की टीम को मौके पर भेजा गया।

गंगरेल में बोटिंग करते दंपत्ति का टिकटॉक बनाते पलटी नाव, मां और मासूम की मौत

■ बांध में तेज हवा व लहर के चलते नाव में पानी भरने से हुआ हादसा, एक लापता

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर/धमतरी। गंगरेल बांध में पिकनिक मनाने आये दो लोगों की नाव पलटने से मौत हो गई। वहीं एक मासूम बच्ची बहाव में लापता हो गई है अन्य दो लोगों को बांध से निकालकर अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार धमतरी जिले के अंतर्गत गंगरेल बांध में पिकनिक मनाने अकलाडोंगरी थाना ग्राम कोलियारी से 12 लोग घूमने आये थे। मंगलवार की शाम चार बजे बांध में घूमने के लिए एक नाव पर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

अच्छी पहल — छत्तीसगढ़ी, गोंडी, हल्बी, भतरी, सरगुजिया, कोरवा, पाण्डो, कुड़ुख, कमारी में मिलेगी बच्चों को शिक्षा

आंगनबाड़ियों में अब स्थानीय भाषा-बोलियों में होगी पढ़ाई

■ महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव ने कलेक्टरों को एक सप्ताह में कार्रवाई के दिए निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को अब उनकी स्थानीय भाषा और बोली में शिक्षा दी जाएगी, ताकि बच्चे अपनी मातृभाषा और बोली में उचित और प्रभावी तरीके से सीखें और उनका समुचित विकास हो सके। छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग भाषा और बोली प्रचलन में है। सुदूर वनांचल अनुसूचित क्षेत्रों में विशेष रूप से स्थानीय बोलियां प्रचलन में हैं। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हाल ही में स्कूलों में बच्चों को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सचिव ने कलेक्टरों को लिखा पत्र

महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने समस्त जिला कलेक्टरों को पत्र जारी कर बच्चों को यथासंभव उनकी मातृभाषा में पढ़ाने के लिए कहा है। इसके लिए कलेक्टरों को महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारियों को मार्गदर्शन देते हुए एक सप्ताह में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पाठ्य सामग्री का स्थानीय भाषाओं में होगा अनुवाद

अनौपचारिक स्कूल पूर्व शिक्षा के लिए उपलब्ध संसाधनों और पाठन सामग्री का स्थानीय भाषा या बोली में अनुवाद कराया जाएगा। इसके साथ ही स्थानीय भाषाओं के जानकार अधिकारी, कर्मचारी या कार्यकर्ता की पहचान कर उनके माध्यम से अन्य सभी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने कहा गया है। इसके लिए प्रत्येक जिले में प्रशिक्षकों की सूची तैयार की जाएगी। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अब 24 सप्ताह में भी हो सकेगा गर्भपात

■ कानून में बदलाव को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

नई दिल्ली (वार्ता)। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट 1971 में संशोधन के बिल को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। इसमें गर्भपात कराने के लिए अधिकतम सीमा 20 सप्ताह से बढ़ाकर 24 सप्ताह करने प्रस्ताव है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बैठक के बाद बताया कि बिल को बजट सत्र में संसद में पेश किया जाएगा। बिल में प्रेग्नेंसी के 20 सप्ताह तक अबॉर्शन कराने के लिए एक डॉक्टर की राय लेने की जरूरत का प्रस्ताव किया गया है, जबकि गर्भावस्था के 20 से 24 सप्ताह तक गर्भपात कराने के लिए दो डॉक्टरों की राय लेना जरूरी होगा। विशेष तरह की महिलाओं के अबॉर्शन के लिए गर्भावस्था की सीमा 20 से बढ़ाकर 24 सप्ताह करने का प्रस्ताव है। ऐसी महिलाओं को एमटीपी नियमों में संशोधन के जरिए परिभाषित किया जाएगा।

■ न्यूज गैलरी

कोगिंयाकला में 5 कुंडीय गायत्री यज्ञ के लिए निकली कलश यात्रा

साजा । बसंत पचंमी पर 5 कुंडीय गायत्री यज्ञ हेतु आज बुधवार को साजा ब्लाक के ग्राम कोगिंयाकला में कलश यात्ता निकाली गई जो ग्राम के मुख्य मार्ग से होकर तालाब जाकर जल लाया गया। उक्त 5 कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन ग्राम कोगिंयाकला के गायत्री शक्तिपीठ में होगा।

चिपरा में प्रधानपाठक ने फहराया तिरंगा

दल्ली राजहरा। शासकीय प्राथमिक शाला, व पूर्व माध्यमिक शाला चिप रा में गणतंत्र दिवस पर प्रभारी प्रधानपाठक ठाकुर सर व देशमुख मैडम द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका द्वारा विद्यार्थियों को सविधान की जानकारी दी । बारी बारी से सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों को संविधान की महत्व को बताया गया। कार्यक्रम में चेतन डडसेना, विरेंद्र कोठारी, सोमा विश्वास, ठाकुर सर लटियारे सर व नाग मैडम, उपस्थित रहे।

मतदान के लिए बच्चो व ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई

दल्ली राजहरा। ग्राम चिपरा के प्राथमिक, मिडिल व हाई स्कूल में प्रभारी प्रिंसिपल सी एम घटियारे के नेतृत्व में मतदान जागरूता अभियान चलाया गया। स्कूली बच्चे व ग्रामीणों को मतदान करने शपथ दिलाई गई। सी एम् घटियारे ने मतदान का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि देश प्रदेश के साथ गांव में लोकतंत्र के तहत मतदान से स्वच्छ सरकार का गठन होता है। ग्रामीणों को मतदान को उत्सव की तरह मनाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर प्रधानपाठक जे पी ठाकुर, प्रधानाध्यापिका देशमुख मैडम, तराम सर, शारदाचरण देखमुख, साहू सर, चेतन डडसेना, मोहबे मैडम, बारले मैडम, सोमा विश्वास, विरेंद्र कोठारी, नाग मैडम, ठाकुर सर, लटियारे सर स्कूली बच्चे व ग्रामवासी उपस्थित थे।

समनापुर के उपार्जन केन्द्र प्रभारी अनिल मेश्राम निलंबित

कवर्धा। धान खरीदी केन्द्र समनापुर के उपार्जन केन्द्र प्रभारी अनिल कुमार मेश्राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला द्वारा धान खरीदी केन्द्र समानापुर के निरीक्षण के दौरान धान खरीदी निति एवं शासन के निर्देशों के विपरीत बिना ढेरी लगाये खरीदी किया जाना पाया गया जो प्रथम दृष्टि धान खरीदी कार्य में उपार्जन केन्द्र प्रभारी द्वारा गंभीर लापरवाही एवं कर्तव्यों का अवहेलना किया जाना पाया गया। संचालक मंडल एवं संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं दुर्ग के अनुमोदन की प्रत्याशा में श्री मेश्राम को निलंबित किया गया है। आगामी आदेश तक बीरबल सार्वे को धान उपार्जन केन्द्र समनापुर का प्रभारी बनाया गया है। खरीदी धान स्कंध की सुरक्षा एवं परिदान की संपूर्ण जवाबदारी पुर्व केन्द्र प्रभारी अनिल कुमार मेश्राम की ही रहेगी।

ग्राम जामली के पंच पद के प्रत्याशी की मृत्यु होने पर मतदान स्थगित

महासमुन्द। त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2019-2020 जिले के जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत जामली के वार्ड क्रमांक 11 के पंच पद के लिए दो निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी थे जिनमें से एक अभ्यर्थी श्री त्रिभास्कर गिरी की मृत्यु 16 जनवरी 2020 को हो गई। जिसके कारण छत्तीसगढ़ पंचायत नियम 1995 के नियम 46 के अनुसार मतदान स्थगित किया गया है। शेष कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी।

मेट्स कंप्यूटर ने गरीब बच्चों को कॉपी पेन का वितरण किया

लवन। बसंत पंचमी के अवसर पर नगर के मेट्स कंप्यूटर सेंटर के तत्वधान में शासकीय प्राथमिक शाला लवन में गरीब जरूरतमंद स्कूली बालक बालिकाओं को कॉपी पेन का वितरण किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजा अर्चना पश्चात किया गया। कक्षा पहली से पांचवी तक 150 गरीब जरूरतमंद स्कूली बच्चों को मेट्स कम्प्यूटर के संचालक लक्ष्मी कांत साहू , प्राचार्या श्रीमती कविता साहू, शिक्षक चंद्रकुमार धीवर द्वारा कॉपी पेन का वितरण किए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लक्ष्मीकांत साहू ने उपस्थित बालक बालिकाओं से कहां की आज का दिन बसंत पंचमी छात्रों के लिए विशेष दिन है हमें मां सरस्वती की पूजा के साथ-साथ माता पिता और गुरु की पूजा और सम्मान करना चाहिए ।

पालिकाध्यक्ष विकास ने नए पार्षदों को भी दी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

■ **सात सभापति में से तीन महिला तो चार पुरुषों को दी विभागीय जिम्मेदारी**

बालोद। नगर पालिका बालोद अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने सभापति का कमाल संभालने के लिए पुरुष पार्षदों के साथ साथ महिला पार्षदों को भी बरोबर की हिस्सेदारी दी है। आज हर एक क्षेत्र में पुरुषों के साथ महिलाएं भी कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रही है जिसे देखते हुए पालिका अध्यक्ष श्री चोपड़ा ने महिला पार्षदों को नगर के विभिन्न अलग-अलग कार्यो के लिए जिम्मेदारी सौंपने का फैसला लिया7 साथ ही वरिष्ठ पार्षदों को महत्व देकर नपाध्यक्ष ने उनके अनुभव का लाभ नगर वासियों को मिले इसकी व्यवस्था की है,,अध्यक्ष द्वारा लिए निर्णय को लेकर शहर में ढेरों प्रशंसा हो रही है। ज्ञात हो कि बालोद नगर पालिका इस बरस पिछले बरस के अनुसार कांग्रेस का दबदबा रहा है और यही कारण है कि इस बार भी बालोद नगर का कमाल आने वाले 5 वर्षो के लिए कांग्रेस संभालेगी और इस जिम्मेदारी को संभालने के लिए नगर के मुखिया के रूप में विकास चोपड़ा को पालिका अध्यक्ष की गद्दी पर बिठाया है।

विदित हो कि बालोद नगर में विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी संभालने के लिए सात सभापति की नियुक्ति की जाती है यह कार्य पालिका अध्यक्ष होता है। नपाध्यक्ष विकास ने नगरपालिका उपाध्यक्ष व वार्ड 18 के पार्षद अनिल यादव को खाद्य नागरिक आपूर्ति व पुनर्वास नियोजन विभाग, वार्ड 11 के पार्षद पद्मनी नन्नू साहू को शिक्षा महिला तथा बाल कल्याण विभाग, वार्ड 17 के पार्षद बिरजू ठाकुर को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, वार्ड तेरा के पार्षद योगराज भारती को जल कार्य विभाग, वार्ड चार के पार्षद ज्योति भोलू महाराज को विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग, वार्ड पांच के पार्षद सतीश यादव को आवास, पर्यावरण व लोक निर्माण विभाग व वार्ड 15 के पार्षद धनेश्वरी ठाकुर को राजस्व एवं बाजार विभाग की जिम्मेदारी दी है।

नपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि समय-समय पर प्रभारी सदस्यों के कार्यो की समीक्षा जाएगी सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी एकजुट होकर नगर विकास के लिए अपना शत प्रतिशत योगदान दें।

वन मंत्री ने एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

■ **राज्य वन विकास निगम ने प्रदान की एंबुलेंस की सुविधा**

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। जिले में 71 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वन एंव परिवहन, आवास मंत्री मोहम्मद अकबर ने जिला अस्पताल को वन विकास निगम कवर्धा द्वारा एंबुलेंस प्रदान किया गया है। इस एंबुलेंस को राज्य वन विकास निगम ने अपने सीएसआर मद के अंतर्गत प्रदान किया है। जिसका शुभारंभ कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस एंबुलेंस की चॉबी संदीप बल्गह आई.एफएस. डिवीजनल मैनेजर वन विकास निगम कवर्धा द्वारा मंत्री के हाथो सीएमएचओ सौंपा गया। राज्य वन विकास निगम रायपुर की ओर से उनके प्रबंध संचालक राजेष गोवर्धन की तरफ से भेट की गई। इस एंबुलेंस की सुविधा जिले के अंदर कहीं पर भी सूचना मिलने पर बीमार तथा जरूरतमंद व्यक्ति के पास तत्काल पहुंचाई जाएगी। जिससे जरूरतमंद बीमार अथवा पीडित व्यक्ति को समय के रहते हुए अस्पताल पहुंचाया जा सके। इसके साथ ही व्यक्ति के गंभीर स्थिति को देखते हुए कही रायपुर रिफर किया जाता है तो उचित उपचार के लिए भी इसकी सुविधा प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, पूर्व प्रदेष सचिव कन्हैया अग्रवाल, जिला कलेक्टर अवनीष कुमार षरण, पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेन्द्र, वनमण्डलाधिकारी दिलराज प्रभाकर, जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम, पार्षद प्रमोद लुनिया, जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।

बीमा अधिकारी बताकर ठगी

कवर्धा। पति, पत्नि और बच्चे ने मिलकर गांव के लोगों को बीमा अधिकारी बताकर जमकर ठगा है। इन लोगो ने 50 लाख से अधिक रूपये ग्रामीणो से ठग चुके है। ठगी का मामला जब सामने आया जब ग्रामीणो ने इसकी शिकायत संबंधित थाने में दर्ज कराई है। ग्रामीणों के अनुसार ठग ने उन्हे अपने आप को बीमा अधिकारी बताकर भारत सरकार की योजनाओ को लाभ दिलाने के नाम पर 50 लाख रूपय से अधिक की ठगी की है।

तरेगांव जंगल और झलमला थाना में ग्रामीणो ने शिकायत दर्ज कराई सहसपुर लोहारा ब्लॉक के ग्राम कुरूवा निवासी द्वारा उन्हे ठगा गया है। ग्रामीणो का कहना है कि ठगी करने उन्होने अपने आप को बीमा का अधिकारी बताया और पति, पत्नि व उसके बच्चे भी इस ठगी के काम में लगे हुए थे। ग्रामीणो के अनुसार गांव-गांव घूमकर ग्रामीणो से लाखो रूपय ठगी की गई है। ठग ने खुद को ग्रामीणो को भारत सरकार की योजनाओ का लाभ दिलाने के लिए रूपय एठें। यह ठगी तरेगांव जंगल और झलमला थाना सहित जिले भर में दो दर्जन से अधिक गांवो में 57 ग्रामीणो से की गई। ठगी की कुल अनुमानित राषि 48 लाख रूपय है। लेकिन पुलिस को आषंका है कि ठगी की रकम एक करोड रूपय तक हो सकती है। क्योकि यह वह रकम है जिन्हे षिकायत की है, जबकि बडी संख्या मे और भी ग्रामीण है जो ठगी के षिकार हुए है। इसके चलते षिकायत की प्रथम दृष्टय जांच पर पुलिस ने आरोपियो सत्यनाराण दुबे, पत्नी वंदना दुबे और पुत्र अमन उर्फ अभिषेक दुबे के खिलाफ420,34 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है। षिकायत मे ग्रामीणो ने बताया कि ठगी द्वारा खुद को प्रधानमंत्री मुद्रा लोन का बीमा अधिकारी बताकर उक्त योजनाओ का लाभ दिलाने पंजीयन कराने की बात कहता। फिर खाता खुलावाने के लिए ग्रामीणो से कभी अपने पुत्र अमन उर्फ अभिषेक के साथ तो कभी अपनी पत्नी वंदना दुबे के साथ तो कभी अपने भाई के साथ कार में पहुंचकर लोन के लिए कोरा स्टाम्प तो कभी स्टाम्प लिखवाकर या कोरा चेक भरवाकर आषा दुबे के खाते में रूपय जमा करवाया गया।

आज कुष्ठ उन्मूलन दिवस पर सद्भावना क्रिकेट मैच

कवर्धा। आज राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन दिवस के दिन कुष्ठ रोग के प्रति जनजागृति लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएमएचओ इलेवन और बीएमओ इलेवन के मध्य सदभावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय कलेक्ट्रेट कालोनी मैदान में प्रतियोगिता सवेरे 7 बजे होगी मैच 12 - 12 ओवर के होंगे ।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए आयोजन प्रभारी विद्याभूषण दुबे ने बताया कि न्यू कलेक्ट्रेट कालोनी के मैदान में होने वाले सद्भावना मैच के लिए सीएमएचओ इलेवन की टीम में सीएमएचओ डॉ एस के तिवारी कप्तान, अनुपम शर्मा उप कप्तान, ज्ञानेश वर्मा, राहुल पाठक, छत्रपाल तेलगांम, कपिल तिवारी, रत्नराज क्लाडियस, जित्तू, नूतन, गजेंद्र साहू, दीपक ठाकुर, दीपेश निर्मलकर, मनीष जाय, असलम, दुर्गेश ठाकुर, रंजीत सिंह राजपूत में से ग्यारह।

110 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने दिखाया वोटिंग का जज्बा

नवप्रदेश संवाददाता

दल्ली राजहरा। प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के लिए मंगलवार को मतदान किया गया। बालोद जिला में डौंडी व लोहारा ब्लॉक में चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। लोकतंत्र के इस महापर्व में में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसका नाम पहली बार मतदाता सूची में आया है ऐसे युवा मतदाताओं ने काफी उत्साह देखा गया। युवाओं ने बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। ग्राम चिप रा की 110 वर्षीय रत्नी बाई चावरे ने व्हील चेयर में बैठकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चिपरा में कहीं सास बहू कहीं ननंद भाभी मिलकर मतदान करने पहुंची ।सखी सहेलियों , महिला एवम् पुरुषों में मतदान को लेकर खासा उत्साह देखा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं सुबह से ही अपना काम छोड़ कर वोट देने गई।

एक मतदाता ने डाले चार चार वोटः त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की खासियत यह रही कि यहां मतदाता को एक साथ चार वोट डालना पड़ा वजह है गांव और अपने क्षेत्र कि सत्ता की जिम्मेदारी । पंचायत स्तर पर सरपंच और पंच के लिए मतदान किया गया। तो जनपद क्षेत्र के लिए जनपद सदस्य और जिला पंचायत के जिला पंचायत सदस्य पद पर उम्मीदवार चुनने के लिए मतदान किया गया। सभी प्रत्याशियों के लिए अलग अलग रंगों का मत पत्र जारी हुआ था जिसे सावधानी से मतदाताओं ने अलग अलग बक्से पर डाला। पुरुष की तुलना में महिलाओं में ज्यादा उत्साह दिखा। किलेकोड़ा, मरकामतोला, जुनवा नी, झारांटोला, भर्रीटोला, ककरेल व रजही में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ।

'अब तो चिंता करिये' रिपोर्ट का बोड़ला में हुआ विमोचन

बोड़ला। ऑक्सफेम इंडिया द्वारा प्रकाशित असमानता रिपोर्ट का विमोचन एवं परिचर्चा का कार्यक्रम कवर्धा जिले के बोड़ला ब्लॉक में किया गया जिसमें इस वर्ष की थीम है अब तो चिंता करिये जिसकी रिपोर्ट का विमोचन किया गया इस अवसर पर मुख्य वक्ता के तौर पर राज्य समन्यवक शांति सद्भावना अभियान छत्तीसगढ़ के मो. एम.जाफर ने कहा कि असमानता की खाई इतनी गहरी है जिसको हम अपने घर से देख सकते है कि किसान की बात करते है तो केवल पुरूष का नाम लिया जाता है महिला को किसानों का दर्जा नहीं मिलता। जबकि महिला श्रम अधिक करती हैं। असमानता के बीच इस समय अशांति और संघर्ष दिखाई पड़ता है। चिंता करने के बजाय चिंतन करने के लिए शाँति सद्भाव की प्रक्रिया से गुजरना होगा। उसके बाद उन्होंने कहा कि अमीरी गरीबी में अंतर बढ़ रहा है जो जितना अमीर है वो और अमीर हो रहा है जो गरीब है वो और गरीब हो रहा है इसके लिए सरकारों की नीतियां जिम्मेदार है इसके लिए चाहिए जी लोग काम करते है उसका वाजिब मूल्य तय होना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता सूरजवती ने कहा कि मैं खुद इसलिए नही पढ़ पाई क्योंकि लड़कियों को पढ़ा के क्या करेगें उनको तो चूल्हा चैंका करना है घर के काम सीखे लेकिन आज समझ मे आ रहा है लड़की को पढ़ाना कितना जरूरी है। युवा सामाजिक कार्यकर्ता रोशनी ने कहा कि हम देखते है कि समाज में हर मुद्दे को लेकर बैठक कर लेगें लेकिन गांव के कितने बच्चे स्कूल जा रहे है कितने नही जा रहे इसको लेकर कोई चर्चा नही होती शिक्षा की तो कोई बात ही नही करता बल्कि ये असमानता वहीं से दूर हो सकती है हमको तो पता भी नही होता कि कब हमारा शोषण हो गया ।

मांगे पूरी नही हुई तो हड़ताल पर उतर सकते है कर्मचारी कल्याण संघ

कवर्धा। छत्तीसगढ़ के प्रथम भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कर्मचारी कल्याण संघ, कवर्धा के नियमित अधिकारीध्कर्मचारियों द्वारा लगभग डेढ़ वर्ष से लंबित मांगो को लेकर एकजुट हो गए है, संघ द्वारा पूर्व में किये गए मांग जैसे महंगाई भत्ता,पदोन्नति,क्रमोन्नति,सहित दो सूत्रीय मांगों को लेकर जो संचालक मंडल की बैठक दिनांक 18.01.2019 को स्वीकृत है अपनी स्वीकृत मांगो को प्रबंधन के समक्ष दोहराई। ज्ञात हो कि लगभग एक वर्ष पूर्व अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए थे कारखाना प्रबंधन द्वारा हड़ताल में गए अधिकारीध्कर्मचारियों के मांग को पूर्ण किया गया एंव प्रस्ताव पंजीयक सहकारी संस्थाएं को प्रेषित भी किया।

विकासखंड स्तरीय मैराथन दौड़ संपन्न

डौण्डी। जिला प्रशासन बालोद खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले के बच्चों को खेल में आगे बढ़ाने हेतु विकासखंड स्तरीय मैराथन दौड़ का आयोजन 29 जनवरी दिन बुधवार विवेकानंद हाई स्कूल डौंडी मे समपन्न हुआ । इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष डौण्डी सोमेश सोरी,अध्यक्षता नरेन्द्र ठाकुर जिला खेल अधिकारी बालोद, विशेष अतिथी उपाध्यक्ष नगर पंचायत डौण्डी डॉं.रुपेश नायक,संजू मानकर पार्षद वार्ड न.7,मातरम कोसरे,उपस्थित थे।इस प्रतियोगिता में डौण्डी विकासखण्ड के बालक 87बालिका 77 कुल 164 बच्चों ने सहभागिता दी। खेल की शुरूआत अरपा पैरी के धार व राष्ट्रगान से हुआ। सर्वप्रथम पुरुषों की रेस प्रारंभ की गयी , इस दौड को सोमेश सोरी ,रुपेश नायक, नरेंद्र ठाकुर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। श्री आर आर ठाकुर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी डौण्डी, व नरेन्द्र ठाकुर के मार्गदर्शन में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।पुरुषों की रेस के बाद अध्यक्ष महोदय सोरी ने महिलाओं की रेस को हरी झण्डी दिखाकर रेस प्रारंभ किया।खेल एवं युवा कल्याण विभाग डौण्डी नोडल चन्द्रशेखर पवार ने बताया कि मैराथन दौड़ में केवल डौंडी ब्लाक के प्रतिभागी सम्मिलित हुए ,पुरुष वर्ग 10कि.मी.और महिलाओं के लिए 05कि.मी.की रेस समपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता मे का परिणाम इस प्रकार है पुरुष वर्ग मे रामनारायण प्रथम, जितेन्द्र कुमार द्वितीय, सुरज सरपा तृतीय, परमेश्वर चतुर्थ, उमेशकुमार पंचम,भूपेश कुमार छटवा,निर्मल कुमार सातवां, पवन आठवां, सुरज नौवा,पंकज दसवे स्थान पर रहा, महिला वर्ग में विमला पटेल प्रथम,तेजेश्वरी द्वितीय, लोकेश्वरी यादव तृतीय, प्रियंका निषाद चतुर्थ, प्रतिमा उइके पंचम, कल्पना लाटिया छठवां,पदमा सातवां, जैत्री सोरी आठवां, प्रतिभा रावटे नौवा,भेमेश्वरी दसवे स्थान पर रही।

हस्ताक्षर साहित्य समिति के कवियों की गोष्ठि संपन्न

दल्ली राजहरा। हस्ताक्षर साहित्य समिति, दल्ली राजहरा द्वारा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी रविवार की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी शनिवार को संध्या 7-00 बजे से निषाद भवन, राजहरा में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां भारती एवं मां शारदा के छायाचित्र के समक्ष धूप दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना की गई। आचार्य जे0आर0 महिलांगे मुख्य अतिथि एवं ज़नाब अब्दुल लतीफखान ने विशेष अतिथि के रूप में गणतंत्र दिवस के महत्व एवं आम नागरिकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक रहने का आह्वान किया। गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए किशोर ÷संगदिल-परबुधिया÷ साहित्यकार ने अपने चिरपरिचित अंदाज़ में अपने संस्मरणों के माध्यम से मानव व समाज सेवा का संदेश दिया व सभी को 24 जनवरी को ÷सेल÷ स्थापना दिवस, राष्ट्रीय बालिका दिवस, अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस, राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गई। इसी तरह अनिरूद्ध साहू ने देश की पुरानी और वर्तमान स्थिति की चर्चा किए। ललित शंकर महलवार ने हिंदी व्यंग्य रचना सुनाए। कामता प्रसाद देशलहरा ने उनकी प्रकाशित छ0ग0 कविता संग्रह ऐसन हे मोर गांव, उप सदस्यों को भेंट किए व मोर भारत भूंईया, छ0ग0 कविता सुनाए। घनश्याम निषाद ने जिनगी के इही किस्सा ए छ0ग0 कविता सुनाए।

गौठान में बने वर्मी खाद से महिला स्व.सहायता समूह को होने लगी आमदनी

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। सुराजी गांव योजना से बने गौठानों से जुड़े समुहों और ग्रामीणों को अब उनसे लाभ मिलने लगा है। गौठान में उपलब्ध गोबर से वर्मी खाद बनाकर महिला स्व.सहायता समूह को आर्थिक लाभ मिलना शुरू हो गया है। सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के ग्राम इरिकसा के मॉडल गौठान में जय बजरंग महिला स्व.सहायता समूह द्वारा 10 क्विंटल वर्मी खाद बनाकर जिले के हाईटेक सलिहा नर्सरी को दिया गया है, इसके लिए उघान विभाग से जय बजरंग समूह को प्रति क्विंटल 10 रूपए की मान से दस हजार रूपए का चेक समूह के अध्यक्ष और सदस्यों को दिया गया। समूह की महिलाएं अपनी मेहनत का फल पाकर बहुत प्रसन्न होते हुए कहती है कि गांव में बने नये गौठान से हमें आत्मनिर्भर होने में सहायता मिली है। समूह की सभी महिलाओं को लाभ मिलने से सुराजी गांव का संकल्प सिद्ध होता नजर आ रहा है।

कलेक्टर श्री अवनीश कुमार शरण बताते है कि नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने गौठानों के निर्माण सभी जरूरी सुविधाओं के साथ किया गया है। जिसमें पशुधन को छाया, पानी, चिकित्सा जैसी मुलभूत सुविधाएं मिल रही है। गौठान को आजीविका से जोड़ने के लिए गौठान में उपलब्ध गोबरों को वर्मी बेड में एकत्रित कर खाद बनाया जा रहा है। इस काम में गांव की महिला स्व.सहायता समूह जुड़कर कार्य कर रही है, उनके निरंतर प्रयास एवं परिश्रम का नतीजा है की गोबर से खाद बनकर बाजारों मे रियायत दर पर उपलब्ध हो रहा है। इसी तारतम्य में समूह द्वारा निर्मित खाद को उघानिकी विभाग एवं कृषि विभाग ने अपनी आवश्यकता के अनुसार क्रय किया है। जिसका भुगतान महिला स्व.सहायता समूह को प्राप्त हो रहा है।

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विजय दयाराम के जानकारी देते हुए बताते है कि कलेक्टर महोदय के विशेष प्रयास का ही नतीजा है कि जिले के बहुत से नव निर्मित गौठानों में महिला स्व.सहायता समूह आत्मनिर्भर होकर आजीविका चला रही है। ग्राम इरिमकसा के जय बजरंग महिला स्व.सहायता समूह को वर्मी खाद से दस हजार रूपए तथा जय मॉ शितला स्व.सहायता समूह बिरनपूर को 9,150 रूपए वर्मी खाद बेचकर आमदनी हुई है। जिले के बचेड़ी, बिरकोना सहित अन्य गांव में वर्मी खाद के निर्माण से महिला स्व.सहायता समूह को अच्छी आमदनी हो रही है।

विवेकानंद की स्मृति में बनेगा अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्मारक : सीएम

मुख्यमंत्री शामिल हुए श्री रामकृष्ण प्रार्थना मंदिर प्रतिष्ठापन समारोह में

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्वामी विवेकानंद की स्मृति में बनने वाला स्मारक अंतर्राष्ट्रीय स्तर का होगा। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने दो वर्ष का समय रायपुर में गुजारा था। वे रायपुर के जिस डे भवन में रूके थे उसे राज्य शासन द्वारा ले लिया गया है और ट्रस्ट को इस भवन की जगह दूसरी जगह जमीन दे दी गई है। युवाओं को उठो, जागो और तब तक न रूको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति नही हो जाती' का प्रेरणादायक संदेश देने वाली स्वामी विवेकानंद की स्मृति में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्मारक बनेगा। मुख्यमंत्री आज रायपुर के कोटा स्थित स्वामी विवेकानंद विद्यापीठ में आयोजित श्री रामकृष्ण प्रार्थना मंदिर प्रतिष्ठापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

श्री बघेल ने कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस दुनिया के ऐसे पहले संत थे, जिन्होंने कहा था कि हम किसी भी विधि से प्रार्थना

करें सभी रास्ते एक ही ईश्वर तक जाते हैं। स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने शिवभाव से जीवों की सेवा यानी दरिद्र नारायण की सेवा का मूल मंत्र दिया। स्वामी विवेकानंद ने अपने गुरु के इस मंत्र को अपना प्रमुख लक्ष्य बनाया। इसी वजह से रामकृष्ण मिशन और विवेकानंद आश्रम में आज भी जीव सेवा और मनुष्यता की सेवा का कार्य समर्पण के साथ किया जाता है। उन्होंने समानता की बात की, सहज-सरल भाषा में व्यवहारिक बाते कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी आत्मानंद, स्वामी निखिलात्मानंद और स्वामी सत्यरूपानंद जी ने छत्तीसगढ़ को स्वामी रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद की भावधारा से जोड़ने की शुरूआत की। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि चेन्नई रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष स्वामी गौतमानंद ने कहा कि धर्म वही है, जो आनंद से जीना सिखाए। उन्होंने स्वामी रामकृष्ण परमहंस की शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। विवेकानंद विद्यापीठ कोटा के सचिव डॉ. ओमप्रकाश वर्मा ने आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि श्री रामकृष्ण प्रार्थना मंदिर में विद्यार्थियों को ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा और शाम को प्रार्थना की जाएगी।

न्यूज गैलरी

शराब पीने के दौरान बिल को लेकर मारपीट

रायपुर। शराब पीने के दौरान बिल देने पर होटल मैनेजर व कर्मचारियों के साथ मारपीट कर बार में तोड़फोड़ करने की रिपोर्ट आमानाका थाने में दर्ज की गई है। तिलक नगर गुढ़ियारी निवासी रोशन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वह सरोवर पोर्टिको होटल में बार मैनेजर हैं। 27 जनवरी की रात्रि टाटीबंध स्थित होटल सरोवर पोर्टिको में गौरव श्रीवास्तव, मनप्रीत सिंह, प्रकाश एवं हर्षा ने बार में शराब पीने के दौरान बिल देने की बात पर गाली गलौज कर होटल में तोड़फोड़ कर दिया। मना करने पर प्रार्थी एवं होटल के अन्य स्टाफ के साथ मारपीट कर चोट पहुंचाया।

क्लिनिक में थैरेपी सीखने के दौरान नाबालिग से छेड़छाड़

रायपुर। क्लिनिक में थैरेपी सीखने गई नाबालिग को बेइज्जत करने की नियत से हाथ बांह पकड़ छेड़खानी करने की रिपोर्ट पुरानी बस्ती थाने में दर्ज की गई है। अमरपुरी पुरानीबस्ती निवासी पीड़िता 16 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि अश्वनी नगर पुरानी बस्ती में क्लिनिक में थैरेपी सीखने के दौरान तौसीफ अश्वनी नगर निवासी ने प्रार्थियां को हाथ बांह पकड़कर आरोपी ने अश्लील हरकत किया।

मिर्गी का दौरा पड़ने से बाईक गिरी, एक की मौत

रायपुर। ग्राम बरौदा विधानसभा निवासी ईश्वर प्रसाद मेहर 36 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि मंगलवार को शाम 6 बजे प्रार्थी अपने पिता व भाई के साथ शादी के लिए लड़का देखने ग्राम कोदवा गया हुआ था वापस आते समय प्रार्थी का भाई दिलीप मेहर के साथ पिता विष्णु मेहर आयु 62 वर्ष टीवीएस एक्सल क्रमांक सीजी 04 एमटी 2705 के पीछे बैठा था। ग्राम कोनारी गोदरेज कंपनी के सामने अचानक दिलीप मेहर को मिर्गी का दौरा पड़ने से बाइक चलाते समय सड़क से नीचे उतरकर गढ्डे में मोटरसाइकिल गिर गई जिसके चलते पिता विष्णु मेहर गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूअर बांधने के विवाद में दो पक्ष भिड़े

रायपुर। सूअर बांधने से मना करने पर दो पक्ष आपस में भिड़े एक दूसरे को डंडे व राड से हमलाकर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज की गई है। सूअर बांधने से मना करने पर गोलू देवार एवं सेठी उर्फ देवसिंह निवासी राजेंद्र नगर ने राहुल सोनवानी के साथ हाथ मुक्का व राड से मारकर चोट पहुंचाया। मुनगाबाई ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि अशोका कबाड़ी दुकान के पास राजेंद्र नगर में राहुल सोनवानी निवासी राजेंद्र नगर सेठी नामक लड़का से झगड़ा कर रहा था बीच बचाव करने पर आरोपियों ने प्रार्थियां को हाथ मुक्का व राड से मारकर चोट पहुंचाया।

गृह मंत्री ने पुलिस टीम को दी बधाई, ढाई लाख रूपए ईनाम देने का ऐलान

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज अपने रायपुर निवास परिसर में रायपुर के उद्योगपति प्रवीण सोमानी को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से सकुशल वापस लाने पर पुलिस टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री आनंद छाबड़ा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर आरिफ शेख भी उपस्थित थे।

मंत्री ने पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अपहरण कांड में तत्परता से कार्य करने और सफलता के लिए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को शाबाशी दी और कहा कि भविष्य में इसी तरह तत्परता से कार्य करते रहें। गृह मंत्री ने पुलिस टीम को प्रशंसनीय कार्य के लिए ढाई लाख रूपए ईनाम देने की घोषणा की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शेख ने अपहरणकर्ताओं की धर-पकड़ के लिए की गई घटनाक्रमों और कार्रवाई की सरसरी तौर पर जानकारी दी।

'महापौर स्वच्छता हेल्प लाइन' नम्बर का मंत्री डहरिया ने किया शुभारंभ

मोबाइल नम्बर 9301953294 पर कोई भी नागरिक दे सकते हैं शिकायत और सुझाव

महापौर शिकायतों पर करेंगे त्वरित कार्यवाही

रायपुर। नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया ने आज नगर पालिक निगम रायपुर महापौर कार्यालय में 'महापौर स्वच्छता हेल्प लाइन' नम्बर का शुभारंभ किया। डॉ. डहरिया ने इस मौके पर मेयर इन काउंसिल के सदस्य सुन्दर जोगी के कक्ष का भी विधिपूर्वक उद्घाटन किया। अब रायपुर निगम क्षेत्र के कोई भी व्यक्ति मोबाइल नंबर 9301953294 पर नाली सफाई, रोड़ सफाई सहित स्वच्छता संबंधी समस्याओं के बारे में

अपने शिकायत दर्ज करा सकते हैं तथा साफ-सफाई हेतु अपना सुझाव भी दे सकते हैं।

महापौर स्वच्छता हेल्प लाइन नम्बर प्रारंभ करते ही नगरवासियों का शिकायत एवं सुझाव आना शुरू हो गए हैं। कालीबाड़ी की सुश्री रीतू वर्मा ने फोन कर मोहल्ले में नियमित रोड़ सफाई कराने की शिकायत दर्ज की। मंत्री डॉ. डहरिया ने फोन पर सुश्री रीतू वर्मा की समस्याएं सुनी और त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैजनाथ पारा मौलाना अब्दूल रउफ वार्ड से नईम रजा नम्मो ने महापौर स्वच्छता हेल्प लाइन नंबर शुभारंभ करने के लिए महापौर और नगरीय प्रशासन मंत्री सहित राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने नियमित साफ-सफाई करने का भी सुझाव दिया। सिविल लाइन की सुश्री मानशी और डगनिया के श्री अभिषेक ने हेल्प लाइन नंबर पर फोन कर नाली सफाई की शिकायत दर्ज कराई।

मंत्री डॉ. डहरिया ने सुश्री मानशी और श्री अभिषेक को शीघ्र ही नाली सफाई कराने का आश्वाशन दिया। इसके साथ ही शिकायतें आना भी शुरू हो गया है महापौर श्री एजाज ढेबर के मार्गदर्शन में और त्वरित कार्यवाही की जा रही है।

'इज ऑफ लिविंग इंडेक्स' का सर्वे शुरु

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। केंद्रीय आवासन एवं नगरीय विकास मंत्रालय भारत सरकार इज ऑफ लिविंग इंडेक्स सर्वे शुरू कर रहा है। इस सर्वे में देशभर के स्मार्ट सिटी शामिल होंगे। इस सर्वेक्षण के तहत हर नागरिक जीवन सुगमता सूचकांक के निर्धारण के लिए अपने शहर में उपलब्ध सुविधाओं व सेवाओं के संबंध में अपना फीडबैक दे सकेगा। रायपुर नगर निगम कमिश्नर व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एम.डी. श्री सौरभ कुमार ने सभी नागरिकों से जीवन सूचकांक के निर्धारण हेतु अपना फीडबैक देने की अपील की है।

इज ऑफ लिविंग इंडेक्स के इस सर्वेक्षण में इसबार 94 जीवन सुगमता सूचकांक शामिल है। पहली बार 154 नगरीय निकाय प्रदर्शन सूचकांक भी सर्वे में शामिल है। संस्थागत सामाजिक, आर्थिक, भौतिक सुविधाओं के आधार के ये सभी इंडिकेटर्स पर जीवन उपयोगी बुनियादी सुविधाओं के स्तर का निर्धारण कर रैंकिंग की घोषणा भारत सरकार करेगा। सर्वेक्षण में गवर्नेस, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, आर्थिक स्थिति व रोजगार, आवासों की उपलब्धता, अबाधित विद्युत आपूर्ति, शहरी परिवहन, प्रदूषण में कमी जैसे इंडिकेटर्स शामिल है। इज ऑफलिविंग इंडेक्स के गत वर्ष के सर्वेक्षण में रायपुर शहर को देश में सातवां स्थान प्राप्त हुआ था।

रायपुर ने उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में अधिकांश नागरिकों ने अपना फीडबैक देकर गवर्नेस, सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण के साथ प्रदूषण कारकों को निम्न स्तर पर लाने ,स्वच्छता, अबाधित विद्युत आपूर्ति जैसे आधारभूत सेवाओं में रायपुर की सुविधाओं को सराहा था। हर नागरिक अपना फीडबैक 29 फरवरी तक दे सकते हैं।

सम्मान कठिन चुनौतियों के बीच उपभोक्ता सेवा में जुटे रहे विद्युत कर्मी- शैलेन्द्र शुक्ला

उत्कृष्ट कार्यों के लिये 26 विद्युत कर्मी पुरस्कृत

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी मुख्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के आयोजन में प्रदेशभर से चयनित 26 विद्युत कर्मियों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया। समारोह में पॉवर कम्पनीज के अध्यक्ष शैलेन्द्र शुक्ला ने पुरस्कृतजनों को पारितोशिक सहित पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत कर्मियों के उत्कृष्ट कार्यों का विवरण पॉवर होल्डिंग कंपनी के कार्यपालक निदेशक एच.के. पाण्डेय ने किया।

समारोह में चेयरमेन श्री शुक्ला ने कहा कि घने जंगल, पहाड़, नदियों को लांघते हुये विद्युत कर्मी बिजली आपूर्ति विषयक कार्यों में चैबीस घण्टे जुटे रहते हैं। कठिन चुनौतियों के बीच गॉव, मजरा-टोलों में बिजली पहुंचाना, नये उपकेन्द्रों का निर्माण, विद्युत गृहों का बेहतर संचालन, प्रशासनिक एवं न्यायालयीन प्रकरणों के त्वरित निपटारा, तथा बकाया राजस्व वसूली जैसे कार्यों का कुशलतापूर्वक निष्पादन करने वाले कर्मियों का कार्य सीमा पर तैनात फौजी के मानिंद ही है। अनेक अवसर ऐसे आते हैं जब बिजली कर्मी किसी प्रलोभन में पड़े बिना अपने कार्य को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे कर्मियों का सम्मान अन्य कर्मियों के लिये प्रेरक होता है। समारोह में उपस्थित ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक अशोक कुमार, जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक, एनके बिजौरा सहित निदेशक जीसी मुखर्जी एचआर नरवरे, ने पुरस्कृत कर्मियों को बधाई दी एवं भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनायें दी।

पुरस्कृत विद्युतकर्मी

वार्षिक पुरस्कार समारोह में पुरस्कृत हुये कर्मियों में श्रीमती रूना थवाईत, प्रतिभा रावटे, अनिमा मेरी खलको, देवीना साहू, प्राची अग्रवाल सिन्हा सहित सर्वश्री गंगा प्रसाद बंजारे, राहुल सिंह, दिनेश कुमार सिन्हा, हदृय राम रावते, श्रीकांत साहू, सुखराम बड़ा, प्रमोद कुमार टण्डन, यू.एम. नवरे, बरूण चक्रवर्ती, मनोज वर्मा, एम रामाकृष्णा, अजय कुमार सिन्हा, निर्मल प्रसाद दास, किशोर बजाज, उराधेश्याम केशरवानी, निसार अहमद शेख, राजेन्द्र कुमार दुरूगकर, रामेश्वर नागतोड़े, जागेश्वर साहू, विमलेश पटेल शामिल है।

शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में 30 जनवरी को 'शहीद दिवस' पर पॉवर कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन डंगनिया प्रागंण में प्रातः 11.00 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि दी जायेगी।



संपादकीय

बड़बोले नेताओं की विवादास्पद बयानबाजी

जब भी देश में कही भी चुनाव होते है बयानवीर नेताओं की जमात आगे आ जाती है और विवादास्पद बयानों की बौछार करने लगती है। नई दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए ज्यों-ज्यों प्रचार अभियान जोर पकड़ रहा है ज्यों-ज्यों विवादास्पद बयानबाजी की प्रतिस्पर्धा भी तेज होती जा रही है। कोई गोली मारने की बात कर रहा है तो कोई एक धर्म विशेष के धार्मिक स्थलों को हटाने की बात कर रहा है। तो कोई दिल्ली के चुनाव की तुलना भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाली जंग से कर रहा है। कुल मिलाकर नई दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी जनहित से जुड़े मुद्दों की बात न कर धर्म और जाती के नाम पर विवाद खड़ा किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने ऐसे बयानवीर नेताओं को नोटिस जरूर जारी किया है लेकिन उस नोटिस का इन बड़बोले नेताओं पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। हर चुनाव के दौरान यह देखा जाता है कि बड़बोले नेता जो मुंह में आए वो बोल देते है। विवादास्पद बयानबाजी कर के कई बार तो वे अपनी ही पार्टी के लिए मुसीबत को सामान खड़ा कर देते है। पार्टी हाईकमान भी बोलवचन करने वाले ऐसे नेताओं को नसीहत देकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेता है। कभी कभार ही ऐसे बयानवीर नेताओं पर हल्की-फुल्की अनुशासात्मक कार्यवाही की जाती है उन्हे कुछ समय के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया जाता है और मामला ठंडा पड़ते ही उन्हे फिर से बहाल कर दिया जाता है। यही वजह है कि ऐसे बयानवीर नेता विवादास्पद बयानबाजी करने से बाज नहीं आते जब तक ऐसे नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही का प्रावधान नहीं किया जाएगा तब तक उनकी जुबान पर लगाम नहीं लग पाएगी। नई दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। अपनी लकीर को बड़ा दिखाने के लिए दुसरे की लकीर को छोटा करने की कोशिश की जा रही है। दरअसल चुनाव जीतने के लिए हर राजनीतिक पार्टी हर हथकंडा अपनाती है। उनका मानना है कि मोहब्बत और अदावत की तरह ही सियासत में भी सब कुछ जायज है। यही वजह है कि राजनीतिक शुचिता खत्म होने लगी है। इस तरह की विवादास्पद बयानबाजी के कारण आपसी सौहाद्र भी बिगड़ता है, और तनाव की स्थिति निर्मित होने लगती है।

विचार

यूरोप में भारत-विरोध

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

यूरोपीय संघ की संसद में अब भारत की डटकर भर्त्सना होनेवाली है। उसके 751 सदस्यों में से 600 से भी ज्यादा ने जो प्रस्ताव यूरोपीय संसद में रखे हैं, उनमें हमारे नए नागरिकता कानून और कश्मीर के पूर्ण विलय की कड़ी आलोचना की है। जिन सांसदों ने इस कानून को भारत का आतंरिक मामला माना है और भारत की भर्त्सना नहीं की है, उन्होंने भी अपने प्रस्ताव में कहा है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आनेवाले शरणार्थियों में धार्मिक भेद-भाव नहीं किया जाना चाहिए। मेरी खुद की राय भी यही है लेकिन मैं यह भी मानता हूं कि यूरोपीय संसद को किसी देश के आंतरिक मामले में टांग अड़ाने का कोई अधिकार नहीं है। वहां ये प्रस्ताव शफ्फाक मुहम्मद नामक एक पाकिस्तानी मूल के सांसद के अभियान के कारण लाए जा रहे हैं। इसीलिए इन प्रस्तावों में भारत-विरोधी अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया है। हमारे लोकसभा-अध्यक्ष ओम बिड़ला ने इस संबंध में यूरोपीय संघ के अध्यक्ष को पत्र भी लिखा है। मान लें कि यूरोपीय संसद इन प्रस्तावों को पारित कर देती है तो भी क्या होगा ? कुछ नहीं। भारत की संसद भी चाहे तो यूरोपीय संसद के विरुद्ध प्रस्ताव पारित कर सकती है लेकिन हम भारतीयों को यूरोपीय लोगों की एक मजबूरी को समझना चाहिए। हिटलर के जमाने में यहूदियों पर जो अत्याचार हुए थे, उनसे आज भी कांपे हुए यूरोपीय लोग दूसरे देशों की घटनाओं को उसी चश्मे से देखते हैं। वे भारत की महान और उदार परंपरा से परिचित नहीं हैं। इस समय यूरोपीय देशों के साथ भारत का व्यापार सबसे ज्यादा है। मार्च में भारत और यूरोपीय संघ की शिखर-बैठक होनेवाली है। कहीं ऐसा नहीं हो कि दोनों के बीच ये प्रस्ताव अड़ंगा बन जाएं। इससे दोनों पक्षों को काफी हानि हो सकती है। इसीलिए फ्रांसीसी दूतावास ने सफाई देते हुए कहा है कि यूरोपीय संसद की राय को यूरोपीय संघ की आधिकारिक राय नहीं माना जा सकता है। यदि ऐसा है, तो यह अच्छा है लेकिन भारत सरकार चाहे तो अगले सप्ताह शुरु होनेवाले संसद के सत्र में इस नए नागरिकता कानून में आवश्यक संशोधन कर सकती है।

टेक ज्ञान

नोकिया का नया फीचर फोन

नई दिल्ली। नोकिया का अपने फीचर फोन पोर्टफोलियो पर मजूबत भरोसा बना हुआ है। कंपनी ने अपने फीचर फोन्स की कनेक्टिविटी को 2जी से 4जी में अपग्रेड किया है। नोकिया अब धांसू स्पेसिफिकेशंस वाला एक नया फीचर फोन लाने जा रही है। नोकिया का नया फीचर फोन 4जी कनेक्टिविटी वाला होगा और इसका नाम नोकिया 400 4जी हो सकता है। नोकिया का यह फीचर फोन मॉडल नंबर टीए -1208 के साथ आया है। नोकिया के इस फोन को हाल में ब्लूटूथ सर्टिफिकेशन और वाई-फाई अलायंस मिला है।

महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर विशेष

ऐसे थे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी

श्वेता गोयल

> गांधी जी एक बार चम्पारण से बतिया रेलगाड़ी में सफर कर रहे थे। गाड़ी में अधिक भीड़ न होने के कारण वे तीसरे दर्जे के डिब्बे में जाकर एक बर्थ पर लेट गए। अगले स्टेशन पर जब रेलगाड़ी रूकी तो एक किसान उस डिब्बे में चढ़ा। उसने बर्थ पर लेटे हुए गांधी जी को अपशब्द बोलते हुए कहा, ''यहां से खड़े हो जाओ। बर्थ पर ऐसे पसरे पड़े हो, जैसे यह रेलगाड़ी तुम्हारे बाप की है।'' गांधी जी किसान को बिना कुछ कहे चुपचाप उठकर एक ओर बैठ गए। तभी किसान बर्थ पर आराम से बैठते हुए मस्ती में गाने लगा, ''धन-धन गांधी जी महाराज! दु:खियों का दु:ख मिटाने वाले गांधी जी ...।'' रोचक बात यह थी कि वह किसान कहीं और नहीं बल्कि बतिया में गांधी जी के दर्शनों के लिए ही जा रहा था लेकिन इससे पहले उसने गांधी जी को कभी देखा नहीं था, इसलिए रेलगाड़ी में उन्हें पहचान न सका।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ईमानदारी, स्पष्टवादिता, सत्यनिष्ठा और शिष्टता के कई किस्से प्रचलित हैं, जिनसे उनके महान् व्यक्तित्व की स्पष्ट झलक मिलती है। ऐसी ही एक घटना दक्षिण अफ्रीका की है। एक प्रसिद्ध व्यापारी रूस्तम जी गांधी जी के मुवक्किल और निकटतम सहयोगी भी थे। वे अपने सभी कार्य अक्सर गांधी जी की सलाह के अनुसार ही किया करते थे। कलकत्ता और बम्बई से तब उनका काफी सामान आता था, जिस पर वे चुंगी चुराया करते थे। उन्होंने यह बात सदैव गांधी जी से छिपाए रखी। एक बार चुंगी अधिकारियों द्वारा उनकी यह चोरी पकड़ ली गई और उनके जेल जाने की नौबत आ गई। वे दौड़े-दौड़े गांधी जी के पास पहुंचे और पूरा वृतांत उन्हें सुना डाला। गांधी जी ने उनकी पूरी बात गौर से सुनने के बाद उन्हें उनके अपराध के लिए कड़ी फटकार लगाते हुए सलाह दी कि तुम सीधे चुंगी अधिकारियों के पास जाकर अपना अपराध स्वयं स्वीकार कर लो, फिर भले ही इससे तुम्हें जेल क्यों न हो जाए। गांधी जी की सलाह मानकर रूस्तम जी तुरंत चुंगी अधिकारियों के पास पहुंचे और अपना अपराध स्वीकार कर लिया। चुंगी अधिकारी उनकी स्पष्टवादिता से प्रसन्न हुए और उन्होंने उन पर मुकद्दमा चलाने का विचार त्यागकर उनसे चुंगी की बकाया राशि से दोगुनी राशि वसूलकर उन्हें छोड़ दिया।

एक बार महात्मा गांधी श्रीमती सरोजिनी नायडू के साथ बैडमिंटन खेल रहे थे। श्रीमती नायडू के दाएं हाथ में चोट लगी थी। यह देखकर गांधी जी ने भी अपने बाएं हाथ में ही रैकेट पकड़ लिया। श्रीमती नायडू का ध्यान जब इस ओर गया तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ी और कहने लगी, ''आपको तो यह भी नहीं पता कि रैकेट कौनसे हाथ में पकड़ा जाता है?'' इस पर बापू ने जवाब दिया, ''आपने भी तो अपने दाएं हाथ में चोट लगी होने के कारण बाएं

> एक बार महात्मा गांधी श्रीमती सरोजिनी नायडू के साथ बैडमिंटन खेल रहे थे। श्रीमती नायडू के दाएं हाथ में चोट लगी थी। यह देखकर गांधी जी ने भी अपने बाएं हाथ में ही रैकेट पकड़ लिया। श्रीमती नायडू का ध्यान जब इस ओर गया तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ी और कहने लगी, ''आपको तो यह भी नहीं पता कि रैकेट कौनसे हाथ में पकड़ा जाता है?'' इस पर बापू ने जवाब दिया, ''आपने भी तो अपने दाएं हाथ में चोट लगी होने के कारण बाएं हाथ में रैकेट पकड़ा हुआ है और मैं किसी की भी मजबूरी का फायदा नहीं उठाना चाहता। अगर आप मजबूरी के कारण दाएं हाथ से रैकेट पकड़कर नहीं खेल सकती तो मैं अपने दाएं हाथ का फायदा क्यों उठाऊं?'' गांधी जी एक बार चम्पारण से बतिया रेलगाड़ी में सफर कर रहे थे। गाड़ी में अधिक भीड़ न होने के कारण वे तीसरे दर्जे के डिब्बे में जाकर एक बर्थ पर लेट गए। अगले स्टेशन पर जब रेलगाड़ी रूकी तो एक किसान उस डिब्बे में चढ़ा। उसने बर्थ पर लेटे हुए गांधी जी को अपशब्द बोलते हुए कहा, ''यहां से खड़े हो जाओ। बर्थ पर ऐसे पसरे पड़े हो, जैसे यह रेलगाड़ी तुम्हारे बाप की है।''

हाथ में रैकेट पकड़ा हुआ है और मैं किसी की भी मजबूरी का फायदा नहीं उठाना चाहता। अगर आप मजबूरी के कारण दाएं हाथ से रैकेट पकड़कर नहीं खेल सकती तो मैं अपने दाएं हाथ का फायदा क्यों उठाऊं?'' गांधी जी एक बार चम्पारण से बतिया रेलगाड़ी में सफर कर रहे थे। गाड़ी में अधिक भीड़ न होने के कारण वे तीसरे दर्जे के डिब्बे में जाकर एक बर्थ पर लेट गए। अगले स्टेशन पर जब रेलगाड़ी रूकी तो एक किसान उस डिब्बे में चढ़ा। उसने बर्थ पर लेटे हुए गांधी जी को अपशब्द बोलते हुए कहा, ''यहां से खड़े हो जाओ। बर्थ पर ऐसे पसरे पड़े हो, जैसे यह रेलगाड़ी तुम्हारे बाप की है।''

गांधी जी किसान को बिना कुछ कहे चुपचाप उठकर एक ओर बैठ गए। तभी किसान बर्थ पर आराम से बैठते हुए मस्ती में गाने लगा, ''धन-धन गांधी जी महाराज! दु:खियों का दु:ख मिटाने वाले गांधी जी ...।'' रोचक बात यह थी कि वह किसान कहीं और नहीं बल्कि बतिया में गांधी जी के दर्शनों के लिए ही जा रहा था लेकिन इससे पहले उसने गांधी जी को कभी देखा नहीं था, इसलिए रेलगाड़ी में उन्हें पहचान न सका। बतिया पहुंचने पर स्टेशन पर जब हजारों लोगों की भीड़ ने गांधी जी का स्वागत किया, तब उस किसान को वास्तविकता का अहसास हुआ और शर्म के मारे उसकी नजरें झुक गई। वह गांधी जी के चरणों में गिरकर उनसे क्षमायाचना करने लगा। गांधी जी ने उसे उठाकर प्रेमपूर्वक अपने गले से लगा लिया।

बात उन दिनों की है, जब गांधी जी सश्रम कारावास की सजा भुगत रहे थे। एक दिन जब उनके हिस्से का सारा काम समाप्त हो गया तो वे खाली समय में एक ओर बैठकर एक पुस्तक पढ़ने लगे। तभी जेल का एक संतरी दौड़ा-दौड़ा उनके पास आया और उनसे कहने लगा कि जेलर साहब जेल का मुआयना करने इसी ओर आ रहे हैं, इसलिए वो उनको दिखाने के लिए कुछ न कुछ काम करते रहें लेकिन गांधी जी ने ऐसा करने से साफइन्कार कर दिया और कहा, ''इससे तो बेहतर होगा कि मुझे ऐसे स्थान पर काम करने के लिए भेजा जाए, जहां काम इतना अधिक काम हो कि उसे समय से पहले पूरा किया ही न जा सके।''

राजस्व बढ़ाने के लिए टैक्स नेट बढ़ाना जरूरी

वेतन एचं पेंशन भोगियों पर टैक्स घटना चाहिए

नंतू बनर्जी

> वित्त वर्ष 2018-19 तक के समय-श्रृंखला के आंकड़ों और आय 2018-19 के लिए आय-वितरण के आंकड़ों (वित्तीय वर्ष 2017-18) के लिए सभी कर दाताओं को मिलाकर, एक करोड़ रुपये से अधिक की कर योग्य आय वाले लोगों की संख्या सालाना बस 1.67 लाख के आसपास पहुंच गया। 15 अगस्त, 2019 तक केवल 5.87 करोड़ आयकर रिटर्न (डिजिटल हस्ताक्षरित और ई-सत्यापित) दर्ज किए गए। आंकड़ों से पता चला कि 5.52 करोड़ से अधिक व्यक्ति, 11.3 लाख हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ), 12.69 करोड़ फर्म और 8.41 लाख कंपनियां रिटर्न दाखिल करने वालों में से थीं। व्यक्तियों और उनके उपभोग पैटर्न के साथ देश के धन सृजन की प्रवृत्ति को देखते हुए यह शायद ही प्रभावशाली है।

120 करोड़ से अधिक टेलीफोन ग्राहक, 25 करोड़ मोटर वाहन उपयोगकर्ता, लगभग पांच करोड़ विदेशी अवकाश पाने वाले, 17.10 करोड़ घरेलू हवाई यात्री, 38 करोड़ स्थायी (आयकर) खाता संख्या काड धारक, 12 लाख से अधिक सक्रिय पंजीकृत कंपनियां, 10 लाख से अधिक पंजीकृत डॉक्टर, करीब 20 लाख वकीलों (बार काउंसिल के अनुसार) के रूप में सेवारत तीन लाख चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए), सभी प्रकार के सलाहकारों के लाखों, रियल एस्टेट से लेकर प्रबंधन सेवाओं, और करोड़ों व्यापारियों तक - किराणा की दुकानों से होम डिलीवरी प्रतिष्ठानों के लिए सड़क के किनारे फेरी लगाने वाले। ये 2019 में भारत के लिए प्रभावशाली आंकड़े हैं।

ई-कॉमर्स खुदरा व्यापार भारत के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से है और यह 36.7 बिलियन को छूने के लिए 52 प्रतिशत की सीएजीआर (कंपाउंड वार्षिक विकास दर) बढ़ने की उम्मीद है। एक साथ, वे देश की वर्तमान जीडीपी में लगभग 3 ट्रिलियन डॉलर की मदद करते हैं। इसके अलावा, यह ध्यान रखना दिलचस्प है कि वर्तमान में 3,00,000 से अधिक भारतीय छात्र विदेशों में पढ़ते हैं। चीन के बाद भारत अंतरराष्ट्रीय छात्रों का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है। स्थानीय मुद्रा में विदेश में प्रति भारतीय छात्रों की वार्षिक लागत 9 लाख रुपये से लेकर 15 लाख रुपये तक होती है। अमीर छात्र और भी अधिक खर्च करते हैं। भारतीय पहले की तरह खर्च कर रहे हैं। कोई शिकायत नहीं कर रहा है। यह एक जीवंत अर्थव्यवस्था उत्पन्न करता है। यह ताजा मांग पैदा करता है, उत्पादन और आपूर्ति में निवेश को प्रेरित करता है और रोजगार पैदा करता है। अर्थव्यवस्था बढ़ती है। पर क्या सरकार के कर राजस्व में वृद्धि हो रही है?

बिल्कुल नहीं। व्यय का पैटर्न सरकार की राजस्व आय पर सही प्रभाव नहीं डाल रहा है। जब सरकार को व्यक्तिगत आयकर का भुगतान करने की बात आती है, तो वास्तविक करदाताओं की संख्या देश की आबादी के पांच प्रतिशत से भी कम हो जाती है। यह केवल यह बताता है कि पिछले कुछ वर्षों में बड़ी संख्या में कर चोरी करने वालों और कर से बचने के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर जाल के आयोजन और प्रसार में देश का राजस्व विभाग कितना अक्षम रहा है। परिणामस्वरूप, करदाताओं और कर से बचने वालों के कर बोझ को साझा करने के लिए ईमानदार नियमित कर दाता बनते हैं। विडंबना यह है कि वेतनभोगी, पेंशनभोगी और बैंक और डाकघरों से होने वाली बचत से पूरी तरह जीवन यापन करने वाले लोग अब भी सरकार के आयकर संग्रह विभाग के प्रमुख निशाना बने हुए हैं।

वास्तव में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण देश के आय के विविध स्रोतों और व्यक्तिगत व्यय को ध्यान में रखते हुए प्रत्यक्ष कर जाल के विस्तार के लिए राजस्व विभाग को प्रेरित करने और नियमित करदाताओं पर कर के बोझ को कम करने के लिए अच्छा काम करेंगी। निश्चित रूप से, प्रति वर्ष 10 लाख रुपये से कम आय वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए और बैंकों, कंपनियों और सरकारी बांडों के साथ सावधि जमा से पेंशन और आय पर रहने वाले लोगों के लिए आयकर में कटौती का एक मजबूत मामला बनता है। 2020-21 के लिए केंद्रीय बजट, मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के तहत पहला पूर्ण-वर्ष का बजट, कर के शुद्ध विस्तार और मौजूदा निम्न और मध्यम आयकर समूह कर दाताओं पर प्रत्यक्ष कर के बोझ को कम करने के लिए गुंजाइश और अवसर पर ध्यान देगा। यह समय है कि सरकार टैक्स स्लैब के साथ-साथ टैक्स दरों में भी बदलाव करे। व्यक्तिगत शेयरधारकों के प्रति वर्ष 30 लाख पर कर लगाया जाना चाहिए। अगले वित्तीय वर्ष के बजट के माध्यम से, सरकार को उपभोग बढ़ाने और विकास को पुनर्जीवित करने के तरीकों पर नजर रखने के लिए कर उपकरण का उपयोग करना चाहिए। प्रत्यक्ष करों की समीक्षा के लिए गठित समिति ने 10 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले लोगों के लिए 10 प्रतिशत व्यक्तिगत आयकर दर की मांग की है। 10 लाख रुपये से अधिक और 20 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों के लिए 20 प्रतिशत, 20 लाख रुपये से अधिक और 2 करोड़ रुपये तक की आय के लिए 30 प्रतिशत और 2 करोड़ रुपये से अधिक की आय के लिए 35 प्रतिशत। वर्तमान में, 2.5 लाख रुपये तक की वार्षिक आय कर मुक्त है। 2.5-5 लाख रुपये की आय पर पांच प्रतिशत कर लगाया जाता है। 20 प्रतिशत पर 5-10 लाख रुपये और 30 प्रतिशत पर 10 लाख रु। ये स्लैब कई वर्षों से स्थिर हैं, हालांकि सरकार छूट के माध्यम से निचले छोर पर राहत प्रदान कर रही है। समिति ने वर्तमान आयकर छूट सीमा में कोई बदलाव करने का सुझाव नहीं दिया है। टास्क फोर्स ने ऊपरी सीमा पर आय पर अधिभार को हटाने का भी सुझाव दिया। दुर्भाग्य से, बढ़ती खपत की प्रवृत्ति पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, उन कर से बचने या विशिष्ट उपभोक्ताओं को बचाने के लिए प्रत्यक्ष कर जाल का विस्तार करने के लिए अभिनव साधनों की पहचान करने और लागू करने के लिए कोई गंभीर पहल नहीं है।

सरकार के आयकर संग्रह के सांख्यिकीय विवरण एक अप्रभावी रीडिंग बनाते हैं। यह शायद ही वर्तमान खपत की प्रवृत्ति को दर्शाता है। राजस्व विभाग द्वारा जारी किए गए कर रिटर्न के आंकड़ों के अनुसार, आकलन वर्ष (।ल् 2018-19) के दौरान भारत में करदाताओं की संख्या केवल 97,689 थी।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

किसी दिवस जब

किसी दिवस जब मौन स्वयं में शोर बन जाये। जब सश्रम अर्जित अहंकार की पूंजी बोझील कर दे तुम्हारे चित्त के नीड़ को। तब तुम,हां तब तुम अवहेलनाओ के द्वार खोलकर देखना तुम देखना कि हमारे बोए हुए पौधे अब पेड़ बन चुके हैं और देखना उन पर हर मौसम में नए रंग उतरते है।

- कुलदीप वर्मा

मुहब्बत हर किसी को

मुहब्बत हर किसी को कब कहाँ ये रास आती है दिवाना करती है पहले ये फिर पागल बनाती है संभालो याद को अपनी सुनों तुम पास ही अपने सताती है रुलाती है चली बे वक़्त आती है।

- लक्ष्मी माहोर

खास पाती | भारत माता का श्रृंगार करे

आओ !!! भारत माता का श्रृंगार करे आओ नवल अल्पना निर्माण करें चैतन्यता का आव्हान करें निराशा के वलय से अनावृत होकर स्फूर्त आशा का संचार करें मेरा तेरा से परे सरककर मिलजुल हम कदमताल करें स्वप्नलोक आलस्य त्यागें श्रम कर्मठता में नाम करें शिशुओं सम वृद्ध खिलखिलाएं होठों पे उनके मुस्कान धरें सलमा पिंकी पीटर हरविंदर अपने आस्था विश्वास का पुनर्निर्माण करें आओ ! मिलकर भारत माँ का श्रृंगार करें भारत अपना विश्वगुरु है,,,रहेगा सुंदर स्वप्न साकार करें

- ज्योत्सना सक्सेना

हिन्दू हमेशा हिंदी भाषी नहीं हो सकता



कोई भी हिन्दू हमेशा हिंदी भाषी नहीं हो सकता.... बंगाली हिन्दू भी होते हैं, मराठी भी, तमिल भी, तेलगु भी, पंजाबी भी, असमी भी... हिन्दुओं को उनकी भाषा से नही... उनके विचारों भावनाओं से जोड़ना सीखो। अगर भाषा को भेदभाव का आधार बनाते रहोगे तो ना हिन्दू कभी एक होगा... और ना हिन्दुराष्ट्र ही बनेगा..!

- कुमार संतोष

मैं हिन्द की हूँ बेटी मुहब्बत है

मैं हिन्द की हूँ बेटी मुहब्बत है हिन्द से, सिर क्यों नहीं झुके मेरा अज़्मत है हिन्द से!! घुस जाता क्यूँ है चुपके से सीमान में मेरे, विषदन्त क्यूँ छुपा रखा ईमान में तेरे, आ तान के तू लड़ ले जो हिम्मत है हिन्द से!! सिर क्यों न झुके मेरा अज़्मत है हिन्द से!!

- रूबी कमल झा

हार कर अपने ही दिल को

हार कर अपने ही दिल को मुझे मनाना पड़ा हो गए तुम जुदा तो दूर मुझे भी जाना पड़ा कोई बताएगा ख़ता क्या थी मेरी इसमें इशूक क्या किया गम से मुझे नहाना पड़ा इतना रोई कि आँसुओं ने भी तौबा कर ली झील के नीचें खुद को बूँदों से बचाना पड़ा पढ़ सका न गम जब कोई मेरी आँखों का फिर तो रोने पर भी मुझे मुस्कुराना पड़ा। - निरू श्रीवास्तव

ज़िन्दगी जीना भी क्या यूँ मन को

ज़िन्दगी जीना भी क्या यूँ मन को मारकर चल ज़रा खुद से भी थोड़ा सा तू प्यार कर ज़िस्म को मजबूत कर बुद्धी को धार कर और न कुछ भी कर सके, आलस पे वार कर दाग़ ये मर्दानगी पर होगा लाज़िमी बैठ जाएगा अगर मुश्किल से हारकर। - मित्र ग़ाज़ियाबादी

भूल जाना है तो रुलाकर देख

भूल जाना है तो रुलाकर देख साथ रहना है तो हँसाकर देख तुमको मुझपर नहीं भरोसा गर प्यार मेरा तो आज़माकर देख आज फिर गुनगुना ग़ज़ल मेरी प्यार गर है तो दिल लगाकर देख मुश्क़िलें कम कभी नहीं होगीं हौसला है तो मुस्कुराकर देख रात में चाँद बन के आओ तुम रूप अपना कभी सजाकर देख आइना झूठ बोलता कब है चेहरे पे चेहरा तू लगाकर देख दिल धड़कता है नाम से तेरे दिल पे ख़ंज़र ज़रा चलाकर देख इश्क़ करना बुरा नहीं 'ऐनुल' दो दिलों को कभी मिलाकर देखञ।- 'ऐनुल' बरौलवी

चोट खाकर के मोहब्बत में अब

चोट खाकर के मोहब्बत में अब, कोई कोना वीराना ढूंढता है, रिन्द दीवाना है गमख्वार भी है, मयखाने में खजाना ढूंढता है !

- कुलदीप मिश्रा

लघु कथा- अंतर सोच का

विद्युत विभाग में नौकरी लगने के बाद गाँव से लखनऊ आकर बसे वर्मा जी जिनके दो संतानें थीं ड्ड पहली बेटी,जो बड़ी थी और दूसरा बेटा, जो बेटी से उम्र में दो साल छोटा था। सन् 2016 में बेटी की शादी हो गई।वर्मा जी का दामाद जो कि एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी में आस्ट्रेलिया में कार्यरत था, इसलिए बेटी अपने पति के साथ शादी के चार दिन बाद आस्ट्रेलिया चली गई। बेटा जो कि इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर चुका था उसे एक महीने बाद बंगलुरु में नौकरी मिल गई।वर्मा जी को इस बात की खुशी थी कि उनके दोनों बच्चे सेटल हो गए हैं ; साथ ही इस बात का दुख भी था कि अब घर में वे दोनों- पति-पत्नी ही हैं। एक दिन अचानक कपूरथला चौराहे पर जाम में उनकी मुलाकात अपने बचपन के मित्र सुरेश से हो गई, जो कि एक ज़िंदादिल इंसान थे। सुरेश ने नमस्कार करते हुए पूछा- और भाई वर्मा जी क्या हाल-चाल है? बच्चे क्या कर रहे हैं? वर्मा जी ने उदास और दुखी स्वर में बताया ड्ड शादी के बाद बेटी तो दामाद के साथ आस्ट्रेलिया चली गई है और बेटा अंकुर बंगलुरु में आई टी कंपनी में जॉब कर रहा है। घर में तो बस मैं और तुम्हारी भाभी ही हैं। सुरेश, जिसका एक ही लड़का था और वह फ्रांस में काम कर रहा था, ने मुस्कुराते हुए अपने दोस्त वर्मा जी से कहा- मतलब आपका भी मेरी तरह सेकेंड हनीमून शुरू। ज़िन्दगी के मज़े लीजिए मित्र!

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1530 - मेवाड़ के राणा संग्राम सिंह का निधन। 1649 - इंग्लैंड के सम्राट 'चार्ल्स प्रथम' का सिर कलम किया गया। 1790 - पहली लाइफब्वोट को टायन नदी में उतारा गया। 1889 - प्रसिद्ध हिन्दी साहित्यकार जयशंकर प्रसाद का जन्म हुआ। 1903 - लॉर्ड कर्जन ने कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) के मेटकॉफ हॉल में 'इंपीरियल लाइब्रेरी' का उद्घाटन किया। 1910 - भारतीय राजनेता, वकील और पूर्व रक्षा मंत्री चिदंबरम सुब्रमण्यम का जन्म। 1911 - 'कैनेडियन नेवल सर्विस' का नाम बदलकर 'रॉयल कैनेडियन नेवी' किया गया। 1913 - प्रसिद्ध भारतीय महिला चित्रकार अमृता शेरगिल का जन्म हुआ। 1933 - एडॉल्फ हिटलर ने जर्मनी के चांसलर के तौर पर शपथ ली।

न्यूज गैलरी

गांधी पुण्यतिथि पर आज परिचर्चा

भिलाई। महात्मा गांधी की 150 वीं जन्म तिथि के वर्ष में भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक धरोहर निधि (इनटैक) के दुर्ग.भिलाई चैप्टर द्वारा महाविधालयीन विद्यार्थियों के लिए एक परिचर्चा का आयोजन गांधी पुण्य तिथि 30 जनवरी को प्रातः11 बजे साई महाविद्यालय सेक्टर.6 में किया गया है। महाविद्यालय प्रबंधन के सहयोग से गांधी की विचारों की प्रासिंगकता पर आयोजित इस परिचर्चा में प्रसिद्ध लेखक व गांधीवादी चिंतक विधिवेत्ता कनक तिवारी विधार्थियों से संवाद करेंगे। उक्त जानकारी डॉ डीएन शर्मा संयोजक (इनटैक) दुर्ग भिलाई चैप्टर ने दी।

19वीं बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 22 को

भिलाईनगर। 19वीं सीनियर मिस्टर एवं मिस फिजिक राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग (महिला पुरुष), दिव्यागं प्रतियोगिता का आयोजन 22 फरवरी 2020 को भिलाई 3 में आयोजित किया जा रहा है' डी बॉडी फिटनेश जिम द्वारा 'एक लाख नगद पुरस्कार' विजेता खिलाड़ी को मैडल, ट्रॉफी तथा सर्टीफिकेट से सम्मानित किया जाएगा। इस भव्य प्रतियोगिता का आयोजन नीतीश दुबे संचालक डी. बॉडी फिटनेश जिम भिलाई 3 व छत्तीसगढ़ प्रदेश बाडी बिल्डर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में किया जाएगा है। इसी प्रतियोगिता में इन्दौर मे आयोजित सीनियर नेशनल स्पर्धा के लिए छग प्रदेश टीम का चयन भी किया जाएगा।

आज मौन धारण

दुर्ग। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की याद में 30 जनवरी को सुबह 11 बजे देशभर में 2 मिनट का मौन धारण रखकर उनके शहादत को स्मरण किया जाएगा। इसके लिए जहां साइरन की उपलब्धता हो वहां मौन धारण करने की सूचना 10.59 बजे से 11 बजे तक देने कहा। साथ ही मौन धारण समाप्त होने की सूचना 11.02 बजे से 11.03 बजे तक साइरन बजाकर देने कहा गया है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ब्लाक में लहराया कांग्रेस का परचम

जिला पंचायत के 4 में से 3 में और जनपद पंचायत के 24 में से 17 क्षेत्रों में कांग्रेस को मिली जीत

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव में मिली ऐतिहासिक सफलता के बाद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी कांग्रेस ने जोरदार आगाज की है। मंगलवार को दुर्ग ब्लाक में प्रथम चरण के लिए हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अधिकांश निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस ने अपना परचम लहराया है। जिला पंचायत चुनाव के 4 निर्वाचन क्षेत्रों में से जहां कांग्रेस ने 3 निर्वाचन क्षेत्रों में अपना कब्जा जमाया है, वहीं 24 सदस्यीय वाले दुर्ग जनपद पंचायत के चुनाव में कांग्रेस समर्थित 13 प्रत्याशी चुनाव जीतकर आए है। इस चुनाव में कांग्रेस बागी 4 प्रत्याशी भी चुनाव जीतने में सफल रहे है। इसके अलावा सरपंच व पंच के पदों पर भी अधिकांश गांवों में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों के विजयी होने की खबर है। दुर्ग ब्लाक में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों को जीत मिलने के बाद कांग्रेस खेमे में जश्न का माहौल है। यह जश्न गांवों में दिनभर चलता रहा।

ब्लाक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के मतगणना उपरांत निर्वाचन क्षेत्रों से आई खबरों के मुताबिक जिला पंचायत चुनाव में निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-5 से पुष्पा यादव कांग्रेस, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-6 से शालिनी रिवेन्द्र यादव कांग्रेस, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-7 से माया बेलचंदन भाजपा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-8 से योगिता चंद्राकर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-7 से नवनिर्वाचित माया बेलचंदन वर्तमान में दुर्ग जिला पंचायत की अध्यक्ष है। उन्होने लगातार दूसरी बार चुनाव जीता है। वहीं निर्वाचन क्षेत्र क्रं.-6 से चुनाव जीती शालिनी यादव दुर्ग ब्लाक सरपंच संघ के अध्यक्ष व कांग्रेस नेता रिवेन्द्र यादव की पत्नी है। जबकि इस चुनाव में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन की पत्नी मोक्ष बेलचंदन, दुर्ग जनपद पंचायत की अध्यक्ष संतोषी कृष्णा देशमुख और दुर्ग जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष संजय देशमुख की पत्नी शेष देशमुख को पराजय का सामना करना पड़ा।

इसी प्रकार दुर्ग जनपद पंचायत के चुनाव में निर्वाचन क्षेत्र क्र.1 से सरस्वती सेन कांग्रेस, 2 से भाना बाई भाजपा, 3 से अजय वैष्णव कांग्रेस, 4 से श्रीमती भुनेश्वरी ठाकुर कांग्रेस, 5 से नोहर साहू निर्दलीय, 6 से कृष्ण मूर्ति यादव कांग्रेस, 7 से प्रीति वैष्णव भाजपा, 8 से हीरामणि देशमुख कांग्रेस, 9 से माहेश्वरी जगदीश अहंकारा भाजपा, 10 से अनिल बंजारे निर्दलीय,11 से दीपिका चंद्राकर कांग्रेस, 12 से ज्ञानेश्वर मिश्रा कांग्रेस, 13 से टिकेश्वरी देशमुख कांग्रेस, 14 से हरेंद्र धृतलहरे निर्दलीय, 15 से दुमेश्वरी देशमुख निर्दलीय,16 से हेमकुमारी निर्दलीय, 17 से रूपेश देशमुख कांग्रेस, 18 से मनीष चंद्राकर निर्दलीय, 19 से देवेंद्र देशमुख कांग्रेस, 20 से बुधवनतीं मधुकर निर्दलीय, 21 से राकेश हिरवानी कांग्रेस, 22 से झमित गायकवाड़ कांग्रेस, 23 से डोमन भारती कांग्रेस, 24 से लेखन साहू निर्दलीय विजयी रहे। दुर्ग जनपद पंचायत में निर्वाचन क्षेत्र क्रं.-1 से जीत दर्ज की सरस्वती सेन दुर्ग ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार सेन की पत्नी है। जबकि निर्वाचन क्षेत्र क्रं. 13 से निर्वाचित टिकेश्वरी देशमुख पूर्व में भी जनपद सदस्य रह चुके है। निर्वाचन क्षेत्र क्र. 19 से देवेन्द्र देशमुख विजयी हुए है। श्री देशमुख पूर्व में दुर्ग जनपद पंचायत के अध्यक्ष पद को सुशोभित कर चुके है। दुर्ग जनपद चुनाव में पूर्व उपाध्यक्ष महेन्द्र सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष तीरथ यादव को पराजय का सामना करना पड़ा है।

बहरहाल आए इन चुनाव परिणामों की अधिकृत घोषणा स्थानीय निर्वाचन द्वारा गुरूवार तक की जाएगी, लेकिन आए परिणामों ने जहां कांग्रेस खेमे में नगरीय निकाय चुनाव के बाद दुबारा उत्साह का संचार कर दिया है वहीं भाजपा खेमे में निराशा का माहौल छा गया है।

प्रदीप की जीत का ग्रामीणों ने मनाया जश्न

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम कुथरैल शुरु से ही चर्चित रहा है। यहां लंबे समय से बदलाव की बयार चल रही थी। इस पंचवर्षीय चुनाव में अंततः लोगों ने परिवर्तन पर मुहर लगाया और प्रेरणा प्रदीप चंद्राकर को अपना सरपंच चुना है। उन्हे कुल 967 मत प्राप्त हुए। जबकि पूर्व सरपंच के प्रत्याशी को तृतीय स्थान पर संतुष्ट होना पड़ा। वहीं गीता गजपाल 538 मत प्राप्त दूसरे स्थान पर रही। प्रेरणा प्रदीप चंद्राकर के जीत के बाद गांवों में जश्न का माहौल है।

आवेदन को गंभीरता से लेकर निराकरण करने के निगम आयुक्त ने दिए निर्देश

मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में आए 581 आवेदनों का हुआ निराकरण

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है ऐसे आवेदन जो त्वरित समाधान योग्य है उन्हें समय सीमा के भीतर निराकरण किया जा रहा है। भिलाई निगम क्षेत्र के निवासियों को आपके सरकार आपके दुआरी की परिकल्पना को साकार करने निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जिसमें वार्ड 17 वृंदानगर, वार्ड 9 कोहका, वार्ड 21 बैकुंठ धाम मंदिर के पास, वार्ड 28 मंगल बाजार सामुदायिक भवन, सियान सदन मिलन चौक एवं अंडा चौक स्थित भवन में मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, सहायक अभियंता, उप अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक वार्ड कार्यालय में उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर रहे हैं। निगम से संचालित आवश्यक सेवाएं सड़क व नाली संधारण, नवीन नल कनेक्शन, पाइप लाइन का लीकेज संधारण, गंदे पानी से संबंधित निराकरण, स्ट्रीट लाइट संधारण, निजी कार्य हेतु पानी टैंकर की बुकिंग, संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर, यूजर चार्जेस, विविध कर शुल्क, सामुदायिक भवन आरक्षण, लाइसेंस व्यापार, अनुज्ञप्ति शुल्क एवं नवीनीकरण, नालियों की सफाई, कचरे के ढेर को हटाना, सी एण्ड डी वेस्ट को हटाना, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, सामुदायिक, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, सेप्टिक टैंक की सफाई हेतु वैक्यूम बुकिंग, मृत पशुओं का निपटान, आवारा पशुओं को हटाया जाना आदि से संबंधित आवेदन मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय मे प्रातः 9 से 1 बजे के मध्य जमा किए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय मे अब तक कोहका एवं सियान सदन मिलन चौक में 139 आवेदन, वृंदानगर में 233 आवेदन, बैकुण्ठधाम मंदिर के पास वार्ड 21 में 57 आवेदन, जोन.04 वार्ड 28 मंगल बाजार सामुदायिक भवन एवं अंडा चौक मंगल भवन में 49 आवेदन तथा अन्य जोन में 103 आवेदन इस प्रकार कुल 581 आवेदन समस्याओं से संबंधित है मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय के माध्यम से निराकृत किए जा चुके हैं। आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी समय.समय पर मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय का निरीक्षण करते रहे हैं तथा जोन आयुक्तों को मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय से प्राप्त आवेदन को गंभीरता से लेकर समय सीमा के भीतर निराकरण करने के लिए आदेशित किए है साथ ही मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जानकारी देने कहा गया है।

6 बंडल प्रतिबंधित डिस्पोजल जप्त

भिलाई 3। नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा क्षेत्रातंर्गत हथखोज के मुख्य बाजार क्षेत्र से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक डिस्पोजल एवं पानी पाउच विक्रय करते पाये गये व्यापारियों के प्रतिष्ठानो पर जॉच के दौरान 09 बंडल पानी डिस्पोजल, 06 बंडल चाय डिस्पोजल, 6200 ग्राम पालिथीन एवं 05 बोरी पानी पाउच जब्त कर उन व्यवसायियों के ऊपर जुर्माना लगाकर राशि 4,800 रूपये वसूला गया। आयुक्त कीर्तिमान सिंह राठौर एवं अश्वनी चंद्राकर सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ने व्यवसायियों से अपील की है कि सिंगल यूज प्रतिबंधित प्लास्टिक डिस्पोजल, कप का विक्रय नही करें। इन सामाग्रियो के उपयोग पश्चात् इधर-उधर फेकने से नालियॉ जाम हो रही है, भोजन के कण लिप्त होने के कारण जानवर इसे खा जाते है जिसके कारण इन पशुओं का निधन भी हो जाता है।

निगम क्वाटर के 17 लोगों के खिलाफ एफआईआर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा वार्ड 7 शिक्षक नगर में स्थित निगम क्वाटरों के 17 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने थाना प्रभारी सिटी कोतवाली को आज पत्र प्रेषित किया गया है। निगम क्वाटर निवासियों द्वारा अपने निजी शौचालय का गंदा पानी व मल सार्वजनिक नाली में बहाया जाता है। जबकि इस प्रकार का कृत्य छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 216 (अ), (आ) के अंतर्गत प्रतिबंधित किया गया है। निगम आयुक्त ने बताया शिक्षक नगर के निगम क्वाटर में रहने वाले नागरिकों के द्वारा अपने-अपने घरों में निर्मित शौचलाय का गंदा पानी और मल सीधे नाली में प्रवाहित किये जाने से आस-पास जन-जनित बिमारियॉ फैलने की संभावना बनी हुई है। इन क्वाटरों में नगर पालिक निगम दुर्ग के सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी हैं और कुछ अभी भी कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी निवासरत हैं। जिन लोगों द्वारा सार्वजनिक नाली में मल प्रवाहित करने वाले बीके नेटके, मुनीर खान, ईश्वरी टिकरिहा, संतोष मिश्रा, निशांत शर्मा, कृष्ण सोनी, केशव भारद्वाज, गिरीश साहू, भूमिका यादव, प्रवीण सोनी, अनिल यादव, कल्याणी मिश्रा, शीतल कसार, करुणा तिवारी, राहुल सिंग, ऋषिराम यादव, संतोष धोबी शामिल हैं। निगम आयुक्त ने बताया कि किसी भी नाली में सिवरेज का गंदा पानी और मल सार्वजनिक रुप से बहाया जाना प्रतिबंधित है। इस प्रकार का कृत्य वे न करें। यदि आपके यहॉ शौचालय हैं तो उसके लिए सेप्टिक का निर्माण करायें, खुले सार्वजनिक नालियों में गंदगी न बहायें।

भक्ति की भूमि है वृन्दावन : नयन महाराज

दुर्ग। जवाहर नगर के खेल मैदान में आयोजित लक्षचंडी देवी महाराज एवं श्रीमद् भागवत कथा सत्संग से माहौल भक्तिमय बन गया है। वृन्दावन धाम से आए राजीव नयन महाराज व संजीव नयन महाराज की संगीतमय प्रस्तुति श्रोताओं का भाव विभोर कर रही है। महायज्ञ स्थल की परिक्रमा का कार्य सुबह से देर रात तक चल रहा है। भागवतकथा के दूसरे दिन राजीव नयन व संजीव नयन महाराज के भागवत श्रवण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि जीवन में एक बार भागवत का श्रवण अवश्य करें। भागवत कथा देवताओ के लिए दुर्लभ है। अनंत जन्म के पुण्य के प्रताप से ही भागवत कथा श्रवण करने का अवसर मिलता है। उन्होने कहा कि काशी ज्ञान, अयोध्या वैराग्य और वृदान्वन भक्ति की भूमि है। जो पुण्य गंगा स्नान से प्राप्त नही होताए जो गया और काशी से नही मिलता। वह पुण्य भागवत कथा के श्रवण से प्राप्त होता है। मनुष्य जीवन में आकर यदि भागवत कथा का श्रवण नही कियाए वह मनुष्य तो है लेकिन पशु के समान है। सृष्टि में मार का स्वरूप है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा
निविदा सूचना क्र.1)... दिनांक 24.01.2020. क्र.1. निविदा संख्या: 22195360A ... ईएमडी राशि: ₹ 26,410. ... 15.02.2020.
... www.ireps.gov.in ...
... www.ireps.gov.in ...
South East Central Railway @secrail

निर्देश के बाद एक्शन में आए महापौर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। विधायक अरुण वोरा द्वारा दिए गए निर्देश पर महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा जलगृह विभाग एवं अमृत मिशन के संबंध में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यो की समीक्षा किया गया।

समीक्षा बैठक में निगम आयुक्त इंद्रजीत बर्मन, जलकार्य प्रभारी संजय कोहले, विभाग के कार्यपालन अभियंता टीके देव, प्र. सहा. अभियंता एआर रहगडाले, उपअभियंता राजेन्द्र ढबाले, जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर एवं अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में महापौर धीरज बाकलीवाल ने ग्रीष्मऋतु को ध्यान में रखते हुये जल-जनित बिमारियों जैसे पीलिया व अन्य से निपटने जल विभाग द्वारा कारगर उपाय करने निर्देश दिए। इसके साथ ही पेयजल लिकेज को 24 घंटे के भीतर संधारित करने 30-30 वार्डो का ग्रुप बनाकर कार्य करने निर्देश दिए।

जलकार्य की समीक्षा बैठक में महापौर ने निगम के इंटेकवेल फिल्टर प्लांट के 11 एमएलडी, 24 एमएलडीजो बंद पड़े हैं तथा स्टैण्ड बाय 120 एचपी से 90. एचपी तक के सभी 9 वर्टिकल एवं सेन्ट्रिफ्यूगल पम्पों को 7 दिवस के भीतर खेलकर संधारण करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने अधिकारियों को निर्देश दिऐ।

नगर निगम में स्थापित पंप इंटेकवेल 1 एवं 2 में कुल 6 मोटर पंप में से 4 चालू है एवं 2 बंद है। फिल्टर प्लांट 11 एमएलडी, फिल्टर प्लांट 24 एमएलडी, फिल्टर प्लांट 42 एमएलडी के सभी 9 बंद मोटर पंप को संधारित कर फरवरी माह तक चालू करने कड़े निर्देश दिये। महापौर ने जियो टैगिंग निगम के 274 पावर पम्पों में से बंद पावर पंपों में 5 पावर पंप को तत्काल संधारणकर्ता एजेंसी तत्काल संधारित करें तथा शेष पम्पों को 7 दिवस के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होनें कहा संधारण एजेंसी का पुराना देयक भुगतान रुकी राशि को तत्काल भुगतान किया जावे।

80 पैकेट डिस्पोजल गिलास जप्त

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। निगम की उड़नदस्ता टीम ने लक्ष्मी मार्केट, नेहरू नगर, जीई रोड, खुर्सीपार, गोकूल नगर, एसीसी चौक व नंदनी रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले व्यवसासियों से प्रतिबंधित प्लास्टिक, डिस्पोजल गिलास, पानी पाउच व्यवसाय करने वालों का निरीक्षण कर 21500 अर्थदण्ड वसूली की। उड़नदस्ता की टीम ने निगम क्षेत्र का सघन दौरा कर पानी पाउच व डिस्पोजल गिलास का विक्रय करने वालों का निरीक्षण करते हुए कार्यवाही की। टीम ने शिव प्रसाद केशरवानी, लक्ष्मी मार्केट से 60 पैकेट व शंकर डिस्पोजल दुकान से 70 पैकेट प्लास्टिक कटोरी व डिस्पोजल गिलास जप्त करते हुए 7000 हजार जुर्माना लिया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. 381/अ-2 /2019-20 पक्षकार का नाम गायत्री अग्रवाल ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202001100400019

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती गायत्री अग्रवाल ध.प. नरेन्द्र अग्रवाल निवासी मालवीय नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं.1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरुद प.ह.न. 19 अ तह.व जिला दुर्ग	1603/95	0.015 हें 1380 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 10 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. 470/अ-2 /2019-20 पक्षकार का नाम मनीष कुमार सिंह ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202001100400

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मनीष कुमार सिंह आ. देवेन्द्र सिंह निवासी स्टील नगर केम्प-01 सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरुद प.ह.न 19 अ तह.व जिला दुर्ग	1016/2	0.027 हें 2966 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./485/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री परमिन्दर सिंह सोखी आ. शिव सिंह सोखी निवासी चौहान टाउन भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 250/67 रकबा 0.015 हें/ 1650 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा टाटीबंध कालोनी रायपुर में निर्मित एलआईजी भवन योजना के अंतर्गत, भवनों में से भवन क्रमांक एलआईजी-10 में श्री जसपाल सिंह बल पिता श्री स्व. बच्चितरसिंह बल को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 31.7.95 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 4.12.2019 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती वीणा सिंह पति श्री मोतीलाल सिंह के नाम से निष्पादित को विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक एलआईजी-51/604 में (1) श्रीमती शालिनी रंगारी पति श्री रंजीत कुमार मेश्राम (2) श्री रंजीत कुमार मेश्राम पिता श्री राजदास मेश्राम को स्ववित्तीय आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 10.10.2014 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 13.12.2019 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/भवन श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव पति श्री विवेक कुमार श्रीवास्तव के नाम से निष्पादित कर विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. वि/यां संभाग रायपुर छ.ग.

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-504/NIT-23/2019-2020/व ले लि दिनांक : 27/01/2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
Providing E/f work to Ordinary maintenance/ repair		
23 T0239	of Street light in CG Vidhansabha Campus, Raipur प्रथम आमंत्रण	5.00
23 T0240	of water Pump for Fountaion in CG Vidhansabha Campus, Raipur प्रथम आमंत्रण	4.95
Providing Ordinary maintenance for Cooler and Fan Rewinding work		
23 T0241	at Circuit House Section under PWD (E/M) Workshop Subdivision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण	3.00
23 T0242	at Pension Bada Section under PWD (E/M) Workshop Subdivision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण	2.00
23 T0243	Electrification Repairing, Replacement and Maintenance works work of minister Bunglow and Public Utility Street light at Lodhipara, Kachna and Khamardih Road, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण	5.00
23 T0244	Supply of Electrical Accessories and repaining for VIP minister Bunglow/office at pahuna Section at Shankar nagar, Raipur C.G. प्रथम आमंत्रण	5.00
Electrification work of OW/MOW/Deposit/SR/Ordinary repair work		
23 T0245	At Nagar panchayat NAGARI under Dhamtari Subdivision District Dhamtari प्रथम आमंत्रण	5.00
23 T0246	At Nagar Panchayat Kurud under Dhamtari Subdivision District Dhamtari प्रथम आमंत्रण	5.00
23 T0247	Ordinary repair and Annual maintenance of Slit/Window AC and Water Cooler under PWD E/M Subdivision Gariyaband प्रथम आमंत्रण	5.00
23 T0248	Supply and Fixing water Supply Submersible Pump Set in Govt Non Residential Building under PWD E/M Subdivision Gariaband प्रथम आमंत्रण	5.00

नोट :- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 10/02/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभागन कार्यालय में किया जा सकता है।

शर्तें- उपरोक्त कार्यों के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

जी-76461/3

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. वि/यां संभाग रायपुर छ.ग.

छात्र को स्कूल से भगाने की सूचना के बाद एसडीएम ने ली खबर

- सरस्वती शिशु मंदिर के संस्था प्रमुख को लगाई फटकार, दी समझाईस
- स्कूल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश
- क्लास लेकर बच्चों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

नवप्रदेश संवाददाता

साजा। साजा नगर में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में शनिवार 25 जनवरी को जो बच्चे स्कूल नही आये थे उसको सोमवार को स्कूल से बाहर निकाल दिया गया। जिसके कारण बच्चे 10 बजे से स्कूल के बाहर धूप में बैठकर अपने पैरेंट्स का इंतिजार करते रहे। जिसकी जानकारी साजा एसडीएम आशुतोष चतुर्वेदी को मिलते ही स्कूल पहुंचे। जिसके बाद स्कूल के प्रधानाचार्य गुनी राम साहू को कड़ी फटकार लगाई, साथ ही समझाईश दी गई कि इस प्रकार की गलती की पुनरावृत्ति ना हो। वही उस बच्चे को उनके पैरेंट्स के साथ घर भेजा। क्षेत्र के प्राइवेट स्कूलों की अपनी मनमानी चल रही हैं। इनके संस्था वाले अपने आगे किसी को कुछ भी नहीं समझते। किसी भी पालक के द्वारा किसी भी बात का विरोध करने पर कुछ नहीं कर पाने की धमकी दी जाती हैं। इतना ही नहीं उनके द्वारा अपनी पहुंच ऊपर तक व बड़े बड़े लोगों की सूची बताया जाता है।

समझाईस के बाद एसडीएम आशुतोष चतुर्वेदी ने पूरे स्कूल का घूम घूम कर निरीक्षण किया, साफ सफाई के निर्देश दिए।बच्चों की पढाई के साथ साथ खेल कूद पर भी खास तौर पर ध्यान देने की बात कहीं। एसडीएम ने सभी कक्षाओं में जाकर बच्चों की उपस्थिति देखी व उनका क्लास लिए और महत्वपूर्ण जानकारी दी। पर्यावरण संरक्षण, भूगोल जैसे विषयों पर बच्चों से सवाल जवाब किया गया, जिस पर बच्चों ने सवालों का जवाब दिया। वही एसडीएम ने वैदिक गणित का पाठ भी पढ़ाया। इस दौरान एसडीएम आशुतोष चतुर्वेदी के साथ नायब तहसीलदार नीलम सिंह पिस्दा भी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

छत्तीगढ राजपूत समाज ने किया महापौर का सम्मान

राजनांदगांव। छत्तीसगढ राजपूत समाज के पदाधिकारियों ने महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख का उनके कक्ष में सौजन्य भेंट कर महापौर बनने पर उनका सम्मान किया और उनके उज्जव भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महापौर श्रीमती देशमुख द्वारा सामाजिक कलेण्डर का विमोचन किया गया।

दो ने फांसी लगाई, एक की कुंए में मिली लाश

महासमुंद। अलग-अलग घटनाओं में सोमवार को तीन लोगों की जान चली गई, दो ने फांसी लगा कर अपनी जीवन का अंत कर लिया तो एक युवक की कुंए में लाश मिली है। चिंगरौद में सोमवार रात 1 बजे 32 वर्षीय श्रीमती मोहनी उर्फमीरा सिन्हा पति छन्नू की लाश कमरे के पंखे में फांसी पर लटकी मिली। इसी तरह पटेवा क्षेत्र के नवागांव में युवक ने कमरे में लगे पाटी में रस्सी से फांसी लगा ली। पुलिस के मुताबिक गोपाल पिता ईश्वर खड़िया (22) ने सोमवार अपरान्ह 3-5 बजे के मध्य अपने कमरे में फांसी लगा ली। दोनों मामले में आत्महत्या का कारण अज्ञात है। सरायपाली थाना क्षेत्र के बानीगिरोला में एक अज्ञात युवक की लाश मिली। सोमवार सुबह 9 बजे सुहिन बाई (50) के घर के कुंआ में युवक की लाश तैरती पाई गई। संभावना व्यक्त की जा रही है कि युवक कुंए में गिर गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई।

शराब की अवैध बिक्री करते दो बंदी

महासमुंद। कोतवाली पुलिस ने देशी शराब भट्ठी के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए दो लोगों से 17 लीटर शराब जब्त की है। दोनों आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जांच में लिया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों ही जगह घेराबंदी कर गुडरुपारा शिवचौक निवासी चुन्नुलाल यादव पिता जद्दूराम यादव (39) को गिरफ्तार किया। चुन्नु से 9 लीटर एवं रेलवे कॉलोनी निवासी नागेश राव (30) से पौने 9 लीटर शराब जब्त की गई।

कार की ठोकर से मां-बेटा घायल

महासमुंद। कार की ठोकर से एक्टिवा सवार मां-बेटे घायल हो गए, जिसमें मां की हालात गंभीर बताई जा रही है। गंगा विहार मचेवा निवासी वेदप्रकाश सिन्हा (26) 25 जनवरी की दोपहर बीमार मां को खट्टी सीएचसी से लेकर अपने घर लौट रहा था, तभी खट्टी मोड़ के पास एक मारूति कार चालक ने एक्टिवा को ठोकर मार दी जिससे मां-बेटे गिर गए, उन्हे गंभीर चोटें आई। एक्टिवा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गंभीर रूप से घायल मां-बेटे को रायपुर रिफर किया गया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफधारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

युवक से मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। पेट्रोल पंप के पास दोस्त के साथ बातचीत कर रहे युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। दरबेकेरा निवासी प्रकाश निराला पिता राम निराला (21) के मुताबिक सोमवार दोपहर साढ़े 12 बजे वह कोमाखान से घर लौट रहा था, तभी रास्ते में उनका एक दोस्त मिला जिससे बातचीत करने लगा। इस दौरान नाजिम खान उर्फसक्कु वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने नाजिम के खिलाफधारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

अज्ञात वाहन की ठोकर से कार क्षतिग्रस्त

महासमुंद। तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कांपा के पास एक अज्ञात वाहन ने कार को ठोकर मार दी। घटना में किसी को चोट नहीं आई है, लेकिन कार क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने प्रार्थी चंद्रभान अग्रवाल की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफअपराध दर्ज कर लिया है। प्रार्थी ने अपनी शिकायत में बताया कि वह समता कॉलोनी रायपुर में रहता है और स्कूल बच्चों के कार्यक्रम के काम से कार क्रमांक सीजी 04 केवी 6022 से सारंगढ़ गया था। वापस लौटते समय शाम साढ़े छह बजे ग्राम कांपा की ओर आ रहे एक अज्ञात वाहन ने मेरी कार को बगल से ठोकर मार दी।

बेस्ट सेल्फी को निर्वाचन आयोग करेगा पुरस्कृत

महासमुंद। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दौरान मतदान के पश्चात मतदाताओं द्वारा सेल्फी जोन के समक्ष मतदान के उपरांत उंगली पर लगी अमिट स्याही को प्रदर्शित करती बेस्ट सेल्फी को छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। मतदाताओं को सेल्फी लेकर आयोग को व्हाट्सएप मोबाइल नंबर 8815175560 पर भेजना होगा।

जुर्माना नहीं वसूला अब हुई संभागीय संयुक्त संचालक से शिकायत

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। प्राईवेट स्कूलों पर सख्ती और फिर सुस्ती जिसको लेकर पैरेंट्स एसोसियेशन ने नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

एक वर्ष पूर्व कुछ नामी प्राईवेट स्कूलों के खिलाफ जिला शिक्षा अधिकारी ने लाखों रूपया का जुर्माना अधिरोपित किया था, क्योंकि इन स्कूलों के द्वारा बिना अनुमति व मान्यता लिए ही स्कूल का संचालन किया जा रहा था, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी जुर्माना की राशि नहीं वसूला जा सका है।

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल का कहना है कि कई प्राईवेट स्कूलों के द्वारा बिना अनुमति व मान्यता लिये ही स्कूल का संचालन किया जा रहा था, जिसकी शिकायत हुई और जांच में यह पाया गया कि इन स्कूलों ने अनुमति व मान्यता नहीं लिया और स्कूल का संचालन कर बच्चों से फीस वसूला जा रहा है जिसके बाद डीईओ के द्वारा इन स्कूलों पर जुर्माना अधिरोपित किया, लेकिन अब तक वसूला नहीं गया, लेकिन यह स्कूल आज भी संचालित हो रही है जो शिक्षा का अधिकार कानून का स्पष्ट रूप से उल्लंघन है और इसके लिये समग्र रूप से डीईओ उत्तरदायी है, इसलिये अब संभागीय संयुक्त संचालक, दुर्ग से दस्तावेजी साक्ष्य के साथ लिखित शिकायत कर सभी दोषियों के खिलाफ तत्काल दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग किया गया है।

श्री पॉल का कहना है कि जिले मे कई प्राईवेट स्कूल बिना अनुमति व मान्यता लिए ही संचालित हो रहे है, जिसकी जानकारी डीईओ को दिया गया है, लेकिन उन स्कूलों पर भी कार्यवाही नहीं किया गया इससे ऐसा प्रतीत होता है कि शिक्षा विभाग और इन स्कूलों के बीच कुछ अनुचित समझौता हुआ है।

कमला कॉलेज की छात्राओं ने किया पुरातत्व संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण

राजनांदगांव। शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव में अंग्रेजी विभाग द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण पर जिला ग्रंथालय ले जाया गया। प्रथम वर्ष की छात्राओं के पाठ्यक्रम में 6 अध्याय कारनीय कला-संस्कृति पर आधारित हैं। अतः पठन-पाठन, अध्ययन को रूचिकर बानाने के लिए एवं छात्राओं को छग राज्य और भारतीय कला-संस्कृति से जोड़ने के लिए अंग्रेजी विभाग द्वारा प्रयास किया गया। इस भ्रमण के दौरान अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डा. हरप्रीत कौर गरचा, सहायक प्राध्यापक सुश्री सृष्टि शर्मा एवं स्नातक प्रथम वर्ष की सभी संकाय की छात्राएं उपस्थित रही।

प्रथम चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

- तीन विकासखंडों में 916 मतदान केन्द्रों में डाले गए वोट

राजनांदगांव। जिले में पंचायत आम चुनाव के प्रथम चरण का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। प्रथम चरण में राजनांदगांव, खैरागढ़ और छुईखदान विकासखंड के 916 मतदान केन्द्रों में वोट डाले गए। राजनांदगांव विकासखंड में 318, खैरागढ़ में 340 तथा छुईखदान में 258 मतदान केन्द्र थे।

मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ। मतदान का अंतिम समय 3 बजे निर्धारित था। तीनों विकासखंड में सुबह 9 बजे की स्थिति में औसत रूप से 15.44 प्रतिशत, पूर्वान्ह 11 बजे 32.66 प्रतिशत, दोपहर एक बजे 52.32 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसी तरह अपरान्ह 3 बजे तक की स्थिति में 72.75 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाल चुके थे। इनमें 72.88 प्रतिशत पुरूष तथा 72.62 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल थे। पंचायत आम चुनाव में मतदान केन्द्रों में महिलाओं और युवा मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। मतदान केन्द्रों में उम्रदराज मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। अनेक मतदान केन्द्रों में लंबी-लंबी कतारें लगी रही। मतदाता अनुशासित ढंग से अपनी बारी का इंतजार करते रहे।

राजनांदगांव विकासखंड के मुढ़ीपार नवागांव के मतदान केन्द्र 219 में 30 प्रतिशत, मतदान केन्द्र क्रमांक 220 में 31.52 प्रतिशत तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 221 में 31 प्रतिशत तक मतदान पूर्वान्ह 11 बजे तक पूरा हो गया था। दोपहर 12 बजे की स्थिति में शासकीय प्राथमिक शाला झूराडबरी मतदान केन्द्र क्रमांक 117 में 44 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। इस मतदान केन्द्र में मतदाताओं की संख्या 449 है। इनमें से 200 मतदाता 12 बजे तक वोट डाल चुके थे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघेरा के मतदान केन्द्र क्रमांक 4 में सवा 12 बजे तक रिकार्ड मतदान हो चुका था।

राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में गुरूकुल की छात्राओं का योगदान

कवर्धा। जिला की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान गुरूकुल पब्लिक स्कूल ने सदैव ही अपने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में अंशग्रहण के लिये प्रोत्साहित किया है एवं विद्यार्थियों ने भी सफलता प्राप्त की है। इस श्रृंखला में 29 वीं राष्ट्रीय जूनियर बेसबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता गुजरात के अहमदाबाद शहर में दिनांक 27 जनवरी से 31 जनवरी 2020 तक आयोजित होने जा रही है। जिसमें गुरूकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा से बालिका वर्ग में काकुली नाथ, अंकिता चंद्रवंशी, प्रियंका चंद्रवंशी तथा दुर्गा साहू छत्तीसगढ़ की टीम से प्रतिनिधित्व करेंगी। इनके साथ ही विद्यालय के खेल प्रशिक्षक राजा जोशी का टीम के कोच तथा मैनेजर के रूप में चयन हुआ है। सभी ने 26 जनवरी को अहमदाबाद के लिये प्रस्थान किया। ज्ञातव्य हो कि इन खिलाड़ियों का चयन बिलासपुर में हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आधार पर हुआ है। इन खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया था। वहीं 65 शालेय राष्ट्रीय जूनियर सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आंध्रप्रदेश के कडप्पा शहर में दिनांक 26 जनवरी से 30 जनवरी तक आयोजित होगा। इसमें विद्यालय की छात्रा विजयलक्ष्मी चंद्रवंशी का चयन हुआ है। वह छत्तीसगढ़ की टीम के साथ रवाना हो चुकी है।

कब्जेधारियों को भूमि स्वामी हक प्रदाय किया जा रहा

- महासमुंद एवं तुमगांव के विभिन्न वार्डों में राजस्व एवं नगरीय प्रशासन विभाग का विशेष कैम्प

महासमुंद। राज्य शासन द्वारा नगरीय क्षेत्रों में प्रदत्त पट्टों को भूमि स्वामी हक प्रदान करने के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना के तहत जिले में साढ़े सात हजार वर्गफीट के अतिक्रामकों को भूमि स्वामी हक प्रदाय किया जा रहा है। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने संबंधितों को शासन की इस योजना का लाभ उठाने कहा है। उन्होंने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को इस संबंध में अतिक्रामकों को नोटिस जारी कर आवेदन प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुनील कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि राजीव गांधी आश्रय योजना एवं राजस्व विभाग की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए नगर पालिका महासमुन्द एवं नगर पंचायत तुमगांव के विभिन्न वार्डों में राजस्व एवं नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 22 सुभाष नगर में विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नागरिकों को अपील की गई कि राजीव गांधी आश्रय योजना का लाभ उठाएं। इस अवसर पर तहसीलदार मूलचंद चोपड़ा, नायब तहसीलदार देवेन्द्र नेताम सहित राजस्व एवं नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इसके तहत जिले में कुल तीन हजार 335 व्यक्तियां को सूचना पत्र जारी किया गया है।

नोटिस थमाए जाने से नागरिकों में आक्रोश

- नपाध्यक्ष ने तहसीलदार से की चर्चा

महासमुंद। राजस्व विभाग द्वारा राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत गुरुघासीदास वार्ड 22 में शिविर का आयोजन किया गया। राजस्व विभाग की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विशेष कैंप में 40 परिवारों को नोटिस जारी किया गया है। इस शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर शामिल हुए। इस दौरान वार्ड के गरीब परिवारों ने राज्य सरकार द्वारा पट्टा देकर जमीन का मालिकाना हक देने की एवज में लाखों रुपए की नोटिस थमाए जाने को लेकर आक्रोश जताया है।

सुभाष नगर की गरीब महिलाओं ने पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर से राज्य सरकार की इस योजना का विरोध करते हुए कहा कि पट्टा देने के नाम पर गरीबों की जमीन की नापजोख की गई लेकिन बाद में सभी नोटिस थमा दिया। महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि हम गरीब मजदूर वर्ग से हैं। रोज कमाते-खाते हैं, इतनी बड़ी रकम कहां से लाएंगे। अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि राज्य सरकार ने गरीबों को पट्टा देने के नाम पर छल किया है।

इन्हें लाखों के भुगतान का नोटिस

बुंदो जगत को 5755 वर्ग फीट जमीन का पट्टा देने के नाम पर 19 लाख 24 हजार 472 रुपए का राजस्व विभाग ने नोटिस भेजा है। इसी प्रकार मीरा बाई को 1320 वर्ग फीट का 4 लाख 41 हजार 408, वंदना 1397 वर्ग फीट का 4 लाख 65 हजार 485 रु, दिलीप पटेल 1426 वर्ग फीट का 4 लाख 76 हजार 854 रु का राजस्व विभाग ने नोटिस दिया है।

युवा महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

साजा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद साजा के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जयंती के उपलक्ष्य में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा महोत्सव का कार्यक्रम किया। जिसमें स्वामी जी का भव्य शोभायात्रा निकाला गया और विभिन्न विद्यालयों एवं साजा महाविद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। साथ ही संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हमारे क्षेत्र के सीजीपीएससी में 32 वा स्थान प्राप्त वाले श्री योगेश सिंह राजपूत जी रहे जिन्होंने स्वामी जी का जीवनी बताते हुए युवाओं को कॅरियर की ओर मार्गदर्शन देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अभाविप बेमेतरा जिला संयोजक मनोज वैष्णव, जिला सहसंयोजक हिमांशु राजपूत, जिला छात्रा प्रमुख जया यादव, नगर अध्यक्ष भूपेश्वर साहू, नगर सहमंत्री देवी लाल ठाकुर रहे। जिन्होंने स्वामी जी के विचारधारा समर्पित विद्यार्थी परिषद के कार्य को सराहा।

पूर्व विधायक ने सुनी किसानों की समस्या

महासमुंद। पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने धान खरीदी में आ रही कठिनाइयों एवं किसानों की परेशानी की लगातार मिल रही शिकायतों का जायजा लेने के लिए आदिवासी अंचल के ग्राम घोंघीबाहरा, लोहारडीह, पेंड्राडीह का दौरा कर किसानों की समस्या सुनीं एवं दूरभाष पर अधिकारियों से चर्चा कर समस्या के निराकरण के लिए कहा। बेमचा सोसाइटी में आने वाले इन गांव के किसानों ने बताया कि धान खरीदी प्रारंभ हुए लगभग दो माह होने के बाद भी गरीब किसानों के धान खरीदी के लिए अभी तक एक बार भी टोकन प्राप्त नहीं हुआ है। किसानों ने बताया कि सोसाइटी में धान खरीदी को लेकर पैसे के लेनदेन की आशंका है।

परंपरा — छत्तीसगढ़ मराठा समाज महासमुंद का हल्दी-कुमकुम एवं सामाजिक मिलन समारोह का आयोजन

हल्दी-कुमकुम लगा लिया एकता का संकल्प

महासमुंद। छत्तीसगढ़ मराठा समाज महासमुंद इकाई द्वारा शनिवार को ईमलीभाठा में हल्दी-कुमकुम एवं सामाजिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां भवानी और क्षत्रपति शिवाजी महाराज की पूजा-अर्चना, जय भवानी-जय शिवाजी के नारे से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। पश्चात समाज की महिलाओं ने एकजुट होकर समाज विकास में सहयोग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्रीमती स्वाति पवार, श्रीमती रामेश्वरी घाडगे, वंदना थिटे, सीमा इंगोले, कल्पना इंगोले, श्रीमती पूनम पवार, श्रीमती अनिता घाडगे, श्रीमती मीना पवार, श्रीमती रोहिणी घाडगे, श्रीमती मालती भोसले, मोनिषा गड़ाक, मनीषा राव, माधुरी, माया भोसले, दिव्या इंगोले, अनिता पवार, मीना पवार, मनीषा पवार, माधुरी पवार, संध्या शेल्के, श्रीमती शोभा घाडगे, श्रीमती नीता भोसले, छमा पवार, माया भोसले, दिव्या इंगोले, ज्योति पवार, श्रीमती बबीता घाडगे, त्रिवेणी गायकवाड़, भारती महाड़ीक, मीना काले, नेहा भोसले आदि सामाजिक शामिल हुई। हल्दी-कुमकुम के बाद महिला मण्डल का गठन और 19 फरवरी क्षत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाने एवं कार्यक्रम की रूपरेखा के लिए चर्चा की गई। महिलाओं ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए संगठित होकर जागरूकता फैलाने, सामाजिक और धार्मिक कार्य में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान जयंती में समाज की अधिकतम महिलाओं की भागीदारी रहे इसके लिए घर-घर जाकर निमंत्रण देने रूपरेखा तैयार की गई।

न्यूज गैलरी

अवैध कब्जा हटाने ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन

भाटापारा। ग्राम देवरी भाटापारा में निर्मित खेल मैदान के आसपास पार्किंग व ग्राम वासियो के निस्तार के लिए सुरक्षित भूमि पर सुनियोजित रूप से अवैध कब्जा करने को लेकर आज सेकड़ो की तादाद में ग्रामीणजनों द्वारा एसडीएम तहसीलदार,एस डी ओ पुलिस व ग्रामीण थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप तत्काल*कारवाही करवाने की मांग की गई।इस दौरान ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत देवरी द्वारा अतिक्रमण हटवाने पारित प्रस्ताव की प्रति भी सौपी।

एबीवीपी ने कराया रंगा रंग कार्यक्रम

भाटापारा । भाटापारा मे पिछ्ले 5 वर्षो से लगातार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भाटापारा के द्वारा प्रतिभाओ के सम्मान मे जयस्तंभ भारत माता चैक के पास स्वामी विवेकानंद जी के प्रेरणा दायक शब्द ज्ञान-शील-एकता के रास्ते मे चलकर लगातार कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा । वही इस वर्ष भी 26 जनवरी के पावन पर्व पर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाओ के साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भाटापारा के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे क्षेत्र के अनेक प्रतिभाओ ने भाग लिया और अपनी कलाकारी का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम मे डांस की अनेक विधाए जैसे क्लासिकल,वेस्टर्न एवं हिपपॉप जैसे विधाओ को देखने को मिला जिसका दर्शको ने काफि लुफ्त उठाया वही रावण एवं सिने जगत के कलाकारो की नीरज ध्रुव की शानदार मिमिक्री ने मौजुद दर्शको को खुब हंसाया ।

संजय सेन ने खरोरा का नाम किया रौशन

खरोरा। नगर के रहने वाले संजय सेन को मिला द्वितिय पुरुष्कार । रायपुर शासकीय नागार्जुन विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे स्नेह सम्मेलन के साथ साथ स्वर्णपदक अलंकार समारोह रखा गया था जिसमे महाविद्यालय के होनहार पांच छात्रों को अलग अलग क्षेत्रो मे स्वर्णमंडित पदक रविशंकर के कुलपति डां के एल वर्मा एवं पदम श्री फलबासन यादव के हाथो प्रदान किया गया जिसमे सर्वश्रेष्ठ एन एस एस स्वयंसेवक के लिए संदीप गढपाले,नुतेश साव,त्रिवेद घृतलहर, तथा सर्वश्रेष्ठ कैडेट के लिए प्रांजल राजपूत एवं पूर्व में वनस्पतिशास्त्र में सर्वोच्च अंक के लिए सर्वेश कौशिक पटेल को स्वर्णमंडित पदक प्रदान किया गया है इसके अलावा खरोरा नगर के संजय सेन को संस्कृती सहसंयोजक तथा वाद विवाद मे द्वितीय पुरुष्कार प्राप्त हुआ ।

पहले चरण का मतदान सम्पन्न

धमतरी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का पहला चरण गहमा-गहमी और चुनावी उत्साह के बीच चल रहा है। रात 8 बजे के बाद परिणाम आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। जबकि जिला पंचायत के लिए डाले गए वोटों की गिनती मतदान केन्द्रों में नहीं होगी। मतगणना के बाद गांवों में विवाद की नौबत आ सकती है। इसलिए पुलिस बल की तगड़ी व्यवस्था की गई है। एसडीएम मनीष शर्मा सेक्टर जोन के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में पदस्थ अधिकारियों के संपर्क में सतत जुड़े हुए हैं। जहां से हर छोटी-बड़ी जानकारी मिल रही है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत धमतरी व कुरूद जनपद क्षेत्र के लिए 28 जनवरी मंगलवार को मतदान सुबह 8 बजे से 3 बजे तक चला। कम्पाउंड में पहुंचने वाले सभी मतदाताओं को वोट करने का मौका मिला। चुनाव के लिए धमतरी अनुविभाग क्षेत्र में 4 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 14 सेक्टर अधिकारी बनाए गए हैं, जो लगातार मतदान क्षेत्रों में जाकर रिपोर्ट ले रहे हैं। धमतरी जनपद क्षेत्र के अंतर्गत 243 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

प्रभु नाम सुमिरन ही अंतिम उपाय-कृष्ण गोपाल

खरोरा। श्रीशतचण्डी महायज्ञ के उपलक्ष्य में चल रहे श्रीमद्भागवत ज्ञान अमृत वर्षा के तृतीय दिवस की कथा में वृन्दावन से आये हुए बाल व्यास कृष्ण गोपाल जी ने कहा कि कलियुग केवल नाम अधारा सुमिरि सुमिरि नर उतरिहि पारा कलियुग में यदि प्रभु को पाना है उसके लिए कोई अनुष्ठान पूजा करने की आवश्यक्ता नहींकेवल भगवन्नाम का उच्चारण ही उपाय है।हरिनाम का केवल जप ही करना है उसी से ही नर भवसागर पार कर सकता हैं।अजामिल की कथा बताते हुए महराज जी ने कहा की जैसे अपने बच्चे का नाम नारायण रखने से अजामिल की मृत्यु के समय विष्णु के पार्षद आये न कि यमदूत ।इसलिए भगवान का नाम जो भी जपता है उसे भगवान अपना आशीर्वाद देतें हैं।

सास्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दी प्रस्तुति

धमतरी। 26 जनवरी के 71 वर्षगाठ पर बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति देते हुए लोगों का मन मोह लिया तथा छोटे-छोटे बच्चों द्वारा अलग-अलग पोषाग पर आकर लोगों का मन मोह लिया गणतंत्र दिवस की 71 वां वर्षगाठ पर विद्याकुंज किड्स में ध्वजारोहण एव सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से किया गया जो कि मुख्य अतिथि डा. संजय जैन व शाला की प्रधानपाठिका श्रीमति दिशा नोतवानी के द्वारा किया गया । तत्पश्चात राष्ट्रगान एवं देशभक्ति के नारों और गीतों में हमारी शाला का प्रांगण कुंज उठा। तत्पश्चात शाला के बच्चों द्वारा अनेक सास्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की वेशभूषा, झांसी की रानी, सुभाषचन्द्र बोस, चाचा नेहरू, गांधी जी वेशभूषा धारण करके आए थे। तथा बच्चों के द्वारा भाषण गीत, कविता, नृत्य आदि की प्रस्तुति दी गई ।

दो दिवसीय परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन

खरोरा। केशला देवांगन समाज द्वारा दो दिवसीय परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन 29 एवं 30 जनवरी को माँ परमेश्वरी मंदिर रामलीला चौक केशला में किया जा रहा हैं। बसंत पंचमी के दिन समाज की कुलदेवी माँ परमेश्वरी जयंती पर समाज द्वारा विविध कार्यक्रम कराया जा रहा हैं। केशला देवांगन समाज प्रथम दिवस 29 जनवरी को बाईक रैली, माता सेवा व डांस प्रतियोगिता आयोजित होगी तथा 30 जनवरी को सुबह माँ परमेश्वरी की आरती के साथ ही भव्य कलश यात्रा निकली जाएगी जो माँ परमेश्वरी मंदिर रामलीला चौक से प्रारंभ होकर गांव के चौक चौराहो से होते हुवे खरोरा नगर भ्रमण कराया जायेगा।

निधन

श्रीमती कृष्णा कौशिक

काँकेर। रामनगर निवासी श्रीमती कृष्णा कौशिक 82 वर्ष का आज लम्बी बीमारी के बाद इलाज़ के दौरान रायपुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया।जिनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गृहग्राम जगदलपुर में 30 जनवरी को किया जाएगा ।वे काँकेर स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ लेखापाल नरेश कौशिक व जगदलपुर स्वास्थ्य विभाग में फार्मशी अश्विनी कौशिक की माता थी।

सिटी बसें खस्ताहाल, निजी बसों की मनमानी से यात्री परेशान

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। से रायपुर रोड पर चलने सिटी बसो की खस्ताहालत के कारण इस रुट के यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पडता है

खरोरा से रायपुर और रायपुर से खरोरा आने जाने वालो कि बात करे तो इस रुट पर काफी सख्या मे कालेज के छात्र छात्राएं और सरकारी कर्मचारी यात्रा करते है जिन्हें अपने सही समय पर आफिस स्कूल कालेज पहूचना होता है जो कि बलौदाबाजार से आने वाली कुछ प्राईवेट बसो के नगर के नया बसस्टैंड मे ना आने से सिटी बसो पर ही यात्रा करते है लेकिन सिटी बसो का खस्ता हाल से यात्रियों को काफी परेशान का सामना करना पडता है सिटी बसो का हालत ऐसा है कभी भी कही भी खडा हा हो जाता है इनकी खस्ताहाल का अंदाजा इसी बात से लगा सकते है कि इस रूट पर हर दिन एक दो गाडीयां खराब खडी रहतीं है इनके खस्ता हाल के कारण ही आये दिन दुघर्टना भी हो रही है लेकिन यात्रियों को मजबरी हैं इन बसो मे यात्रा करना क्योंकि प्राईवेट बसे जो बलौदाबाजार से रायपुर के लिए निकलती है वो नगर के नए बसस्टैंड के अंदर नहीं आती, यदि उस बस मे खरोरा का कोई यात्री बैठा भी जाए तो बस उसे नगर के बहार ही हाईवे रोड पर उतार कर चले जाते है प्राईवेट बसो के इस मनमानी पर प्रशासन को कोई ठोस कदम उठाना चाहिए ।

सरयू साहित्य परिषद ने किया आयोजन

■ प्रतिभाओ का किया सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। समूचा देश गणतंत्र दिवस समारोह मे सराबोर नजर आया हर तरफतिरंगा के छांव तले देश के स्वाभिमान एवं सम्मान के लिए निर्मित संविधान अनुपालन की शपथ तथा उसके यशोगान के बीच देश की शान तिरंगा के तीन रंगों की महिमा बखान की बयार चली, भाटापारा मे भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया तथा विविध आयोजनों की बानगी भी शहर मे नजर आयी, इसी कड़ी मे इस महा दिवस के अवसर पर सरयू साहित्य परिषद द्वारा भी आयोजन की त्रिवेणी प्रस्तुत कर एक तरह से इस महापर्व के स्वरुप को ही चित्रित किया गया।

पुरस्कार व्यक्तित्व एवं मातृशक्ति सम्मान की त्रिवेणी

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर परिषद द्वारा रामायण ज्ञान परीक्षण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे समाज के लोगों द्वारा बड़ी संख्या मे सहभागिता निभाई गयी थी, जिसका पुरस्कार वितरण राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के दिन तय किया गया था साथ ही साथ इस आयोजन को त्रिवेणी स्वरुप प्रदान कर तिरंगा को समर्पित किया गया।

विधायक सिहावा डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने किया ध्वजारोहण

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। 26 जनवरी 2020 धमतरी जिले में 71 वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थानीय शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एकलव्य खेल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में उपाध्यक्ष मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण और सिहावा विधायक डा लक्ष्मी ध्रुव ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। डा ध्रुव ने सुबह ठीक नौ बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर राष्ट्रगान के बाद राजकीय गीत भी कार्यक्रम स्थल में गाया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने कलेक्टर श्री रजत बंसल एवं पुलिस अधीक्षक श्री बी.पी. राजभानू के साथ परेड का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया। इसके बाद हर्षफायर एवं शांति के प्रतीक रंग.बिरंगे गुब्बारे को मुख्य समारोह स्थल में उड़ाया गया। बारह प्लाटूनों द्वारा एक ताल में मार्च.पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। इस अवसर पर जिले के 38 पुलिस शहीदों के परिजनों को मुख्य अतिथि डा ध्रुव द्वारा शाल श्रीफल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

बर्तन व्यापारी के नगद रूपये चोरी, चोरों की तलाश में पुलिस करीबी पर हो रहा है संदेह

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। मठ मंदिर चौक के पास बर्तन व्यवसायी के दुकान के अलमारी में रखे 7लाख की चोरी हुई है ।चोरी किसी करीबी के द्वारा किया जाना प्रतीत हो रहा है क्योंकि किसी प्रकार की तोड़फोड़ नहीं हुई है। दुकान मालिक ने 1 सप्ताह बाद थाना सिटी कोतवाली में 26 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई है । मठ मंदिर चौक के पास बर्तन व्यापारी नवनीत अग्रवाल पिता विष्णु प्रसाद अग्रवाल की दुकान में 7 लाख नगद पार हो गया। 1 सप्ताह तक व्यापारी ने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई आखिरकार उसने 26 जनवरी को थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट की है ।बताया कि उनके पिता का अग्रवाल बर्तनवाला के नाम से बर्तन दुकान है जिसमें वह पिता के साथ काम करता है ।प्रथम तल में परिवार निवास करता है। 17 जनवरी को उसकी पत्नी सीमा ने अपनी अपने पास रखे 4 लाख को बैंक में जमा करने नीचे दुकान पर लाकर दिया उसके साथ 15 दिनों तक सामान बेचने पर 3 लाख17 हजार मिलाकर अलमारी में रख दिए ।हमेशा की तरह रात 9-30 बजे पिता खाना खाकर दुकान से लगे कमरे में सो गए। सुबह 6-30 बजे अपने भांजे के साथ मिशन ग्राउंड टहलने चले गए ।18 जनवरी की सुबह बैंक जाने के लिए जब अलमारी को काउंटर दराज में रखे चाबी से खोल कर देखा तो अंदर सफेद कलर के थैला में रखा 7 लाख नहीं था। बाकी 17000 वहां था। पिता को पूछने पर बताया कि अलमारी को ताला लगाकर चाबी दुकान के काउंटर में ही रख दिया था ।

मां विध्यवासिनी मां तारा महाविद्या साधना शिविर

धमतरी। बसंत पंचमी महोत्सव के उपलक्ष्य में मां विंध्यवासिनी धनवर्षिणी तारा महाविद्या साधना शिविर का आयोजन 29 जनवरी बुधवार को हरदिहा साहू समाज भवन रत्नाबांधा रोड धमतरी में किया गया है । जिसमें गुरूदेव अरविंद श्रीमाली शामिल होकर अपने साधकों को अनमोल प्रवचन देंगे। परमहंस स्वामी निखिलेश्वरानंद एवं माता भगवती के दिव्य छत्रछाया में बसंत पंचमी महोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत 29 जनवरी को सुबह 8.30 बजे मां विंध्यवासिनी देवी की पूजा अर्चना के साथ होगी। इसके बाद मोटर साइकिल शोभायात्रा निकलेगी जो सदर बाजार से होते हुए शिविर स्थल पहुंचेगी। सुबह 9.30 बजे शिविर प्रारंभ व गणपति पूजन किया जाएगा। 10 बजे से गुरू आव्हान, प्रवचन, आशीर्वाद , संध्या 4 बजे गुरू दीक्षा प्रयोग साधना, गुरू पादुका पूजन, शाम को महाआरती एवं चरण स्पर्श व समर्पण शिविर संपन्न होगा। अंतर्राष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार के छत्तीसगढ़ प्रमुख गणवंत राव घाटगे एवं स्थानीय कार्यक्रम आयोजन प्रमुख एनसी निराला ने बताया कि गुरूदेव अरविंद श्रीमाली 28 जनवरी को शाम 6 बजे विमान से रायपुर पहुंचेंगे । जहां से उनका काफिला मगरलोड पहुंचेगा। वे निखिल आश्रम का उद्घाटन करेंगे। गुरूदेव श्रीमाली रात्रि 10 बजे हरदिहा साहू समाज भवन में बनाए गए मंच की पूजा अर्चना करेंगे। कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने के लिए साधक टीम के सदस्य जुटे हुए हैं।

रात्रिकालिन क्रिकेट स्पर्धा शुरू, जीतने वाली टीम को मिलेगा एक लाख रूपए का इनाम

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। मित्र मंच एवं मार्निंग क्रिकेट क्लब द्वारा 28 जनवरी से रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता धमतरी प्रीमियम लीग (डीपीएल) शुरू की जा रही है। 28 जनवरी की शाम 7 बजे से प्रतियोगिता मिशन ग्राउण्ड में दुधिया रोशनी की चमक के साथ प्रारंभ होगी। विजेता को नगद एक लाख रूपए एवं उप विजेता का 50 हजार रूपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उद्घाटन दिवस 28 जनवरी को पहला मैच बनियापारा वार्ड विरूद्ध नयापारा के बीच खेला जाएगा। दूसरा मैच ब्राम्हणपारा विरूद्ध रिसाईपारा पश्चिम तथा तीसरा मैच महात्मा गांधी वार्ड विरूद्ध रामसागरपारा के बीच होगा। इस तरह पहले दिन केवल तीन मैच होंगे। इसके बाद अगले दिन से रोजाना चार मैच खेले जाएंगे। 15 दिनों तक चलने वाली इस क्रिकेट स्पर्धा में धमतरी के 32 वार्डों की टीमों के बीच ड्क्षभड़त होगी। स्पर्धा में विजेता को एक लाख रूपए नगद एवं ट्रॉफी तथा उप विजेता को 50 हजार रूपए नगद एवं ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। पहला व दूसरा राउंड नॉक आउट के तहत मैच खेले जाएंगे। पहले राउंड में हारने वाली16 टीमें स्पर्धा से बाहर हो जाएंगी। पहले राउंड की विजेता टीमों के बीच दूसरे राउंड में मुकाबला होगा। इसमें हारने वाली 8 टीमें फिर बाहर हो जाएंगी। दूसरे राउंड में जीतने वाली 8 टीमों को तीसरे राउंड में प्रवेश मिलेगा। यहां प्रत्येक टीम 7-7 मैच खेलेगी। रन रेट के आधार पर 4 टीमों को सेमीफाइनल में प्रवेश दिया जाएगा।

वार्षिक खेल सम्मान और गणतंत्र दिवस समारोह संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल भाटापारा में खेल सप्ताह का समापन छाया विधायक श्री सुनील माहेश्वरी के मुख्य आतिथ्य एवं आलोक मिश्रा जिला उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षता एवं पार्षद संतोषी साव विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ ।प्राचार्या श्रीमती प्रीति ताम्हणे एवं विद्यालय स्टाफ में सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्या ने विद्यालय के खेल प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया।उन्होंने बताया कि स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित विभिन्न खेलों में मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।जिसमें क्षेत्र स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में शानू वैष्णव कक्षा आठवीं, प्रशांत रंजक कक्षा सातवीं, अनीस खान कक्षा सातवीं का चयन हुआ ।कबड्डी में भी सानू वैष्णव कक्षा आठवीं का क्षेत्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में चयन हुआ। क्षेत्र स्तरीय चेस योगिता में विजय देवांगन एवं उर्वशी चक्रधारी कक्षा आठवीं प्राची भागवानी कक्षा सातवीं का चयन हुआ । नेट बॉल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं(बालिका वर्ग), आदित्य यादव कक्षा आठवीं (बालक वर्ग में)ने भाग लेकर अपनी टीम को द्वितीय स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कराटे प्रतियोगिता में क्षेत्र स्तरीय पर 20 विद्यार्थियों का चयन हुआ।इनमें से एक विद्यार्थी अफसर राजा कक्षा सातवीं का चयन राज्य स्तर पर हुआ ।खो-खो में मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के 24 बच्चों ने ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया ।

पुराने स्कूल शाला जर्जर भवन को तोड़कर स्वास्थ्य केन्द्र बनाने की मांग

धमतरी। इतवारी बाजार के पास स्थित शाला क्रमांक 1 की जगह शहरी स्वस्थ्य केन्द्र बनाने की कवायद शुरू हो गई है। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने निरीक्षण किया। इतवारी बाजार बुढ़ेश्वर मंदिर के पास वर्तमान में स्थित शहरी स्वास्थ्य केन्द्र को बेहतर और बड़ा स्वरूप देने के लिए नयी जगह की तलाश की जा रही है। इसी सिलसिले में शिव सिंह वर्मा शासकीय कन्या हायर सकेण्डरी स्कूल के सामने जर्जर शाला क्रमांक 1 के भवन को चिन्हांकित किया गया है। हालांकि इसका प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। शिक्षा विभाग द्वारा अनुमति मिलने के बाद यह प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे ने बताया कि शहरी स्वास्थ्य केन्द्र के नये भवन के लिए स्थान ढूंढा जा रहा था। वर्तमान स्वास्थ्य केन्द्र के करीब ही शाला क्रमांक 1 का डीईओ के साथ निरीक्षण किया गया। यहां पर्याप्त जगह है। शाला भवन भी अभी अनुपयोगी हो चुका है। जर्जर होने की वजह से बच्चों के लिए खतरा है।

चुनई | लोकतंत्र के महापर्व में सिर्फ युवा और महिला मतदाताओं में नहीं बल्कि नि:शक्तों ने दिखाया जोश और उत्साह

वृद्धों से लेकर दिव्यांग मतदाताओं ने लिया मतदान में हिस्सा

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन.2020 के तहत आज सम्पन्न हुए पहले चरण के मतदान में सभी वर्ग के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लोकतंत्र के महापर्व में न सिर्फ युवा और महिला मतदाताओं में जोश और उत्साह दिखा अपितु बुजुर्ग दिव्यांग और नि:शक्त मतदाताओं ने भी बढ़.चढ़कर मतदान किया। आज सुबह सात बजे से पहले ही मतदाता पंक्ति में खड़े नजर आए। स्थानीय स्तर का निर्वाचन होने के कारण ग्रामीण मतदाताओं ने काफी दिलचस्पी दिखाई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रजत बंसल के निर्देश पर मतदान केन्द्रों में रेडक्रास वालिंटियर्स की तैनाती दिव्यांग मित्र के तौर पर कर बुजुर्ग शिथिलांग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेअर की व्यवस्था कराई गई थी जिससे उन्हें पोलिंग बूथ तक आने में काफी सुविधा मिली। शहर से लगे ग्राम पंचायत भटगांव के केन्द्र क्रमांक.198 में वृद्धा मतदाता रामबती बाई तथा अपने जीवन के 80 से भी अधिक पड़ाव पार कर चुकीं राधाबाई ने भी सुबह.सुबह मतदान कर उत्साहपूर्वक अमिट स्याही का निशान दिखाया। इसी तरह ग्राम पंचायत सोरम में धरम बाई पोटियाडीह के मतदान केन्द्र क्रमांक 106 में दिव्यांग गोवर्धन यादव ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

कलेक्टर ने किया मतदान

धमतरी 28 जनवरी 2020 त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन.2020 के तहत आज पहले चरण का मतदान जिले की जनपद पंचायत धमतरी और कुरूद में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। आज सुबह सात बजे से तीन बजे के बीच पंचए सरपंचए जनपद पंचायत सदस्य तथा जिला पंचायत सदस्य पद के लिए जिले के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। स्थानीय निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपराह्न तीन बजे की स्थिति में जनपद पंचायत धमतरी में 65 प्रतिशत तथा जनपद पंचायत कुरूद में 63-5 प्रतिशत ;अनंतिम आंकड़े मतदान हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रजत बंसल ने भी आज दोपहर 12-00 बजे रूद्री स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मतदान केन्द्र क्रमांक 207 में कतार में लगकर पंचायत प्रतिनिधियों को वोट देकर लोकतंत्र की सर्वोच्च शक्ति मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने पंच सरपंच जनपद सदस्य तथा जिला पंचायत सदस्य के लिए मतदान किया।

रिटर्निंग ऑफिसर से मारपीट, जिपं चुनाव जीते प्रत्याशी की गिरफ्तारी

- **बलौदाबाजार जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 15 के लिए हुई वोटिंग का वाकया**

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। रिटर्निंट अफसर से मारपीट के मामले में बलौदाबाजार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 से चुनाव लड़ रहे नवीन मिश्रा और उनके दो समर्थकों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। मिश्रा व उनके समर्थकों पर मंगलवार को हुए प्रथम चरण के पंचायत चुनाव की वोटिंग के दौरान में कसडोल के सेल गांव में कसडोल के रिटर्निंग ऑफिसर शंकर लाल सिन्हा के साथ मारपीट का आरोप है। गिरफ्तार हुए मिश्रा के समर्थकों के नाम कमल बघेल व ओमप्रकाश रात्रे हैं। तीनों को कसडोल की स्थानीय लॉज से गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र से मिश्रा ही विजयी हुए हैं।

ये है मामला

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण के मतदान के दौरान कसडोल के सेल गांव में कसडोल तहसीलदार और पंचायत चुनाव के कसडोल रिटर्निंग अधिकारी शंकर लाल सिन्हा को उनके सेक्टर अधिकारी ने फोन पर सूचना दी थी कि सेल गांव में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 से चुनाव लड़ रहे नवीन मिश्रा के कार्यकर्ता खुलेआम गांव में साड़ी और टी शर्ट बांट रहे हैं। इस पर कसडोल तहसीलदार ने कार्रवाई करते हुए 50 नग साड़ी और 100 नग टी शर्ट को जप्त कर लिया। तहसीलदार की कार्रवाई से बौखलाए जिला पंचायत प्रत्याशी नवीन मिश्रा और उनके 2 अन्य साथियों ने कसडोल तहसीलदार के साथ झूमाझटकी करते हुए मारपीट की। जिससे कसडोल तहसीलदार के सीने में हल्की चोट आई और उनका कॉलर फट गया। जिसके बाद कसडोल तहसीलदार ने बुधवार को कसडोल थाने में जिला पंचायत प्रत्याशी नवीन मिश्रा और उनके 2 अन्य साथियों के खिलाफ कसडोल थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई। इस पर कार्रवाही करते हुए बुधवार को कसडोल पुलिस ने नवीन मिश्रा और उनके 2 अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया।

62 मतों से हुए हैं विजयी

बता दें कि मंगलवार को मतगणना के बाद नवीन मिश्रा को बलौदाबाजार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 से उनके निकटतम प्रतिद्वंदी राजकुमार जायसवाल से 62 मतों से विजयी घोषित किया गया था। नवीन मिश्रा को विजयी घोषित करने के बाद से ही सभी जिला पंचायत प्रत्याशी एकजुट होकर चुनाव को निरस्त कराने की मांग कर रहे हैं।

सदस्यता रद्द करने की मांग

गौरतलब है कि सेल गांव में जिला पंचायत प्रत्याशी नवीन मिश्रा के द्वारा हाथापाई के मामले के बाद बलौदाबाजार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 के सभी प्रत्याशियों ने चुनाव को शून्य घोषित करने की मांग जिला निर्वाचन अधिकारी बलौदाबाजार व राज्य निर्वाचन आयोग से की है।

इनका कहना है

नवीन मिश्रा के खिलाफ मैंने एफआईआर दर्ज कराई। आगे उनकी सदस्यता को लेकर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
-शंकर लाल सिन्हा, तहसीलदार, कसडोल

आरोपी नवीन मिश्रा के साथ उनके 2 अन्य दोस्तों के खिलाफ कसडोल थाने में मारपीट, शासकीय कार्य मे बाधा सहित अन्य धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया गया है।
-राजेश जोशी, एसडीओपी, बलौदाबाजार

नवीन मिश्रा के खिलाफ निर्वाचन आयोग को कार्रवाई करना चाहिए। यदि उनकी सदस्यता शून्य घोषित नहीं होती है तो हमारे द्वारा हाईकोर्ट की शरण ली जाएगी।
-राजकुमार जायसवाल, जिला पंचायत प्रत्याशी क्षेत्र क्रमांक 15, बलौदाबाजार

प्रथम पृष्ठ का शेष...

बुलेट ट्रेन के लिए...
चंडीगढ़-लुधियाना-जालंधर-अमृतसर (459 किलोमीटर) शामिल हैं।'

जमीन के झगड़े में...
दोपहर करीब 12 बजे की है। मृतकों के नाम संतू साहू, संतू की पत्नी निर्मला साहू व इनका पुत्र खूबन साहू हैं। जबकि संतू व निर्मला का एक और पुत्र कोमल इस हमले में घायल हुआ है। वहीं आरोपियों के नाम जोहन साहू, मोहन साहू व केजू साहू हैं। केजू, जोहन व मोहन का पिता है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

पेड़ काटने पर मना...
यहीं से बात आगे बढ़ी और केजू व उसके बेटों ने मिलकर संतू व उसके परिवार पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। टीआई खान ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

गंगरेल में बोटिंग करती...
सवार होकर सैर कर रहे थे तभी तेज हवा आने के चलते बांध में तेज लहर उठने लगा जिसके चलते नाव में पानी भर गया। पिकनिक के दौरान कुछ लोग नाव में बैठकर टिक टाक वीडियो बना रहे थे। वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर भी किया गया है। नाव में पानी भरते देख सभी लोग नाव से पानी निकालने में जुट गए इसी दौरान नाव पलट गई व नाव में मौजूद सुमित्रा नाग 16 वर्ष पिता नरेश नाग ग्राम नया कोलियारी और निवेदिका कांगे 3 वर्ष बाजार पारा नारायणपुर की मौत हो गई। वहीं नीराबाई मंडावी 23 वर्ष ग्राम कोंडेजुगा थाना कांकेर एवं दुर्गेश्वरी कांगे पानी में डूबने के चलते घायल हो गई इन्हें गोताखोरों की मदद से निकालकर चारामा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया है। हादसे के दौरान लक्ष्मी मंडावी 5 वर्ष पिता कीर्तन मंडावी की तलाश में गोताखोर जुटे हुए हैं। नाव पलटने के दौरान जिन लोगों को तैरना आता था वे तैरकर बांध से बाहर निकल गए।

आंगनबाड़ियों में अब...
स्थानीय भाषा में शिक्षा देने की पहल की है। इस पहल को आगे बढ़ाते हुए कलेक्टरों को आंगनबाड़ी केंद्रों में दी जाने वाली अनौपचारिक स्कूल पूर्व शिक्षा में छत्तीसगढ़ी, गोंडी, हल्बी, भतरी, सरगुजिया, कोरवा, पाण्डो, कुडुख तथा कमारी जैसी स्थानीय भाषा और बोलियों का समावेश करने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर बस्तर कांकेर जिले में छत्तीसगढ़ी और गोंडी, कोण्डागांव और दंतेवाड़ा में गोंडी, हल्बी और भतरी, नारायणपुर में गोंडी और हल्बी, बीजापुर में तेलुगु, गोंडी, हल्बी, बस्तर में हल्बी, ध्रुव-हल्बी, गोंडी तथा सुकमा में गोंडी बोली जाती है।

सचिव ने कलेक्टरों...
कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा गया है। उल्लेखनीय है कि बच्चों में उचित मानसिक, शारीरिक तथा सामाजिक विकास की नींव डालने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से स्कूल पूर्व अनौपचारिक शिक्षा दी जा रही है।

पाठ्य सामग्री का...
संसाधनों का उपयोग करते हुए भाषा के विकास के लिए उचित संदर्भ तैयार किया जाएगा, जिसका आंगनबाड़ी केन्द्रों में दी जा रही अनौपचारिक शिक्षा में उपयोग किया जा सके।

सुपर ओवर में...
बना सकी। इसके बाद मैच के परिणाम के लिए सुपर ओवर का सहारा लिया गया। सुपर ओवर में न्यू जीलैंड ने 1 छक्के और 2 चौकों की मदद से 17 रन बनाए और भारतीय टीम ने 20 रन बनाए। रोहित शर्मा ने सुपर ओवर में लगातार 2 छक्के जड़े और टीम इंडिया को जीत दिलाई। इसी के साथ भारत ने 5 मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। तीसरे नंबर पर उतरे कप्तान केन विलियमसन ने उम्दा पारी खेली और टीम को जीत की दहलीज तक ले गए। उन्होंने मिशेल सैंटनर (9) के साथ तीसरे विकेट के लिए 36 रन जोड़े, फिर कोलिन डि ग्रैंडहोम (5) के साथ चौथे विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी की। इसमें विलियमसन ने ही ज्यादा रनों का योगदान दिया। सैंटनर को चहल ने बोल्ड किया जबकि ग्रैंडहोम को शार्दुल की गेंद पर शिवम दुबे ने लपका।

न्यूजीलैंड में पहली बार...
भारत 2008-09 में महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में 0-2 से जबकि पिछले साल 1-2 से सीरीज हार गया था।

अब 24 सप्ताह में...
(दिव्यांग महिलाएं, नाबालिग) भी शामिल होंगी। मेडिकल बोर्ड की जांच में मिली भ्रूण संबंधी विषमताओं के मामले में गर्भावस्था की ऊपरी सीमा लागू नहीं होगी। इसमें कहा गया है कि जिस महिला का गर्भपात कराया जाना है, उनका नाम और अन्य जानकारियां उस वक्त कानून के तहत निर्धारित किसी खास व्यक्ति के अलावा किसी और को नहीं दी जाएंगी। सरकार का कहना है कि यह महिलाओं की सुरक्षा और सेहत की दिशा में उठाया गया ठोस कदम है और इससे बहुत महिलाओं को लाभ मिलेगा। हाल के दिनों में अदालतों में कई याचिकाएं दी गईं, जिनमें भ्रूण संबंधी विषमताओं या महिलाओं के साथ यौन हिंसा की वजह से गर्भधारण के आधार पर मौजूदा स्वीकृत सीमा से अधिक गर्भावस्था की अवधि पर गर्भपात कराने की अनुमति मांगी गई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने महिलाओं को सुरक्षित गर्भपात सेवाएं उपलब्ध कराने और चिकित्सा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हितधारकों और मंत्रालयों के साथ वृहद विचार-विमर्श के बाद गर्भपात कानून में संशोधन का प्रस्ताव किया है।

मंत्री ताम्रध्वज साहू ने राजिम में की तैयारियों की समीक्षा

- **दर्शनार्थियों के लिए शेड और व्यवस्थित बेरिकेड्स लगेंगे**
- **मंत्री ने ट्रेक्टर में बैठकर नदी पार किया**

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। गरियाबंद 29 जनवरी 2020 प्रदेश के धार्मिक न्यास और धर्मस्व मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज दोपहर 1 बजे राजिम माघी पुन्नी मेला की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने राजिम त्रिवेणी संगम के विभिन्न स्थलों में घूम घूमकर तैयारियां देखी। इस दौरान नदी के दूसरी ओर मुख्य मंच जाने के लिए मंत्री श्री साहू ने ट्रैक्टर में बैठकर नदी पार किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए गए जिम्मेदारी को तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मंत्री श्री साहू ने लोमश ऋषि आश्रम, नागा साधु पंडाल, कुलेश्वर मंदिर परिसर, मुख्य मार्ग, सन्त समागम व मुख्य मंच में जाकर स्वयं तैयारी देखी। साथ ही लोक कला मंच, दालभात केन्द्र, पेयजल, चिकित्सा तथा प्रसाधन की व्यवस्था पर विशेष जोर दिया। कुलेश्वर मंदिर परिसर अवलोकन के पश्चात उन्होंने कहा कि भगवान कुलेश्वर एवं राजिम लोचन भगवान के दर्शन के लिए दर्शनार्थियों को घंटों लाइन लगाना नहीं पड़े इसे ध्यान में रखते हुए मंदिर में प्रवेश एवं निकासी की समुचित व्यवस्था किया जाए।

राजिम माघी पुन्नी मेला 9 फरवरी से

गरियाबंद। धार्मिक न्यास और धर्मस्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज अपने रायपुर स्थित निवास कार्यालय में राजिम माघी पुन्नी मेला समिति की बैठक लेकर मेला की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने राजिम त्रिवेणी में हर साल माघ पूर्णिमा से शुरू होकर महाशिवरात्रि तक चलने वाले धार्मिक आयोजन को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप उसके मूल स्वरूप में मेला के रूप में पूरी भव्यता के साथ आयोजित करने मेला समिति को निर्देश दिए।

तीसरे चरण के लिए प्रचार जोरों पर

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जिला पंचायत के तीसरे चरण के चुनाव प्रचार अपने अब पूरे शबाब पर है। जिसको लेकर जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी अब जोर-शोर से जनसंपर्क एवं प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। रैली से लेकर सभा आयोजित कर अपने पक्ष में मतदान करने अपील भी कर रहे हैं। बता दें कि पहले चरण का मतदान पूरा हो गया है। गरियाबन्द जनपद पंचायत के कुल 62 ग्राम पंचायत अंतर्गत 144 गांव और जनपद पंचायत मैनपुर के कुल 74 ग्राम पंचायत अंतर्गत 166 गांवों के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। वहीं अब दूसरे और तीसरे चरण के चुनाव को लेकर प्रत्याशी खूब पसीना बहा रहे हैं। जिला पंचायत चुनाव के तीसरे चरण के चुनाव में सबसे हॉट सीट जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 03 को माना जा रहा है। जिसमें सबसे ज्यादा दस प्रत्याशी चुनाव में हैं।

रिटर्निंग ऑफिसर की लापरवाही से खुले में मतपत्र के बंडलो का मिलान

नवप्रदेश संवाददाता

साजा। साजा जनपद पंचायत क्षेत्र मे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में 3 फरवरी को होने वाले मतदान के लिए आए हुए मतपत्र के बंडलो को रिटर्निंग ऑफिसर एवं तहसीलदार साजा प्रफुल्ल रजक की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम से बाहर रखकर मिलान कार्य किया गया। सार्वजनिक रूप से मतपत्र के बंडलो के मिलान किए जाने से निर्वाचन की जहां गोपनीयता भंग हुई, वही किसी शरारती तत्व द्वारा उक्त बंडलो में हेरा फेरी कर देने की स्थिति में पंचायत चुनाव भी प्रभावित हो सकता था। प्रशासनिक लापरवाही का मामला उजागर होने पर रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा आनन फानन में सभी मत पत्रों के बंडलों को स्ट्रांग रूम में रखवा कर फ़ोटो खिंचने से मना किया गया। अब देखना यह है कि जिले व ब्लॉक के आला अधिकारियों की जानकारी में मामला आने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी व निर्वाचन आयोग इस लापरवाही पे क्या कार्यवाही करता है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम
जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 436/2019-2020
वार्ड का नाम- पं. जवाहरलाल नेहरू-37

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 37/242 से 243 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती तुलसीदास पिता स्व. टहलराम बोधवानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती कुंवरलाल उर्फ कुमार बोधवानी पिता स्व. टहलराम बोधवानी ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. -78
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कृष्णा आहूजा पिता श्री सुरेश कुमार आहूजा जाति सिंधी साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्री रविकुमार आहूजा पिता श्री रमेश कुमार आहूजा साकिन आरंग से क्रय/मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 163/भूमि खसरा नं. 3378/1 का भाग रकबा 351 वर्गफुट/हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा- आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/01/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. -75
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विजय, अजय, जयकुमार पिता श्री हिम्मतलाल महोबिया जाति मोची साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्री राजेश गोन्दुड़े पिता श्री लोकनाथ गोन्दुड़े साकिन तेलीबांधा रायपुर से क्रय/मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. /भूमि खसरा नं. 3592/1 रकबा 1655 वर्गफुट/हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा- आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/01/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. -72
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विनोद कुमार चन्द्राकर पिता श्री शत्रुहन लाल चन्द्राकर जाति कुर्मी साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्री अखिल द्वारकानी पिता श्री प्रहलाद दास द्वारकानी साकिन आरंग से क्रय पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. /भूमि खसरा नं. 15001/1 रकबा 1482 वर्गफुट/हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा- आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/01/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. -79
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रवि कुमार आहूजा पिता श्री रमेश कुमार आहूजा जाति सिन्धी साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्रीमती पुष्पा यादव पति मनहरण मीलु यादव साकिन आरंग से क्रय पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 78 /भूमि खसरा नं. 2457/9 का भाग रकबा 0.0080 वर्गफुट /हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा- आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/01/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. -71
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सीमा ठाकुर पति श्री संतोष ठाकुर जाति नाई साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्री दीनबंधु चन्द्राकर पिता श्री मनराखनलाल चन्द्राकर साकिन आरंग से क्रय पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 47 /भूमि खसरा नं. 3378/1 का भाग रकबा 2502 वर्गफुट /हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा- आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/01/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. -69
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शशीकला अग्रवाल पिता श्री आत्मानंद अग्रवाल जाति अग्रवाल साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्री अखिल द्वारकानी पिता श्री प्रहलाद दास द्वारकानी साकिन आरंग से क्रय/मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. /भूमि खसरा नं. 3447 अन्य 4406/2 रकबा 1500 वर्गफुट/हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा- आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/01/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. -70
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेश सोनकर पिता श्री रामानंद सोनकर जाति सोनकर साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्री श्रवण सोनी पिता श्री गौरीशंकर सोनी साकिन आरंग से क्रय/मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 71/भूमि खसरा नं. 3378/1-2 का भाग रकबा 767 वर्गफुट/हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा- आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/01/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. -73
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती भावना चन्द्राकर पति श्री यशवंत कुमार चन्द्राकर जाति कुर्मी साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्री अखिल द्वारकानी पिता श्री प्रहलाद दास द्वारकानी साकिन आरंग से क्रय/मृत्यु पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र./भूमि खसरा नं. 15001/1 रकबा 1824 वर्गफुट/हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा- आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/01/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. -76
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रोशनलाल साहू पिता स्व. भूषणलाल साहू जाति तेली साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्री राजेश गोन्दुड़े पिता श्री लोकनाथ गोन्दुड़े साकिन तेलीबांधा रायपुर से क्रय पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. /भूमि खसरा नं. 3592/1 का भाग रकबा 1730 वर्गफुट /हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा- आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/01/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. -68
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री उत्कर्ष अग्रवाल, श्री शशिकला अग्रवाल पिता/पति श्री किशोर कुमार अग्रवाल, श्री आत्मानंद अग्रवाल जाति अग्रवाल साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्री अखिल द्वारकानी पिता श्री प्रहलाद दास द्वारकानी साकिन आरंग से क्रय पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. /भूमि खसरा नं. 15001/1 का भाग रकबा 1500 वर्गफुट /हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा- आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/01/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. -74
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेश कुमार चन्द्राकर पिता श्री शत्रुहनलाल चन्द्राकर जाति कुर्मी साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्री अखिल द्वारकानी पिता श्री प्रहलाद दास द्वारकानी साकिन आरंग से क्रय पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. /भूमि खसरा नं. 15001/1 रकबा 1710 वर्गफुट /हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा- आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/01/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. -67
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती प्रीति गुप्ता पति श्री प्रताप कुमार गुप्ता जाति गुप्ता साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्री प्रताप कुमार गुप्ता पिता स्व. कृष्ण कुमार गुप्ता साकिन आरंग से क्रय पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. 113/1 /भूमि खसरा नं. 3378/1 रकबा 2341.5 वर्गफुट /हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा- आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/01/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद आरंग

कार्यालय नगर पालिका परिषद आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्र. -77
ग्राम/शहर- आरंग

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनहरण साहू पिता श्री पुनऊराम साहू जाति तेली साकिन आरंग द्वारा भूमि/भवन को विक्रेता श्री राजेश गोन्दुड़े पिता श्री लोकनाथ गोन्दुड़े साकिन तेलीबांधा रायपुर से क्रय पश्चात निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर निकाय आरंग में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भवन क्र. /भूमि खसरा नं. 3592/1 का भाग रकबा 1730 वर्गफुट /हे. के भाग को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किए जाने की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा- आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/01/20 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

सील **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद आरंग

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

'शाबाश मितु' का फर्स्ट लुक रिलीज, मिताली राज के किरदार में दिखीं तापसी पन्नू

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज पर बन रही बायॉपिक का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है, जिसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म में तापसी मिताली के रोल में हैं।

बेहद कम वक्त में तापसी पन्नू बॉलिवुड की उन ऐक्ट्रेसेस में शुमार हो चुकी हैं जो अपने किरदार के लिए किसी भी हद तक जाने से संकोच नहीं करतीं। बीते कुछ सालों में तापसी ने स्क्रीन पर निभाए अलग-अलग किरदारों के जरिए खुद की एक अलग पहचान कायम कर ली है। अपनी अगली फिल्म में वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज का रोल प्ले कर रही हैं। अनाउंसमेंट के वक्त से ही यह फिल्म चर्चा में थी और अब इसका फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। पोस्टर में तापसी मिताली राज के गेटअप में काफी कन्विंसिंग लग रही हैं और फैन्स को भी उनका यह लुक काफी पसंद आ रहा है। मिताली राज पर बन रही बायॉपिक का नाम 'शाबाश मितु' है और तापसी ने इसका फर्स्ट लुक पोस्टर ट्विटर पर शेयर किया। साथ ही उन्होंने लिखा, 'मुझसे हमेशा ही यह पूछा गया है कि मेरा फेवरिट मेल क्रिकेटर कौन है, लेकिन उनसे जरूर पूछा जाना चाहिए कि उनकी फेवरिट महिला क्रिकेटर कौन है?' यह वह स्टेटमेंट है जिसने हर क्रिकेट प्रेमी को सोचने पर मजबूर कर दिया था कि उसे गेम पसंद है या फिर उस गेम को खेलने वाला जेंडर।' मिताली राज आप एक गेम चेंजर हैं।'

कंगना रनौत को लेकर फिल्म बनाना चाहते हैं करण जौहर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर कंगना रनौत को लेकर फिल्म बनाना चाहते हैं। करण जौहर और कंगना रनौत के बीच की अनबन की खबरे सुर्खियों में रहती है।दोनों एक-दूसरे पर कमेंट करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। करण जौहर ने कंगना रनौत को मिले पद्म श्री अवॉर्ड को लेकर रिएक्ट किया है। करण जौहर ने कहा, ÷कंगना और मेरे बीच किसी तरह की रंजिश या तनाव को लेकर इतना कुछ कहा गया है, लेकिन हम जब भी पब्लिक स्पेस में मिलते हैं, हम एक-दूसरे को विनम्रता से बधाई देते हैं। एक फिल्म निर्माता के रूप में मैं कंगना की प्रतिभा, क्राफ्ट का सम्मान करता हूं। वो एक ऐसी अदाकारा हैं, जिन्होंने खुद को साबित किया है और वो सम्मान की पात्र हैं। कल यदि मेरे पास एक फिल्म है, जिसके लिए मुझे कंगना की जरूरत है, तो मैं फोन उठाऊंगा और उन्हें फोन करूंगा। जो भी समस्या है, सोशल मीडिया पर जो कुछ भी कहा गया है, वो मेरे लिए मायने नहीं रखता है। मैं एक फिल्म निर्माता हूं और वो एक कलाकार हैं और पर्सनल चीजें उस रिश्ते के रास्ते में नहीं आनी चाहिए. मैं इस पर विश्वास करता हूं और इसके साथ खड़ा रहूंगा।

QUIZ TIME

1) मानचित्र पर दूरी मापनेवाले यंत्र को क्या कहते हैं? (रोडोमीटर / रीडोमीटर)
2) अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष बननेवाले पहले एशियाई कौन थे?
3) भारत आनेवाला प्रथम रूसी प्रधानमंत्री कौन है?
(क) येगोर गेदर (ख) जॉर्जजी लावोव (ग) निकोलाई बुलगनिन
4) हिंदी में आशुलिपि के जन्मदाता कौन है?
5) बहू प्रतिभावान कलाकार का नाम बतायें?

Ramaquiz

उत्तरमाला: (1) रोडोमीटर (2) जगमोहन डालमिया (3) निकोलाई बुलगनिन (4) राधेलाल द्विवेदी (5) प्राण

इंडियन 2 में काम नहीं कर रहे हैं अनिल कपूर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के मिस्टर इंडिया अनिल कपूर का कहना है कि वह इंडियन 2 में काम नहीं कर रहे हैं। अनिल कपूर की फिल्म मलंग जल्द ही रिलीज होने वाली है। चर्चा थी कि वह 'इंडियन 2' में खलनायक की भूमिका भी निभाने वाले हैं। यह फ़िल्म वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म 'इंडियन' की सीक्वल है। हालांकि, अनिल कपूर ने 'इंडियन 2' में होने से इंकार कर दिया है। अनिल कपूर ने कहा कि वह फ़िल्म के सेट पर निर्देशक शंकर से मिलने गए थे। वहां पर दोनों की साथ की तस्वीरें वायरल हो गईं। लोगों को लगा कि हम फ़िल्म साथ में कर रहे हैं, जबकि ऐसा नहीं है।

अजय देवगन की मैदान का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन की आने वाली फिल्म मैदान का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। अजय देवगन की हाल ही में प्रदर्शित फिल्म तानाजी: द अनसंग वारियर 200 करोड़ से अधिक की कमाई कर चुकी है। अजय फिल्म की सफलता से काफी खुश हैं। फिल्म की रिलीज के साथ ही अजय अपने अगले प्रोजेक्ट्स में बिजी हो गए हैं। अजय भारतीय फुटबॉल टीम के कोच सईद अब्दुल रहीम पर आधारित फिल्म मैदान में काम कर रहे हैं। इस फिल्म फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है।

अपनी सास को भी 'बेवकूफ बना चुके हैं अक्षय कुमार

अपने को-स्टार्स पर अकसर प्रैंक करने के लिए पॉप्युलर अक्षय कुमार ने हाल ही में फटॉग्रफर्स के साथ भी ऐसा करने की कोशिश की, जिसका एक विडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में बना हुआ है। दरअसल अक्षय अपनी एक फिल्म के शूट से घर वापस लौट रहे थे। जब वह अपनी कार की तरफ बढ़ रहे थे तभी उन्हें लोगों ने घेर लिया और पपराजी भी वहां पहुंच गए। यह देख अक्षय को अचानक ही एक ट्रिक सूझी। पहले तो वह चुपचाप चलते रहे और फिर मौका देख अपनी कार की तरफ दौड़ लगा दी। लेकिन बीच मे ही वह रुक गए और हंसने लगे। अक्षय का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

अक्षय अकसर अपने को-स्टार्स के साथ भी प्रैंक करते रहते हैं। ऐसा ही एक प्रैंक उन्होंने फिल्म 'मिशल मंगल' के दौरान सोनाक्षी सिन्हा के साथ किया था। अक्षय ने तब चोट लगने का नाटक किया था, जिससे सोनाक्षी भी घबरा गई थीं। कृति सेनन से लेकर विद्या बालन और करीना कपूर खान तक अक्षय के प्रैंक का शिकार हो चुकी हैं।

लव आजकल के लिए कार्तिक ने घटाया आठ किलो वजन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने आने वाली फिल्म लव आजकल के लिये आठ किलो वजन घटाया है। इम्तियाज अली की फिल्म लव आजकल का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। कार्तिक आर्यन और सारा अली खान स्टारर इस फिल्म को लेकर दर्शकों की मिश्रित प्रतिक्रिया मिली है। कार्तिक ने भी इस फिल्म के प्रमोशन्स की शुरुआत कर दी है और वे पिछले कुछ दिनों से इस फिल्म से जुड़े लुक्स को साझा कर रहे हैं। उनकी लेटेस्ट तस्वीर के बाद कार्तिक के ट्रांसफॉर्मेशन को लेकर भी काफी चर्चा हो रही है। कार्तिक इस फिल्म में दो किरदारों में दिखेंगे। वह 1990 के रघु के तौर पर नजर आएंगे। वही 2020 में वे वीर की भूमिका भी निभा रहे हैं। रघु के किरदार को रियल दिखाने के लिए कार्तिक एक खास ट्रांसफॉर्मेशन से भी गुजर चुके हैं।

बजट में सीनियर सिटिजन के लिए क्या कर सकती हैं एफएम निर्मला

- **सीनियर सिटिजन चाहते हैं कि उनका टैक्स ब्रेक, नॉन-रिटायर्ड कामकाजी लोगों से अलग हो**
- **रिटायर्ड लोग चाहते हैं कि अंतर ख़त्म हो और सीनियर और सुपर सीनियर सिटिज़नस एक हो जाएं**

1 फरवरी 2020 को सरकार अपना यूनियन बजट पेश करने वाली है। सारा देश, ख़ासतौर पर सीनियर सिटिज़न्स बड़ी बेसब्री से इस बजट घोषणा का इंतजार कर रहे हैं ताकि उन्हें पता चल सके कि उनके बटुए में और ज्यादा पैसे आएंगे या नहीं। बीते सालों में, जॉइंट इंडियन फैमिली ने न्यूक्लियर फैमिली का रास्ता खोल दिया है। इसका मतलब है कि आज अधिक से अधिक सीनियर सिटिज़न्स आत्मनिर्भर तरीके से अपनी सेविंग्स और इनकम के भरोसे अपनी जिंदगी गुजार रहे हैं।

पिछले साल किए गए इकनॉमिक सर्वे के अनुसार, भारत में बड़े-बुजुर्गों की हिस्सेदारी यानी 60 साल और उससे ज्यादा उम्र के लोगों की संख्या 2011 में 8.6त्र से लगातार बढ़ते हुए 2041 तक 16त्र यानी लगभग दोगुनी हो जाएगी। ऐसी परिस्थिति में, उपयोगी बजट सम्बन्धी

घोषणाओं के माध्यम से इस वर्ग के लोगों की जरूरतों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।

क्या चाहते हैं सीनियर सिटिजन्स?: सीनियर सिटिज़न्स के साथ बजट सम्बन्धी उम्मीदों के बारे में चर्चा करते समय, एक मुद्दा बाकी सभी मुद्दों से ज्यादा महत्वपूर्ण था और वह था - टैक्स ब्रेक का मुद्दा। वे सब यही चाहते हैं कि उनका टैक्स ब्रेक, नॉन-रिटायर्ड कामकाजी लोगों से अलग हो। टैक्स ब्रेक की इस बढ़ती मांग का कारण, उनके और दूसरों की इनकम में मौजूदा अंतर है। एक सीनियर सिटिज़न जिसे पेंशन नहीं मिलती है वह बैंक सेविंग्स और डेट इन्वेस्टमेंट्स जैसे फिक्स्ड डिपॉजिट्स से होने वाले इंटरेस्ट इनकम पर निर्भर रहता है। इस मामले में उनकी चिंता का विषय, इंटरेस्ट रेट में होने वाला उतार-चढ़ाव है जिससे उनकी इनकम कम हो सकती है। दूसरी तरफ, पेंशन इनकम पर निर्भर रहने वाले सीनियर सिटिज़न्स को सेहत और सामाजिक सुरक्षा जैसी अन्य असुरक्षा की भी चिंता सताती रहती है।

इस सन्दर्भ में, फाइनैंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण के यूनियन बजट में सीनियर सिटिजन फ्रेंडली बनाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा सकते हैं।

इस वेडिंग सीजन में डोनियर के नवीनतम फैब्रिक रेंज के साथ दिखें शानदार

मुंबई। पूरे जोरों से हो रहे शादी के दौर में, बॉलीवुड ने सीजन के नए प्रचलन को प्रभावित किया है। इसलिए नवीनतम फैशन ट्रेन्ड्स के साथ बने रहना महत्वपूर्ण हो जाता है। अग्रणी ब्रांड डोनियर इस सीज़न में अपने वेडिंग फैब्रिक की श्रृंखला प्रस्तुत करता है, जो शादी के पोशाकों को रंगों की प्रचुरता देता है।

मेंसवियर सेगमेंट में सबसे प्रसिद्ध और प्रीमियम ब्रांडों में से एक डोनियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड, पॉली-विस्कोस, पॉली-कॉटन, पॉली-वूल से लेकर सूती और ऊनी कपड़ों तक के वस्त्र उपलब्ध कराता है। एक विशाल डिजाइन रेंज के साथ, नए संग्रह में फैंसी पॉली-विस्कोस और कपास मिश्रित कपड़े हैं। इन कपड़ों को एक असाधारण तरीके के साथ हल्की प्रतिरोधी बनावट के साथ आजमा के तैयार किया जाता है, जो आपके विवाह के रूप को प्रफुल्लित करते है। यह नया परिधान अति सुंदर डिजाइनों और जीवंत रंगों में उपलब्ध है, जिसमें नारंगी से लेकर बैंगनी तक, नीले से लेकर हरे और भूरे और काले के क्लासिक्स इनमें से कुछ नाम हैं। कपड़े की स्थायित्व और हल्की परदार प्रकृति को किसी की पसंदीदा शादी की पोशाक में अनुकूलित किया जा सकता है। चाहे वह ब्लेज़र, ट्राउज़र, सूट, शेरवानी, पठानी, या विकसित हो रही बंडी जैकेट हि क्यूं न हो। कलेक्शन 'आपके अंदर के डिजाइनर' को सामने लाता है क्योंकि कपड़े को ग्राहकों की पसंद एवं नवीनतम फैशन ट्रेंड के अनुसार तैयार किये जा सकते हैं।

ऐसिड अटैक पीड़िताओं के हाथ पकड़ रहीं सोडेक्सो, लेमन ट्री जैसी कंपनियां

- **हमलों के पीड़ितों को रोजगार खोजने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, लेकिन अब कुछ कंपनियां इन्हें हायर करने के लिए आगे आ रही हैं। सोडेक्सो और लेमन ट्री जैसी कंपनियों ने ऐसिड हमलों का सामना कर चुके लोगों को नौकरियां दी हैं।**

नई दिल्ली/कोलकाता। दीपिका पादुकोण की फिल्म छपाक से ऐसिड हमलों के बारे में जागरूकता बढ़ी है, लेकिन वास्तविक स्थिति यह है कि इन हमलों के पीड़ितों को रोजगार खोजने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हालांकि अब कुछ कंपनियां इन्हें हायर करने के लिए आगे आ रही हैं। सोडेक्सो और लेमन ट्री जैसी कंपनियों ने ऐसिड हमलों का सामना कर चुके लोगों को नौकरियां दी हैं।

शॉपर्स स्टॉप, सिलेक्ट सिटीवॉक और इटली की ऑटोमोटिव पार्ट्स कंपनी मैग्नेटी मेरेली ने इन हमलों के पीड़ितों को अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (ष्टस्क्र) के तहत मदद उपलब्ध कराई है। हालांकि ऐसे लोगों को रोजगार मिलना आसान नहीं है। कुछ एक्सपर्ट्स ने बताया कि ऐसिड हमले की पीड़ितों को दिव्यांग वर्ग में शामिल करने के कारण इन्हें हायर करने वाली कंपनियों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन बहुत-सी कंपनियां अभी भी ऐसे लोगों को रखने में हिचकिचा रही हैं।

सोडेक्सो इंडिया के एचआर डायरेक्टर प्रदीप चावडा ने बताया, 'ऐसे लोग बाहरी दुनिया से संपर्क करने से दूर रहते हैं क्योंकि उन्हें नकारे जाने का डर होता है।' इससे निपटने के लिए कंपनी ने ऐसिड हमले के पीड़ितों को कई डिविजन में नौकरी दी है। अन्य एंप्लॉयीज को भी इसके बारे में जागरूक किया जा रहा है।

ऐसिड हमले का सामना कर चुकीं प्रज्ञा सिंह ने ऐसे लोगों के पुनर्वास में सहायता के लिए अतिजीवन फाउंडेशन बनाई है। प्रज्ञा ऐसिड हमलों के बारे में कंपनियों में जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करती हैं। उन्होंने बताया कि एंप्लॉयीज से कहा जाता है कि वे ऐसिड हमले के पीड़ितों से यह न पूछें कि उन्हें क्या हुआ है और कैसे हुआ है? नैशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के 2018 के आंकड़ों के अनुसार, ऐसिड हमलों के 228 मामलों की रिपोर्ट मिली थी।

इन हमलों के पीड़ितों में लड़कियों या युवा महिलाओं की संख्या अधिक होती है और वे अकसर अपनी शिक्षा पूरी नहीं कर पाती। इस वजह से भी इन्हें रोजगार खोजने में मुश्किल होती है लेमन ट्री होटल्स ने ऐसे लोगों को पिछले डेढ़ वर्ष में हाउसकीपिंग और रिजर्वेशन जैसे फंक्शंस में रखा है।

रिटायरमेंट प्लैनिंग में इसलिए है इक्विटी निवेश का अहम रोल



मुंबई। वह समय भी था, जब सरकार बाजार की सबसे बड़ी बॉरोअर होती थी। वह जी खोलकर ब्याज देती थी और उसे उधार में दिया जाने वाला पैसा सुरक्षित रहता था। डाकघरों में रिटायर्ड लोगों की कतारें लगती थीं। आज के हालात और नजारे अलग हैं। सरकारी बैंकों के भी दिवालिया होने का डर होने लगा है। लोग रिस्क से बच रहे हैं। हालांकि यह तो हर जगह है। बाजार में बेईमान बॉरोअर्स, जालसाजों, भ्रष्ट लेंडर्स के बढ़ने के चलते रिटायर्ड इन्वेस्टर्स का भी रिस्क बढ़ गया है।

हम सरकार से रिटायर्ड लोगों को ठीकठाक निवेश विकल्प मुहैया कराने की मांग कर सकते हैं, लेकिन रिफॉर्म्स दूर की कौड़ी हैं क्योंकि पॉलिसीमेकर्स समझ नहीं पा रहे हैं कि रिस्क को डायवर्सिफिकेशन से सिर्फ मैनेज किया जा सकता है। फाइनैंशल इंस्टीट्यूशंस को जिम्मेदार बनाए बिना पब्लिक मनी को सही से मैनेज नहीं किया जा सकता। इसलिए डूबती कंपनियों को देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी बचाती है और सबसे बड़ी पेंशन स्कीम ठोस इन्वेस्टमेंट प्रोसेस अपनाने के लिए गोल-गोल घूमती रहती है। पहली बात, आज के रिटायर्ड लोगों के पास ज्यादा पैसे हैं। ज्यादातर ऐसे लोग अपने मकान में रहते हैं, उनके पास कुछ संपत्ति है और कुछ बचत भी है। एक जमाने में लोग पीएफमें पैसा लोन लेने के मकसद से डालते थे।

पश्चिम और दक्षिण भारत में मैकडोनल्ड की फ्रेंचाइजी वेस्टलाइफका परिचालन लाभ 47 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई(वार्ता)। पश्चिम और दक्षिण भारत में फास्टफूड श्रखंला मैकडोनल्ड रेस्त्रां की मास्टर फ्रेंचाइजी वेस्टलाइफ डेवलपमेंट लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में परिचालन लाभ पिछले साल की इसी अवधि के 35 करोड़ 29 लाख रुपए की तुलना में 47.5 प्रतिशत बढ़कर 52 करोड़ पांच लाख रुपए पर पहुंच गया । कंपनी का 31 दिसंबर 2019 को समाप्त तिमाही में कर बाद मुनाफा 228.3 प्रतिशत उछाल के साथ छह करोड़ 92 लाख रुपए से 22 करोड़ 72 लाख रुपए और नकद लाभ 52.6 प्रतिशत बढ़कर 29 करोड 47 लाख रुपए से 44 करोड़ 96 लाख रुपए हो गया ।

ऑटो एक्सपो पर चाइनीज करॉना वायरस का साया

मुंबई/नई दिल्ली/कोलकाता। चीन की कंपनियों की भारत में मौजूदगी लगातार बढ़ रही है। चीन से उभरे करॉना वायरस का खतरा भारत सहित दुनियाभर में बढ़ रहा है। ये दोनों तथ्य एक-दूसरे से टकराने लगे हैं। आगामी ऑटो एक्सपो के लिए भारत आने वाले चीन की कंपनियों के अधिकारियों के बारे में चिंता बढ़ने लगी है। चीन की कंपनियों की भारतीय इकाइयां अपने अधिकारियों को ट्रैवल अडवाइजरी जारी कर रही हैं या ऐसी सलाह जारी करने पर विचार कर रही हैं।

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के अधिकारियों ने ईटी को बताया कि बुधवार को वे स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों से मिलेंगे और उनसे पूछेंगे कि ग्रेटर नोएडा में 5-12 फरवरी तक होने वाले ऑटो एक्सपो के लिए किन एहतियाती उपायों की जरूरत है। इस एक्सपो में कई चाइनीज ऑटो कंपनियों के भाग लेने की संभावना है।

चीन की कंपनियां इस साल के ऑटो एक्सपो के लिए काफी अहम हो गई हैं क्योंकि बीएमडब्ल्यू, ऑडी, फोर्ड, होंडा और टोयोटा सहित कई वेस्टर्न और जापानी कंपनियां इस बार इसमें भाग नहीं ले रही हैं। इस एक्सपो में ग्लोबल कंपनियों की मौजूदगी BYD, SIAC और ग्रेट वॉल सरीखी चीनी कंपनियों से सुनिश्चित होगी।

71 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

मा. भूपेश बघेल जी
मुख्यमंत्री

मा. मोहम्मद अकबर
मंत्री, छ.ग. शासन

मा. टी.एस. सिंहदेव
मंत्री, छ.ग. शासन

मा. शिव कुमार डहरिया
विधायक, बिलाईगढ़

71वें गणतंत्र दिवस की आप सभी को ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं..

मेकडम मेकर्स- वीको मेकर्स

भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार-भाटारापारा (छ.ग.)

ठेकेदार : नंदलाल जसवानी, अनिल जसवानी जी,
राजीव (गोलू) जसवानी जी

शुभेच्छू गण : उमाकांत जी, रामलाल मनहरे एवं समस्त कार्यकर्ता-कर्मचारी गण भाटापारा।

टीप : हमारे निर्माण में कोताही नही, माप दण्ड में सही, समय पर कार्य निर्माण हमारी पहचान है।

71 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

मा. भूपेश बघेल जी
मुख्यमंत्री

मा. रविन्द्र चौबे
मंत्री, छ.ग. शासन

मा. टी.एस. सिंहदेव जी
मंत्री, छ.ग. शासन

मा. शिव डहारिया जी
मंत्री, छ.ग. शासन

उद्यानिकी विभाग, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

के. के. साहू सहायक संचालक
एवं समस्त स्टाफ कर्मचारी गण

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

जिला परिवहन कार्यालय जिला-बलौदाबाजार

एस.एल. लकड़ा
जिला परिवहन अधि.
समस्त स्टाफ-कर्मचारीगण

टीप : अपने वाहन में ओवरलोड सीट न बैठाएं, गाड़ी कंट्रोल में चलावें, ड्राईविंग लाइसेंस व अन्य कागजात साथ में रखें।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

मत्स्य विभाग, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

(प्र.)सहायक संचालक- मधु खाखा
(निरीक्षक)- बी.पी. पाण्डेय
समस्त स्टाफ एवं कर्मचारीगण

टीप: अपनी खेती के साथ आय को बढ़ाने मछली पालन एक व्यवसाय है.. इसमें आगे आवें।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

जिला खनिज कार्यालय जिला–बलौदाबाजार

एम. चंद्रशेखर
जिला खनिज अधिकारी

के.के. बंजारे
सहायक खनिज अधिकारी

टीप : बिना रायल्टी खनिजों का परिवहन करना दण्डनीय अपराध है।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

जिला नाप–तौल विभाग

जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

नापतौल निरीक्षक–दामोदर वर्मा

समस्त स्टाफ–कर्मचारी गण

टीप : अपने व्यवसाय में नापतौल में कांटा बांट का सालाना परीक्षण व मुहर जरूर लगावें।

71 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

मा. भूपेश बघेल जी
मुख्यमंत्री

मा. रविन्द्र चौबे
मंत्री, छ.ग. शासन

मा. टी.एस. सिंहदेव जी
मंत्री, छ.ग. शासन

मा. शिव डहारिया जी
मंत्री, छ.ग. शासन

पशु चिकित्सा सेवायें, जिला–बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

उप संचालक - सी.के. पाण्डेय

समस्त स्टाफ, कर्मचारी गण एवं जिला के सभी पशु औषधालय के डॉक्टर्स स्टाफ

71 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

मा. भूपेश बघेल जी
मुख्यमंत्री

मा. टी.एस. सिंहदेव जी
मंत्री, छ.ग. शासन

मा. शिव डहरिया जी
मंत्री, छ.ग. शासन

मा. प्रेमसाय सिंह
मंत्री, छ.ग. शासन

जिला श्रम विभाग–बलौदाबाजार–भाटपारा

सहायक संचालक- आशुतोष पाण्डेय
जिला श्रम अधिकारी-तेजश चंद्राकर

समस्त स्टाफ–कर्मचारी गण

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

जिला अंत्यावसायी विभाग

बलौदाबाजार–भाटापारा

मुख्य कार्य. अधिकारी- मनहरण कोसले

समस्त स्टाफ एवं कर्मचारी गण

71 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

पंजीयन विभाग, जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा

जिला पंजीयक-आशु अग्रवाल व समस्त स्टाफ

सहायक पंजीयक बलौदाबाजार- एस.डी. ध्रुव

व स्टाफ कर्मचारीगण

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग

जिला– बलौदाबाजार, भाटापारा (छ.ग.)

महाप्रबंधक- सत्येंद्र सिंह बघेल

समस्त स्टाफ एवं कर्मचारीगण

71 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

जिला ग्रामोद्योग बोर्ड

जिला-बलौदाबाजार भाटापारा

(प्र.) प्रबंधक- दुबे मैडम

व समस्त स्टाफ व कर्मचारीगण

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

जिला रोजगार कार्यालय

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छग)

जिला रोजगार अधिकारी - मनोरमा भगत

समस्त स्टाफ एवं कर्मचारीगण

71 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..

जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग

जिला बालौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

उप संचालक - श्रीमती माया तिवारी

सहायक सांख्यिकी, अधिकारी-एच.एल. देवांगन
समस्त स्टाफ कर्मचारीगण

संकलनकर्ता - धनीराम साहू-बलौदाबाजार, संपर्क नं. 95758-38192

भारत बनाम न्यूजीलैंड तीसरा टी-20 | मोहम्मद शमी का आखरी ओवर जिसने न्यू जीलैंड से छीनी जीत, सुपर ओवर में भारत ने रच दिया इतिहास

सुपर ओवर में रोहित के दो छक्के, भारत ने जीती सीरीज

न्यू जीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने बनाए सर्वाधिक 95 रन, अंतिम ओवर में आउट हुए

हिटमैन नाम से मशहूर उपकप्तान एवं ओपनर रोहित शर्मा ने सुपर ओवर की आखिरी दो गेंदों पर लगातार दो छक्के लगाकर भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफसांसों को रोक देने वाले बेहद रोमांचक मुकाबले में बुधवार को हैरतअंगेज जीत दिला दी।

हैमिलटन (वार्ता)। भारत ने हार के जबड़े से वापसी करते हुए तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के कमाल के आखिरी ओवर से कीवी टीम को बराबरी पर रोक दिया और फिर सुपर ओवर में जीत हासिल कर न्यूजीलैंड में पहली बार टी-20 सीरीज जीतने का इतिहास रच दिया।

भारत ने रोहित शर्मा (65) के सीरीज के पहले अर्धशतक से 20 ओवर में पांच विकेट पर 179 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया जबकि न्यूजीलैंड की टीम कप्तान केन विलियम्सन की 95 रन की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के बावजूद निर्धारित ओवर में छह विकेट पर 179 रन बना पायी। मैच फैसले के लिए सुपर ओवर में गया जिसमें न्यूजीलैंड ने 17 रन बनाये जबकि भारत ने सुपर ओवर की पहली चार गेंदों पर मात्र आठ रन बनाये थे लेकिन रोहित ने अगली दो गेंदों पर छक्के मारकर जीत भारत की झोली में डाल दी। भारत ने सुपर ओवर में 20 रन बनाये और पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। इस मुकाबले में रोमांच अपनी पराकाष्ठा पर था और न्यूजीलैंड को लगातार दूसरे साल सुपर ओवर में मायूस होना पड़ा। न्यूजीलैंड की टीम पिछले साल इंग्लैंड में हुए एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड के हाथों मैच और सुपर ओवर टाई रहने के बाद बॉउंड्री काउंटबैक के आधार पर हार गयी थी और इस बार उसे भारत के हाथों सुपर ओवर में पराजय का सामना करना पड़ा।

न्यूजीलैंड के पास मैच जीतने का पूरा मौका था लेकिन पहले शमी और फिर रोहित ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मैच का आखिरी ओवर जब शुरू हो रहा था तब मेजबान टीम को जीत के लिए मात्र नौ रन की जरूरत थी और विलियम्सन 95 तथा रॉस टेलर 10 रन बनाकर क्रीज पर थे। शमी की पहली गेंद पर टेलर ने छक्का मार दिया जबकि दूसरी गेंद पर एक रन बना।

शमी ने तीसरी गेंद पर विलियम्सन को लोकेश राहुल के हाथों कैच करा दिया। विलियम्सन ने मात्र 48 गेंदों पर आठ चौकों और छह छक्कों की मदद से 95 रन बनाये और अपने पहले टी-20 शतक से चूक गए। विलियम्सन का आउट होने कीवी टीम को अंत में काफी भारी पड़ गया। शमी ने चौथी गेंद पर टिम सीफर्ट को कोई रन नहीं लेने दिया। अब दोनों टीमों की धड़कनें बढ़ चुकी थी और मैच किसी भी तरफ जा सकता था। पांचवीं गेंद पर बाई से एक रन बना और स्कोर टाई हो गया। शमी ने आखिरी गेंद पर टेलर को बोल्ड कर दिया। टेलर के बोल्ड होते ही भारतीय खेमा खुशी से उछल पड़ा। टेलर 10 गेंदों में 17 रन ही बना सके और उसके हाथ से निर्धारित ओवर में जीत हासिल करने का मौका निकल गया।

भारत की तरफसे सुपर ओवर फेंकने जसप्रीत बुमराह आये जो इससे पहले तक चार ओवर में 45 रन देकर टी-20 की अपनी दूसरी सबसे महंगी गेंदबाजी कर चुके थे। न्यूजीलैंड की तरफ से मैदान में विलियम्सन और मार्टिन गुप्तिल उतरे। पहली दो गेंदों पर एक-एक रन बना जबकि तीसरी गेंद पर विलियम्सन ने छक्का मार दिया।विलियम्सन ने चौथी गेंद पर चौका जड़ा और पांचवीं गेंद पर बाई का रन लिया। गुप्तिल ने आखिरी गेंद पर चौका लगाया और न्यूजीलैंड ने सुपर ओवर में कुल 17 रन बटोरे।

मेजबान टीम के लिए टिम साउदी सुपर ओवर फेंकने आये और भारत के लिए रोहित तथा लोकेश राहुल ने मोर्चा संभाला। रोहित ने पहली गेंद पर दो और दूसरी गेंद पर एक रन लिया जबकि राहुल ने तीसरी गेंद पर चौका मारा। राहुल ने चौथी गेंद पर एक रन लिया। चार गेंदों पर आठ रन बनने के बाद अब कोई करिश्मा ही भारत को जीत दिला सकता था और इस करिश्मे का नाम था रोहित हिटमैन शर्मा।

रोहित ने साउदी की पांचवीं और छठी गेंद पर छक्के उड़ाते हुए मैच समाप्त कर दिया और जीत भारत की झोली में डालने के साथ ही नया इतिहास बना दिया। भारत ने तीन अवसरों में पहली बार न्यूजीलैंड में टी-20 सीरीज जीत ली। रोहित ने इससे पहले भारत की पारी में 40 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 65 रन बनाये थे। उन्हें प्लेयर ऑफद मैच का पुरस्कार मिला।

- **भारत ने 5 मैचों की सीरीज में 3-0 से बनाई अजेय बढ़त, हैमिल्टन में सुपर ओवर में जीत**
- **रोहित शर्मा बने मैन ऑफद मैच, खेली 65 रन की पारी, फिर सुपर ओवर में भी जड़े लगातार 2 सिक्स**
- **अंतिम ओवर में मेजबान टीम को जीत के लिए 9 रन की दरकार थी, लेकिन टीम 8 रन ही बना सकी**
- **शमी के आखरी ओवर में पलटा मैच का रूख, मैच हो गया टाई**

विराट कोहली ने तोड़ा एमएस धोनी का खास रेकॉर्ड, बने नंबर वन कैप्टन

हैमिल्टन। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने बुधवार को यहां न्यू जीलैंड के खिलाफतीसरे टी-20 मैच में अपनी 27 गेंदों में 38 रन की पारी के दौरान एक और रेकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने सदन पार्क में 26वां रन बनाते ही पूर्व भारतीय कप्तान को पीछे छोड़ दिया। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने बुधवार को यहां न्यू जीलैंड के खिलाफतीसरे टी-20 मैच में अपनी 27 गेंदों में 38 रन की पारी के दौरान एक और रेकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने सदन पार्क में 26वां रन बनाते ही पूर्व भारतीय कप्तान को पीछे छोड़ दिया। वह बतौर कप्तान टी-20 में सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बन गए हैं, जबकि ओवरऑल वह तीसरे नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने यह मुकाम मैच के 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर सिंगल लेकर पार किया। इससे पहले कोहली इस समय टी-20 में बतौर कप्तान सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में चौथे नंबर पर थे, वहीं धोनी 1112 रनों के साथ तीसरे नंबर पर थे। लेकिन इस मैच में उन्होंने धोनी को पीछे छोड़कर भारत के नंबर वन कप्तान बन गए।

इस मामले में न्यू जीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन 1148 रनों के साथ दूसरे और दक्षिण अफ्रीका के कप्तान फाफडु प्लेसिस 1273 रनों के साथ पहले नंबर पर हैं। बता दें कि भारत ने दूसरा मैच सात विकेट से जीतकर पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त ले रखी है। अगर यहां जीतता है तो वह मैच जीत लेगा।

कश्यप का निराशाजनक सफर जारी, अवध को मिली 5-0 से जीत

लखनऊ (वार्ता)। ट्रंप मैच में अवध वारियर्स के वांग विंग की विंसेट ने स्टार शटलर परूपल्ली कश्यप को हराते हुये प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) के पांचवे सीजन में मुंबई राकेट्स को 5-0 से शिकस्त देकर घरेलू कोर्ट पर अपनी पहली जीत दर्ज की। इस महत्वपूर्ण जीत के साथ अवध वारियर्स 10 अंकों के साथ अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है। सीजन के पहले मैच में उसे जीत और दूसरे मैच में पीवी सिंधू की टीम हैदराबाद हंटर्स के खिलाफ हार का मुंह देखना पड़ा था। उधर, मुंबई राकेट्स की मौजूदा सीजन में यह लगातार तीसरी हार है। पिछले कुछ समय से खराब फार्म से जूझ रहे भारत के स्टार शटलर कश्यप को पीबीएल के मौजूदा सीजन में लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा।

सर्विस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड ने चंडीगढ़ को 5-2 से दी मात

झांसी के ध्यानचंद स्टेडियम में खेली जा रही 10वी सीनियर राष्ट्रीय पुरूष हॉकी चैम्पियनशिप (ए डिवीजन) के छठे दिन मंगलवार को सर्विस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससी) ने हॉकी चंडीगढ को 5-2 से हराया।

झांसी (वार्ता)। मैच के तीसरे ही मिनट में पहला गोल चंडीगढ के हरसिमरनजीत सिंह ने दागा लेकिन इसके बाद एसएससी ने एक के बाद एक गोल कर साफ कर दिया कि वह आसान प्रतिद्वंद्वी नहीं है। मैच के 32वें मिनट में चंडीगढ के संजय ने एक गोल दागकर अपनी टीम की संभावनाओं को बढ़ाया लेकिन इसके बाद चंडीगढ़ के खिलाड़ी किसी मौके को गोल में नहीं बदल पाये। मैच के 51वें और 57वें मिनट में एसएससी के संदीप सिंह और जुगराज सिंह ने एक एक गोल कर मैच अपनी टीम के नाम किया। पंजाब और हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु (यूटीएन) के बीच खेला गया दूसरा मैच 2-2 की बराबरी पर छूटा। दोनों ही टीमों ने मैच के दौरान जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया पहले हॉफ में यूटीएन ने दो गोल दागे और उस समय तक मैच का रूख देखकर ऐसा लग रहा था कि मैच यूटीएन के पक्ष में जायेगा लेकिन दूसरे हाफ में पंजाब ने जोरदार दमखम दिखाते हुए दो गोल दागकर हिसाब बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों ही टीमों में जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए एक दूसरे को एक भी गोल नहीं करने दिया और मैच 2-2 की बराबरी पर छूटा। पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (पीएसपी) और केंद्रीय सचिवालय(सीएसई) के बीच खेला गया तीसरा मैच भी 2-2 की बराबरी पर छूटा। सीएसई के मोहम्मद शारिक ने मैच के 32वें मिनट में पहला गोल दागा इसके जवाब में पीएसपी के रजक पंकज ने गोल किया।

ज्वेरेव और हालेप सेमीफाइनल में

मेलबोर्न (वार्ता)। सातवीं सीड जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव और चौथी सीड रोमानिया की सिमोना हालेप ने बुधवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। ज्वेरेव ने क्वार्टरफाइनल में 15वीं सीड स्विट्जरलैंड के स्टेनिस्लास वावरिंका को दो घंटे 19 मिनट में चार सेटों तक चले मुकाबले में 1-6, 6-3, 6-4, 6-2 से हराकर अंतिम चार में जगह बना ली। विश्व के नंबर दो खिलाड़ी और गत चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच और तीसरी सीड स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर कल अपने-अपने मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गए थे। जोकोविच और फेडरर के बीच ड्रीम सेमीफाइनल गुरुवार को होगा।

कार्तिक और आकाश के दम पर भारत पहुंचा विश्व कप के सेमीफाइनल में

पोचेफ्स्ट्रूम। यशस्वी जायसवाल (62) और अथर्व अंकोलेकर (नाबाद 55) के शानदार अर्धशतकों के बाद कार्तिक त्यागी (24 रन पर चार विकेट) और आकाश सिंह (30 रन पर तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी से भारत ने ऑस्ट्रेलिया को मंगलवार को 74 रन से पीटकर अंडर-19 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

भारत ने क्वार्टरफाइनल में 50 ओवर में नौ विकेट पर 233 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया को 43.3 ओवर में 159 रन पर समेट दिया। भारत ने इस तरह लगातार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले ओवर में तीन विकेट गंवाने के झटके से अंत नहीं उबर सकी। कार्तिक को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। भारत ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए खराब शुरुआत की और 54 रन तक अपने तीन विकेट गंवा दिए। दिव्यांश सक्सेना 14, तिलक वर्मा दो और कप्तान प्रियम गर्ग पांच रन बनाकर आउट हो गए। जायसवाल 82 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 62 रन बनाकर टीम के 104 के स्कोर पर आउट हो गए जिससे भारत को गहरा झटका लगा। विकेटकीपर ध्रुव जुरेल 15 रन बनाकर पांचवें बल्लेबाज के रूप में 114 के स्कोर पर पवेलियन लौट गए। इन नाजुक हालात में सिद्धेश वीर ने 42 गेंदों में चार चौकों की मदद से 25 रन, अंकोलेकर ने 54 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के के सहारे नाबाद 55 रन और रवि बिश्नोई ने 31 गेंदों में एक चौके और एक छक्के के सहारे 30 रन बनाकर भारत को 233 तक पहुंचाया।

उपलब्धि | **22 साल के नागल अभी दुनिया के 131वें नम्बर के खिलाड़ी हैं**

प्रजनेश के अलावा नागल को भी मिली मुख्य ड्रा में जगह

दक्षिण एशिया के एकमात्र एटीवी टूर टूर्नामेंट टाटा ओपन महाराष्ट्र के इतिहास में पहली बार भारत के दो खिलाड़ियों को एकल के मुख्य ड्रा में सीधा प्रवेश मिला है। पुणे के महालुंगे बालेवाड़ी स्टेडियम में 3 से 9 फरवरी के बीच होने वाले टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण में प्रजनेश गुणेश्वरन के अलावा सुमित नागल भी पुरुष एकल में अपनी चुनौती पेश करते नजर आएंगे।

पुणे (वार्ता)। नागल को पहले अल्टरनेटिव लिस्ट में रखा गया था। अब नागल को 20 खिलाड़ियों वाले मुख्य ड्रा में शामिल कर लिया गया है। इससे पहले भारत को नम्बर-1 सिंगल्स खिलाड़ी प्रजनेश ने पोलैंड के कामिल माचजाक के टूर्नामेंट से हटने के बाद पुरुष ड्रा में जगह बनाने में सफलता हासिल की थी। इस टूर्नामेंट के लिए भारत के डेविस कप खिलाड़ी और साउथ एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट रामकुमार रामनाथन को भी वाइल्डकार्ड के जरिए पुरुष एकल के मुख्य ड्रा में शामिल किया गया है।

नंबर एक नडाल बाहर, दूसरी बार खिताब जीतने का सपना टूटा

मेलबोर्न (वार्ता)। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और टॉप सीड स्पेन के राफेल नडाल ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम के हाथों बुधवार को क्वार्टरफाइनल में सबसे बड़े उलटफेर का शिकार होकर वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए और इसके साथ ही उनका दूसरी बार यह खिताब जीतने का सपना टूट गया। पांचवीं सीड थिएम ने नडाल को चार घंटे 10 मिनट तक चले बेहद संघर्षपूर्ण मुकाबले में 7-6, 7-6, 4-6, 7-6 से हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस हार ने नडाल का दूसरी बार यह खिताब जीतने और साथ ही स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर के 20 ग्रैंड स्लेम खिताब के रिकॉर्ड की बराबरी करने का सपना भी तोड़ दिया। नडाल ने अपने करियर में मात्र एक बार 2009 में ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था जबकि वह चार बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में हारे हैं। पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के

टॉप4 में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगी ओडिशा

भुवनेश्वर (वार्ता)। मेजबान ओडिशा एफसी हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन में बुधवार को जब यहां कलिंगा स्टेडियम में एफसी गोवा के खिलाफमुकाबले में उतरेगी तो उसकी कोशिश इस मैदान पर अपना शतप्रतिशत रिकॉर्ड बरकरार रखने की होगी।

जोसेफ गोम्बाउ की देखरेख में खेल रही ओडिशा एफसी का चार मैचों से चला आ रहा विजय रथ पिछले मैच में बेंगलुरू में आकर रूक गया था जब मौजूदा चैंपियन बेंगलुरू एफसी ने उसे 3-0 की एकतरफा हार थमा दी थी। ओडिशा ने एरिडेन संताना के चोट के कारण सीजन से बाहर होने के बाद स्ट्राइकर मैनुएल ओनवू के साथ करार किया है। गोम्बाउ की उम्मीद है कि ओनवू चोटिल संताना की जगह को भरने में कामयाब होंगे जिन्होंने 14 मैचों में नौ गोल दागे थे। ओडिशा एफसी इस समय अंकतालिका में 21 अंक लेकर चौथे नंबर पर है और एक जीत से वह अंकतालिका में टॉप-4 में अपनी स्थिति मजबूत कर लेगी। एफसी गोवा 14 मैचों में 27 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। गोवा अपने पिछले मैच में केरला ब्लास्टर्स को हरा चुकी है। उल्लेखनीय है कि ओडिशा एफसी ने पिछले चार मैचों में टॉप तीन टीमों एटीके, एफसी गोवा और बेंगलुरू एफसी के खिलाफ एक भी गोल नहीं किया है। चोटिल मार्कस टेबर का भी इस मैच में खेलना तय नहीं माना जा रहा है जबकि शुभम सारंगी और कार्लोस डेलगाडो पर ही निलंबित हुए पड़े हैं।

निशाने पर अन्याय...

कुपोषण	गरीबी
बेरोजगारी	अशिक्षा

मुख्यमंत्री सुपोषण योजना

- 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों, 15 से 49 वर्ष तक की बालिकाओं- महिलाओं के लिए
- कुपोषण तथा एनीमिया मुक्ति का लक्ष्य
- स्थानीय पोषक आहारों को प्राथमिकता
- आयरन, कृमिनाशक दवाएं
- फल, दूध, अंडा, सोयाबड़ी, लड्डू, भाजी आदि वैकल्पिक पौष्टिक आहार
- आंगनवाड़ी, स्कूल के अलावा पहुंच के स्थानों पर जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित वितरण केन्द्र
- सामुदायिक चेतना व जवाबदेह प्रशासन

मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना

- बस्तर से शुरू योजना का विस्तार पूरे प्रदेश में
- दूरस्थ अंचलों विशेषकर आदिवासी अंचलों में अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का लक्ष्य
- मरीजों को हाट-बाजार क्लीनिक तक लाने हेतु मितानिन व आरएचओ को निर्देश
- साप्ताहिक हाट-बाजारों में नियमित स्वास्थ्य सुविधाएं, जांच, उपचार व दवाएं
- महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु गोपनीयता सुनिश्चित करने की व्यवस्था
- गंभीर मरीजों को बड़े केन्द्रों में भेजने की सुविधा।
- स्थानीय भाषा में प्रचार-प्रसार
- चलित इकाइयों तथा पोर्टेबल मशीनों का उपयोग

छत्तीसगढ़ सार्वभौम पीडीएस

- प्रति राशन कार्ड 35 किलो चावल देने का वादा निभाया
- बीपीएल को छठवें सदस्य से प्रति सदस्य 7 किलो अतिरिक्त चावल
- एपीएल परिवारों को भी 10 रू. किलो में चावल वितरण हेतु राशन कार्ड का वितरण प्रारंभ
- गांवों की तरह शहरी गरीबों को मिट्टी तेल
- आदिवासी अंचलों में नमक, प्रोटीनयुक्त पोषण हेतु चना, बस्तर में देंगे 2 किलो गुड़

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना

- जिला प्रशासन द्वारा हितग्राही बस्तियों का चिन्हांकन
- विद्यमान अस्पतालों से दूरी पर केन्द्रों का संचालन
- चलित इकाई, पोर्टेबल मशीनों का उपयोग
- ओपीडी सहित विभिन्न जांच व उपचार की सुविधाएं
- आवश्यक दवाओं का स्थल पर वितरण
- गंभीर मरीजों को बड़े केन्द्रों में रिफर करने तथा ले जाने की व्यवस्था
- महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु गोपनीयता सुनिश्चित करने की व्यवस्था
- स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी निर्धारण

छत्तीसगढ़ शासन

मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय योजना

- नगरीय निकायों के विभिन्न वार्डों में मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय के माध्यम से समय सीमा में जन समस्याओं का निराकरण
- स्वच्छता व पर्यावरण, स्ट्रीट लाइट, जल प्रदाय, सामुदायिक भवन आरक्षण, लायसेंस व कर संबंधी कार्य आदि सभी का निराकरण एक छत के नीचे

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ संवाद/ आर.ओ. 24071/1